ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



कृति सेनन ने 'आदिपुरुष' ट्रोलर्स को दिया... पेज 12 पर

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 21 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 138 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

### मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों के स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना की, कहा

# भगवान जगन्नाथ का बना रहे आशीर्वाद



### धुर्वा के जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हुए राज्यपाल और मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

धुर्वा का ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला मंगलवार को शुरू हो गया। मेले की शुरूआत से पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रांची सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, राजेश कच्छप, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित अन्य ने भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली तथा प्रगति की प्रार्थना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को भक्ति एवं समर्पण का पर्व रथयात्रा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य में चाहे जो भी परिस्थिति हो रथयात्रा का यह उत्सव पूरे हर्सोल्लास से मनाया जाता है। यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। आज के इस शुभ अवसर पर मुझे रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आज भी राज्यपाल के साथ कई सारे जनप्रतिनिधि यहां उपस्थित हुए, आज इस घड़ी में लोगों का उत्साह देखते ही बनता है, लोगों के चेहरे पर खुशी है आज के अवसर पर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद राज्य की जनता पर बना रहे, यह मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं।

जगन्नाथपुर मेला 29 जून तक आयोजित है। राज्य सरकार (सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखंड) की ओर से इस मेले के दौरान जगन्नाथ महोत्सव का आयोजन किया गया है। राज्य की स्थानीय, चर्चित लोककला का आनंद मेले परिसर में आने वालों को मिलना है। इसके लिए खास मंच बनाये गये हैं। कलाकार लोक गीत, नृत्य, सुगम संगीत, नृत्य नाटिका, मॉडर्न नागपुरी सहित अन्य विधाओं की प्रस्तुति अलग-अलग समय पर देंगे। महोत्सव के जरिये राज्य की लोक कला और अन्य विधाओं को जीवंत करने का प्रयास किया गया है। पद्मश्री मुकुंद नायक, मधु मंसूरी हंसमुख के अलावे देवदास विश्वकर्मा, मनपूरन नायक, महावीर नायक जैसे कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।



रांची के जगन्नाथपुर मंदिर से मंगलवार को ऐतिहासिक रथ यात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, बलराम व बहन सुभद्रा के रथ को खींचने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सहित श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

### सीएम ने राष्ट्रपति को दी जन्मदिन की बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव में एक संथाली आदिवासी परिवार में हुआ था। मुख्यमंत्री सोरेन ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है- देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## झारखंड के 15 जिलों में मॉनसूनी बारिश के बीच वज्रपात, 11 की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में 24 घंटे पहले पहुंचे मॉनसून के बादलों ने मंगलवार को रांची सहित राज्य के 24 में से 15 जिलों में झमाझम बारिश कराई है। मॉनसूनी वर्षा के साथ ही राज्य के अलग-अलग इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात की कई घटनाएं हुई हैं, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि, डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। गुमला



जिले में तीन, रामगढ़, रांची, खूंटी और सिमडेगा में दो-दो लोगों की मौत की खबरें मिली हैं। खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड अंतर्गत गुड़गुड़चुआं गांव में वज्रपात से एक साथ 14 लोग घायल हो गए। मौसम केंद्र ने अगले चार दिनों के लिए राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। संभावना जताई गई है कि आगामी 23 जून तक रांची, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी, चतरा, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा, देवघर, धनबाद, चाईबासा, गोड्डा, कोडरमा, सिमडेगा और ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड हाईकोर्ट से जेएसईबी के पूर्व अध्यक्ष की याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मंगलवार को स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना, सिकिदिरी के रखरखाव एवं मरम्मत में 20.87 करोड़ रुपये के हुए घोटाला मामले में झारखंड राज्य बिजली बोर्ड (जेएसईबी) के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र नाथ वर्मा की याचिका खारिज कर दी है। पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।

सीबीआई कोर्ट ने इस मामले में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), भोपाल ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**क्या है मामला**

**स्वर्ण** रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए वर्ष 2011-12 में टेंडर निकाला गया। टेंडर में न्यूनतम 59.75 लाख रुपये एवं अधिकतम 20.87 करोड़ रुपये का आवेदन आया। आरोप है कि जेएसईबी के तत्कालीन अध्यक्ष एवं भेल के तीनों वरीय पदाधिकारियों ने आपराधिक साजिश एवं पद का दुरुपयोग करते हुए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी को काम दे दिया, जबकि कम दर वाली कंपनी ने भी निविदा भरी थी।

### न्यायिक जांच आयोग ने आईएएस एक्का के मामले में मांगे साक्ष्य

**रांची।** मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का मामले में न्यायिक जांच आयोग ने अब 5 जुलाई तक लोगों से साक्ष्य देने को कहा है। पहले इसकी मियाद 15 जून थी। आयोग का कहना है कि इस अवधि तक उम्मीद के अनुसार पर्याप्त लोगों ने प्रमाण के साथ संपर्क नहीं किया। आयोग ने कहा है कि यह अंतिम मौका है। आयोग ने फिर कहा है कि विशाल चौधरी के आवास से राजीव अरुण एक्का के सरकारी फाइलों के निष्पादन से जुड़े वायरल वीडियो से संबंधित किसी तरह का साक्ष्य अगर किसी के पास हो तो वह एक्साइज भवन में स्थित आयोग के कार्यालय में दे सकता है।

## झारखंड सरकार ट्रांसजेंडरों को देगी 1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार राज्य के ट्रांसजेंडरों को सरकार हर माह 1000 रुपए पेंशन देगी। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है, अब इसे कैबिनेट में भेजने की तैयारी की जा रही है। लाभुकों का चयन करने के बाद सरकार पेंशन की राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजेगी। मंत्री जोबा मांझी और विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली कमिटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस योजना के शुरू



होने से राज्यभर के करीब 14 हजार ट्रांसजेंडरों को इसका लाभ मिलेगा।

पिछली वर्ष के चालू वित्तीय बजट में इसका प्रावधान नहीं किया गया था। पर इस साल के अनुपूरक बजट में ट्रांसजेंडर पेंशन मद में राशि का प्रावधान किया जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में ट्रांसजेंडरों की संख्या 11,900 थी, जो कि अब बढ़कर 14 हजार हो गई है। सरकार के अनुसार यह योजना से ट्रांसजेंडरों के पुनर्वास और उनको मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य शुरू किया जा रहा है। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक ट्रांसजेंडरों को सरकारी व्यवस्था में थर्ड जेंडर के रूप में शामिल तो कर लिया गया है लेकिन अभी भी समाज में उनको भेदभाव ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## 22 जनवरी 2024 को होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

### 24 से गर्भगृह में भक्त दर्शन कर सकेंगे

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में निमार्णाधीन राम लला मंदिर जनवरी 2024 में खुल जाएगा। 24 जनवरी से भव्य गर्भगृह में रामलला का दर्शन भक्तों को मिलने लगेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मकर संक्रांति से शुरू होगा। यह गर्भगृह में रामलला को विराजित करने पीएम अयोध्या आएंगे। 161 फीट ऊंचे दिव्य-भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की तिथि सामने आ गयी है। एक न्यूज चैनल को दिए गए साक्षात्कार में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि दिसंबर 2023 तक राम मंदिर भक्तों के दर्शन लायक बन जाएगा। तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का काम पूरा हो चुका है। बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मकर संक्रांति के बाद होनी चाहिए। ऐसे में 14-15 जनवरी 2024 से 24 जनवरी के बीच रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न कर लिया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 10 दिवसीय होगा।

### अश्वगंधा की मदद से कोरोना वायरस को निशाना बनाने वाली प्रणाली विकसित

# कोरोना के खिलाफ जंग में एक और मुकाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में एक और मुकाम हासिल किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने यह काम कर दिखाया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि अश्वगंधा से कोरोना वायरस को रोका जा सकता है। अश्वगंधा से प्राप्त हुआ एक खास तत्व सीधे उन प्रोटीन पर हमला करता है, जिनसे कोरोना वायरस का निर्माण होता है। विश्वविद्यालय की इस नई खोज को अंतरराष्ट्रीय जर्मन पेटेंट प्रदान किया गया है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मुताबिक, अश्वगंधा से प्राप्त एक नए




एंटीवायरल अणु, सोमिनोन, ने कोरोना वायरस के संबंध में उल्लेखनीय रूप से 96 प्रतिशत निषेध का प्रदर्शन किया है। सोमिनोन के अद्वितीय गुणों की पहचान करने और उनका दोहन करने के लिए यह अनुसंधान दल पिछले तीन वर्षों से अथक प्रयास कर रहा है। इस महत्वपूर्ण सफलता ने एक ऐसी प्रणाली के विकास को प्रेरित किया है, जो कोरोना वायरस के अस्तित्व के लिए आवश्यक तीन महत्वपूर्ण प्रोटीन को निशाना बनाती है।

कोविड पर सेन्टर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर्स, तथा प्राणी विज्ञान विभाग, विज्ञान संस्थान, के शोधकर्ताओं ने एक महत्वपूर्ण खोज की है। इसके तहत सार्स सीओवी-2 वायरस के विरुद्ध सोमिनोन फाइटोमोलेक्यूल की त्रि-लक्ष्य एंटीवायरल गतिविधि की पहचान की गई है, जिसके लिए बीएचयू को जर्मन पेटेंट प्रदान किया गया है।

प्रो. परिमल दास के नेतृत्व वाली शोधकर्ताओं की टीम में प्रशांत रंजन, नेहा, चंद्रा देवी, डॉ. गरिमा जैन और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भाग्यलक्ष्मी महापात्र शामिल हैं।

विश्वविद्यालय का कहना है कि इस शोध को अंतरराष्ट्रीय पेटेंट मिलना एंटीवायरल अनुसंधान के क्षेत्र को आगे बढ़ाने की शोध टीम की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में बड़ा कदम है। यह पेटेंट कोविड-19 के लिए प्रभावी उपचार विकसित करने में अभिनव ध्ष्टिकोण और शोध के संभावित प्रभाव को परिलक्षित करता है। परियोजना के प्रमुख अन्वेषक प्रो. परिमल दास ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हम सोमिनोन पर अपने शोध के लिए दूसरा अंतरराष्ट्रीय पेटेंट प्राप्त करने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### विष्णु अग्रवाल करेंगे ईडी के सवालों का सामना

## वकील-जेल अधीक्षक को भी समन जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल बुधवार को ईडी के सवालों का सामना करेंगे। ईडी रांची के चेशायर होम रोड की जमीन डील को लेकर विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करेगी। बुधवार को दिन के 11 बजे विष्णु अग्रवाल को ईडी के जोनल ऑफिस में हाजिर होना है।वहीं दूसरी तरफ ईडी ने एक बार फिर रांची के जेल अधीक्षक हमीद अख्तर को भी पूछताछ के लिए समन जारी किया है।

### फर्जी कागजात के आधार पर जमीन खरीदी गई

दरअसल, रांची के चेशायर होम रोड की जमीन विष्णु अग्रवाल ने प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव से खरीदी थी। जमीन के फर्जी कागजात अफसर अली ने




कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर बनाए थे। इस मामले में विष्णु अग्रवाल की भूमिका भी सामने आई है। इसी को लेकर ईडी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले मई महीनें में भी ईडी ने विष्णु अग्रवाल को समन किया था, लेकिन तब स्वास्थ्य कारणों से उनसे पूछताछ नहीं हो पायी थी। जबकि ईडी ने चार्जशीट में यह जिक्र किया है कि जमीन के फर्जीवाड़े में जो गिरोह शामिल था, उस गिरोह के सदस्य अफसर अली ने विष्णु अग्रवाल के द्वारा खरीदी गई जमीन में फर्जीवाड़े की जानकारी ईडी को दी है। ईडी को अफसर अली ने बयान दिया है कि चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन के फर्जी कागजात बनाए जाने के बाद उसके सहयोगी इम्तियाज अहमद ने इस जमीन की रजिस्ट्री प्रेम प्रकाश के करीब पुनीत भार्गव को की, इम्तियाज ने यह रजिस्ट्री 1.78 करोड़ में करने की बात डीड में दिखायी। बाद में पुनीत भार्गव ने इस जमीन की रजिस्ट्री 1.80 करोड़ में विष्णु अग्रवाल और उनकी पत्नी को बेच दी। दरअसल विष्णु अग्रवाल हर उस जमीन के पीछे सफेदपोश की तरह थे जिस पर आलीशान मल्टीप्लेक्स बनाए जाने की संभावनाएं थी। वहीं, ईडी ने सेना जमीन मामले में जयंत कर्नाड के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### पारंपरिक योग नामक पुस्तक का किया गया विमोचन

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बंगाल की भूमिका अहम : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ परिणीता सिंह एवं डॉ अर्चना कुमारी द्वारा लिखित योग पुस्तक 'पारंपरिक योग' का विमोचन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा राजभवन में किया गया। डॉ परिणीता सिंह ने बताया कि योग पर आधारित यह हमारी तीसरी पुस्तक है, इससे पहले 'योग एक दृष्टि में' और 'अभ्यासम' नामक पुस्तकें भी हमने लिखी हैं। उन्होंने कहा कि हम इस पुस्तक के द्वारा भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी निष्ठा को व्यक्त करना चाहते हैं। यह पुस्तक सभी आयु वर्ग के लिए उपयोगी है। डॉ अर्चना कुमारी ने कहा 'पारंपरिक योग' में योग के सूक्ष्म ज्ञान को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों रूप में बतलाने का प्रयास किया गया है। इस पुस्तक में सरल भाषा का प्रयोग किया गया है जिसे कोई भी आसानी से समझ सकता है। इस विमोचन कार्यक्रम में आयुष के निर्देशक डॉ फजलुस शमी एवं डॉ राजीव कुमार भी उपस्थित थे। फिलवक्त डॉ परिणीता सिंह रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ योगा में गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्यरत है एवं डॉ अर्चना कुमारी राज्ययोग केंद्र, आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार में योग प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत है। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल का अहम योगदान रहा है। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ पश्चिम बंगाल विचारों, कलाओं और परंपराओं का गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्व तंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का योगदान अद्वितीय रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस भूमि ने कई महान विचारक, लेखक, कवि व क्रांतिकारी प्रदान किए हैं जिन्होंने अमिट छाप छोड़ी है। राज्यपाल महोदय आज राज भवन में आयोजित पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने उपस्थित अतिथियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि झारखण्ड राज्य के विकास में आप सभी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, फिर भी अनेक विभिन्नताओं के बावजूद हम सब एक हैं। 'विविधता में एकता' हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं की भाषा, संस्कृति के साथ दूसरे की भाषा व संस्कृति का भी सम्मान करना चाहिए। इस दिशा में ₹एक भारत, श्रेष्ठ भारत₹ हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की एक दूरदर्शी पहल है जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों के मध्य आपसी एकता को और प्रगाढ़ करना व सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

### बेड़ो में आंधी के साथ वज्रपात में दो बैल की मौत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हुटार और नेहालु पंचायत के लठेया टोली में मंगलवार की दोपहर जोरदार हुई आंधी तूफान के साथ भीषण वज्रपात की चपेट में आने से लठेया टोली के बुद्धू उरांव और जतरू उरांव का एक एक बैल वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि जामटोली के हुटार और नेहालु के लठेया टोली में आंधी तूफान से कई घरों के छप्पर उड़ गए। जामटोली के हुटार गांव निवासी कुसमी देवी पति बिरसा उरांव के कच्चे मकान का सभी एस्बेस्टस जोरदार आंधी तूफान में उड़कर पूरी तरह बर्बाद हो गया। इससे कुसमी देवी के समक्ष अपने परिवार के साथ सर छुपाने को लेकर एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। मंगलवार की दोपहर हुई जोरदार आंधी तूफान के बाद घर के उड़े छप्पर का मुआयना करने पहुंचे स्थानीय पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने और उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा नेहालु पंचायत के बुधवा मांझी के घर के समीप का पेड़ का डाली गिर जाने से साइकिल समेत मोटर वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

## श्री श्याम मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को रथयात्रा के शुभ अवसर पर खाटूनरेश बजरंगबलि शिव परिवार लड्डू गोपाल शालिग्राम व गुरुजनों को नवीन वस्त्र पहनाकार फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। कोलकत्ता से मंगाए गए लाल गुलाब पीला गेंदा गुलबहार राजनीगंधा सन ऑफ इंडिया तुलसीदल फूलों की मोटी मोटी मालाओं से सजावट की गई। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा व मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी श्रृंगार अनुष्ठान संपन्न किया। श्रवण तोदी सविता तोदी विसांत तोदी व स्नेहा तोदी ने सभी वस्त्र श्रृंगार व पंचमेवा भोग की सेवा निवेदित की। श्रृंगार आरती प्रातः 8.30 बजे हुई, बड़ी संख्या में भक्तजन ने भाग लिया।

## झारखंड आंदोलनकारी मोतीलाल महतो का निधन, श्राद्ध कर्म कल



**मुरी।** झारखंड आंदोलनकारी के कद्दावर नेता मोती लाल महतो का 12 जून निधन हो गया था। उनका पैतृक गांव रांची जिला के सिल्ली थाना अंतर्गत सिंगपुर कांटाडीह है। विगत कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे। अपने पीछे वे पत्नी और तीन पुत्री छोड़ गए ,उनमें से एक बड़ी पुत्री का विवाह हो गया है। उन्होंने विनोद बाबू, निर्मल महतो, शिबू सोरेन, शैलेंद्र महतो, राजकिशोर महतो,कृष्णा मारदी, सूर्य सिंह बेसरा, सूरज मंडल, सुधीर महतो, अर्जुन राम महतो और सुदेश कुमार महतो के साथ मिलकर उन्होंने झारखंड अलग राज की लड़ाई लड़ा था । समाज सुधार की दिशा में भी उनका बड़ा योगदान था । वे कुड़मी करम आखड़ा के संरक्षक थे। शिक्षा जगत में उन्होंने सिल्ली मुरी इलाका के ख्याति प्राप्त स्कूल आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी की नीव रखी थी। वे इस स्कूल के संस्थापक और सेक्रेटरी भी थे। उनके निधन से आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई । गरीब और असहाय आदमी की उन्होंने अपने जीवन में सेवाएं की थी। उनके सराहनीय काम और योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

# योग से मन को शांति मिलती है : निर्मला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उससे पूर्व दिन आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान, हरमू रोड में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित हूण्डई मोटर्स के अमरजीत जी ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि भारत योग के क्षेत्र में विश्व गुरू बनेगा। आज पूरा विश्व भारत कि ओर देख रहा है राजयोग द्वारा मनुष्य का मानसिक तनाव दूर होता है, मन को शांति मिलती है और मस्तिष्क को तथा शरीर को भी आराम मिलता है। आज पूरा विश्व भारत की प्राचीन प्रद्धति योग पर पुनः लौट रहा है। सभी को लगने लगा है कि सिर्फ और सिर्फ राजयोग द्वारा ही मानव शरीर व मन का सम्पूर्ण इलाज संभव है। इसमें सभी जबतक एक जूट होकर प्रयास नहीं करेंगे तबतक यह कार्य पूर्ण नहीं होगा। कार्यक्रम में उपस्थित कविता मुखर्जी, शिक्षिका डी०ए०वी० ने कहा कि योग का अर्थ ₹जोड़ना₹ अथवा मिलाप, आध्यात्मिक चर्चा में योग शब्द का भावार्थ आत्मा का परमात्मा से संबंध जोड़ना अथवा परमात्मा से मिलन मनाना है। कई ग्रन्थकार कहते हैं कि योग का अर्थ है चित्त की वृत्तियों का निरोध₹ । वास्तव में चित्त को एकाग्र करना योग का एक जरूरी अंग है लेकिन केवल वृत्ति निरोध ही को योग मानना ठीक नहीं है। वृत्तियों को रोककर परमात्मा में एकाग्र करना जरूरी है तभी उसे योग कहा जायेगा।

### भाई व बहन संग मौसी घर गये भगवान जगन्नाथ

# नौ दिन बाद लौटेंगे मुख्य मंदिर



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

राजकिले की ऐतिहासिक रथयात्रा पूजा व मेले में मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शाम 4: 30 बजे स्वामी जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर मौसी के घर चले गये। इस बीच भगवान की जयकारे से वातावरण गूंज उठा। किला स्थित जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने देवी देवताओ की पूजा अर्चना की। प्रसाद वितरण में भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा अनुष्ठान राजपुरोहित भोला शंकर मिश्र समेत अन्य पुजारियो ने कराया। नौ दिनों की विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ मुख्य मंदिर लौट आयेंगे। मेले में सभी तरह की दुकाने सजी थी। मेलार्थियों ने घरेलु चीजो के अलावा चौउमिन, आम, व मिठाई की जमकर खरीदारी की। ठेला खोमचा वालो की चांदी रही। श्री साईं स्वयंसेवी संस्था की ओर से मेले में नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गए थे।सीएचसी की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया गया था। किला प्रबंधन ने पेयजल का इंतजाम किया था। शांति समिति के सदस्यों की ओर से मेलार्थियों के आराम के लिए भी शिविर लगाया गया था। मेले में मौत का कुआं व झूले का लोगो ने खूब आंनद उठाया। पाबंद के बावजूद मेले में मांस , मछ्ली व शराब की जमकर बिक्री हुई।

**सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम :** पूजा व मेले में सुरक्षा की कड़े इंतजाम किये गये थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व रातू थानेदार सपन कुमार महथा ने संभाली। मेले में जगह जगह सीसी टीवी कैमरे लगाये गये थे।

### श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक भगवान के रथ को खींचते हुए पहुंचाया मौसी बाड़ी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक ईटाचिल्द्री और चनकोपी गांव में मंगलवार को रथयात्रा महोत्सव के दौरान आस्था और भक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रखंड के दो अलग अलग जगह पर रथयात्रा महोत्सव के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुगण अहले सुबह ही भगवान जगन्नाथ स्वामी के मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा-अर्चना को लेकर दिन भर लगी रही। वही दिन भर भगवान जगन्नाथ स्वामी बहन बलभद्र और भाई सुभद्रा की पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर गांवों से लोग मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ बहन बलभद्र और भाई सुभद्रा की वैदिक अनुष्ठान के साथ पूजा अर्चना किए। इसके अलावा मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ईटाचिल्द्री रथयात्रा महोत्सव अपने समर्थकों के साथ पहुंच कर भगवान जगरनाथ स्वामी बहन बलभद्र और भाई सुभद्रा का वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजा अर्चना कर माथा टेका। जहां उन्होंने कलयुग के देवता भगवान जगन्नाथ स्वामी से क्षेत्र की जनता की खुशहाली को लेकर कामना की। इसके पूर्व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने मेला परिसर में आए हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान ने जिस तरह इंसानों को बनाया है इंसान भी भगवान के बनाए रास्ते पर चले और अच्छे कर्म करें।

# सड़क हादसे में मां घायल, बच्ची की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

रातू थाना क्षेत्र के मुरगू पुल के पास सड़क हादसे में एक ढाई साल की बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। बच्ची चान्हो थाना क्षेत्र के ककरगढ़ निवासी जयंत सिंह की पुत्री थी। जानकारी के मुताबिक जयंत सिंह अपनी पत्नी व बच्ची के साथ मंगलवार की दोपहर अपनी बाइक जेएच01बीवाई- 4843 में सवार होकर मेला देखने रातू जा रहे थे। दिन के 3 बजे जैसे ही वह मुरगू पुल के पास पहुंचे जर्जर सड़क के कारण बाइक रास्ते मे गिर गयी। इसके उपरांत विपरीत दिशा से आ रहे एक टेलर एनएल01एसी-6595 ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाइक में सवार जयंत की ढाई साल की पुत्री रितिका कुमारी की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वही पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।वही मृतिका की मां को अस्पतला पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस टेलर को जब्त कर थाना ले आयी है। जर्जर सड़क के कारण एक सप्ताह में तीन मौतः मुरगू स्थित एनएच 75 की हालत बहुत ही खराब है। सड़क बनाने के लिए सड़क को खोद दिया गया है ।परंतु सड़क बनाने का काम बहुत ही धीमी गति से हो रहा है।एक सप्ताह पहले ही जर्जर रोड के कारण चितरकोटा के रहने वाले दो लोगो की मौत सड़क हादसे में हो गयी थी। आज फिर उसी रास्ते मे जर्जर सड़क के कारण तीसरी मौत हो गयी है। सड़क जल्द बनाने की मांग को लेकर ग्रामीण सड़क में उतरे थे परन्तु सुनने वाला यहाँ कोई नही है। सड़क नही बनने पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### राजधानी के कई इलाके एक घंटे की बारिश में जलमग्न

**रांची।** एक घंटे की बारिश के दौरान मंगलवार को राजधानी रांची के कई इलाके जलमग्न हो गए। शहर के कई इलाके में दिन के तीन बजे से हुई तेज बारिश से रांची नगर निगम की नालियों की शत प्रतिशत सफाई के दावे की पोल खुल गई। करीब एक घंटे के बाद बारिश जब थमी तो शहर का दूसरा रूप सामने आया। बंद पड़ी नालियों से दुर्गंधयुक्त गंदा पानी सड़कों पर बह रहा था। कई इलाकों में जलजमाव हो गया, जिस कारण आमजन को परेशानी हुई। सबसे ज्यादा परेशानी स्लम एरिया में रहने वाले एवं नई बसी बस्तियों व कॉलोनी के वाशिंदों को हुई। लालपुर रोड, सेवा सदन पथ, अपर बाजार, रातू रोड, कांके रोड, हरमू रोड, बरियातू रोड समेत अन्य इलाकों के दर्जनों घरों में भी नाली का पानी घुस गया।

### खतियान आधारित नियोजन नीति की मांग

# पूर्व विधायक ने 2709 किमी का मैराथन किया पूरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दौड़ेंगे हम, दौड़ेंगे आप, दौड़ेगा झारखंड के तहत सिल्ली विधानसभा के 48 पंचायत समेत झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक अमित महतो ने मैराथन दौड़ लगाकर लोगों को जागरूक किया। विगत 11फरवरी से 19जून (129 दिन) तक खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति की मांग को लेकर सिल्ली के पूर्व विधायक सह-केजेपी के केन्द्रीय अध्यक्ष अमित महतो ने प्रतिदिन 21 किलोमीटर की दौड़ के साथ सोमवार (19जून) को 2709 किलोमीटर की दूरी दौड़ कर पूरा किया। इस मुहिम में अमित महतो के साथ काफी संख्या में युवा राजधानी की सड़कों पर दौड़ते नजर आए। दौड़ की शुरूआत बापू वाटिका मोरहाबादी से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक, राजेन्द्र चौक, हिनू चौक से होते हुए पुनः राजेन्द्र चौक,पुराना हाईकोर्ट होते हुए सदाबहार चौक से लेकर चुटिया जाकर समाप्त हुई। मेराथन दौड़ के समापन के बाद समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री महतो ने कहा कि हेंमत सोरेन की सरकार चार वर्षों में अबतक कोई भी स्पष्ट नियोजन नीति नहीं बना पायी है और न ही बनाने की उनकी कोई मंशा दिखाई देती है। उनकी गलत नीतियों के कारण खतियानधारी युवा हताश व निराश हैं। क्योंकि यही युवाओं ने हेमंत सोरेन को सरकार में बैठाने का काम किया और इन्हीं खतियानधारी युवाओं ठगने का काम कर रही है सरकार। युवाओं में हेमंत सोरेन के खिलाफ काफी आक्रोश है।

### ठगी | पुलिस की कार्रवाई में दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

# नगद समेत फर्जी आधार कार्ड बरामद





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है, साइबर डीएसपी यशोधरा के नेतृव में रांची के गोंदा इलाके में हुई छापेमारी में दो साइबर अपराधी तो पकड़े ही गए है साथ ही छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में फर्जी आधार कार्ड ,एटीएम कार्ड ,चेक -पासबुक ,सिम कार्ड और 1.96 लाख रुपये बरामद किए गए है।

**मकान मालिक की सूचना पर हुई गिरफ्तारी :** गिरफ्तार साइबर अपराधी ब्रह्मदेव पासवान और सोनू कुमार वर्णवाल दोनों ही झारखंड के गिरिडीह जिले के रहने वाले हैं।दोनो रांची के गोंदा थाना क्षेत्र में किराए का मकान ले कर रह रहे थे। दोनों साइबर अपराधियों के गिरफ्तार होने की कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। दरअसल दोनों साइबर अपराधी रीता देवी नाम की महिला के घर मे बतौर किरायेदार पिछले छह महीने से रह रहे थे। इसी बीच उन्होंने रीता देवी के खाते में किराए के आठ हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। पैसे ट्रांसफर होने के कुछ ही दिनों बाद रीता देवी का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया गया। कुछ दिनों के बाद रीता देवी को कोटक महिंद्रा बैंक से नोटिस आया जिसमें लिखा गया था कि आपके अकाउंट को इसलिए फ्रिज कर दिया गया है क्योंकि उसमें साइबर ठगी के पैसे का इस्तेमाल किया जा रहा था। जानकारी मिलने के बाद रीता देवी सीधे गोंदा थाना पहुची और थाना प्रभारी रवि ठाकुर को पूरी बात बताई। मामला संज्ञान में आने के बाद साइबर डीएसपी यशोधरा ने जब पूरे मामले की जांच की तब यह बात निकलकर सामने आई कि रीता देवी के घर मे किरदार के रूप में रहने वाले ब्रह्मदेव और सोनू कुमार दोनों साइबर ठग है। दोनों ने गुजरात के एक कारोबारी से ठगी कर पैसे अपने खाते में डाले थे और फिर उसी बैंक खाते से आठ हजार रुपये रीता देवी को किराया के रूप में भुगतान कर दिया।

**छापेमारी कर किया गया गिरफ्तार :** मामला के होने के बाद तुरंत साइबर डीएसपी यशोधरा और गोंदा थाना प्रभारी ने रीता देवी के घर मे किरायेदार बन कर रह रहे साइबर अपराधियो के यहां छापेमारी की और दोनो को मौके से ही धर दबोचा। पूछताछ में दोनों साइबर अपराधियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने राज्य के अलग-अलग हिस्सों से लाखों रुपए की ठगी की है।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी पेट्रोल पंप के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर मंगलवार को अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन के द्वारा पीछे से धक्का मार दिए जाने पर एक बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बेड़ो पहुचाया। घायलों में 40 वर्षीय गोबरा उरांव पिता स्व रेला उरांव 24 वर्षीय तोरण कुमारी पिता विकास उरांव व 17 वर्षीय मेघा कुमारी पिता गोबरा उरांव है तीनों शकरपुर देव गांव लापुंग निवासी है। जहां डा एल एन दास ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तोरण कुमारी को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल गोबरा उरांव ने बताया कि वे तीनों बाइक से ईंटा चिल्द्री रथ मेला देखने जा रहे थे तभी पुरना पानी के पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने इन्हें पीछे से धक्का मार दिया जिससे वे सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/गुमला**

भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के पूर्व आज मंगलवार 20 जून, 2022 को नर्सिंग कौशल कॉलेज, गुमला में ₹योग फॉर वसुधैव कुटुंबकम्₹ एवं ₹हर आंगन योग₹ विषय पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं आदि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नर्सिंग कौशल कॉलेज की डीन मेजर नीरजा केरकेट्टा, लाइफ स्टाइल फैकल्टी श्रीमती सुमिता चैटर्जी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री संतोष झा, शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान उपस्थित थी। मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने बताया कि संपूर्ण विश्व के लोगों ने योग के महत्व को स्वीकार करते हुए पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया था। इसी क्रम में 21 जून को प्रातः 6 बजे से कौशल नर्सिंग कॉलेज, सदर अस्पताल परिसर में रैली एवं योग सत्र का आयोजन किया जाएगा जिस में गुमला सिविल सर्जन डॉक्टर राजू कच्छप, नर्सिंग कौशल कॉलेज के डायरेक्टर कर्नल डॉक्टर बी. के. मल्लिक, योग परिवार गुमला के अध्यक्ष अशोक जयसवाल आदि अतिथिगण उपस्थित होंगे। भारत सरकार की ओर से अधिकारियों, कर्मचारियों और साथ ही कॉलेज के शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं छात्राओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस के इस वर्ष का थीम है ₹योग फॉर वसुधैव कुटुंबकम्₹ और ₹हर आंगन योग। नर्सिंग कौशल कॉलेज की डीन मेजर नीरजा केरकेट्टा ने कहा कि योग दिवस का मुख्य उद्देश्य है कि एक जन आंदोलन जागृत कर लोगों को स्वस्थ तथा तनावरहित रहने के लिए प्रेरित करना। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष झा ने कहा कि ₹योग रखे निरोग₹ को ध्यान में रखते हुए हर व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए।

## धान बेचने वाले किसानों को अब तक सरकार ने नहीं किया भुगतान

# मॉनसून ने दी दस्तक, किसानों में चिंता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के 29 हजार से ज्यादा किसानों के चेहरे पर मायूसी है। इसकी वजह है धान खरीदारी के पांच महीने बाद भी सरकार की ओर से धान की बकाया राशि 163 करोड़ का भुगतान न होना। किसान ये सोचकर चिंतित हैं कि मानसून ने दस्तक दे दी और अभी भी पैसे नहीं मिले तो वे इस साल फसल के लिए जुताई, कोड़ाई, बीज-खाद कैसे खरीदेंगे। इन किसानों ने सरकार की ओर स्थापित 617 क्रय केंद्रों के जरिये अपने धान बेचे थे। झारखंड सरकार ने राज्य के किसानों से 36 लाख क्विंटल धान की खरीदारी का लक्ष्य रखा था, लेकिन वास्तविक खरीदारी 17.25 लाख क्विंटल धान की हुई जो लक्ष्य का 47.52 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक राज्यभर में 2 लाख 29 हजार 814 किसानों ने धान बेचने के लिए लैंपस में अपना पंजीकरण कराया था, लेकिन इनमें से 31 हजार 855 किसानों से ही धान लिया गया। इसके एवज में किसानों का 3 अरब, 53 करोड़, 63 लाख और 76 हजार रुपये का भुगतान करना था। पर विभाग की ओर से अब तक एक अरब 90 करोड़ 48 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया है। यह कुल भुगतान का 53.86 प्रतिशत है। धान बेचनेवाले 31 हजार 855 किसानों में से 31 हजार 821 किसानों को पहली किस्त के रूप में एक अरब 75 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं, दूसरी किस्त के रूप में 2832 किसानों को 14 करोड़ 50 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। 2786 किसानों को बोनस के रुप में 13 लाख 95 हजार से अधिक का भुगतान किया गया है। राज्य में 34 किसान ऐसे भी हैं जिन्हें न तो पहली और न ही दूसरी किस्त का भुगतान किया गया है। जानकार बताते हैं कि राज्य के कई लैंपस ऐसे हैं जहां से धान का उठाव भी नहीं हुआ है। ऐसे में मानसून के नजदीक आते ही ऐसे किसानों की परेशानी बढ़ गयी है जो विभाग से बकाया भुगतान की उम्मीद लगाकर बैठे हैं। हालांकि झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन के एमडी यतींद्र प्रसाद ने किसानों के बकाये का जल्द भुगतान का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि अब मिल में चावल आ रहा है और किसानों की राशि का भुगतान जल्द कर दिया जायेगा।

## मुख्यमंत्री को आयुष निदेशक ने योग दिवस का लगाया बैज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयुष निदेशक झारखंड डॉ. फजलुस शमी एवं संयोजक झारखंड राज्य आयुष परामर्शदात्री समिति डॉ. राजीव कुमार ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची के मेकन स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को डॉ. फजलुस शमी एवं डॉ. राजीव कुमार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का बैज लगाया। साथ ही मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि योग दिवस पर मेकन ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग चार हजार लोग एक साथ शामिल होंगे। राज्य के प्रत्येक जिले में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उन्हें झारखंड के प्रत्येक जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किए जाने पर शुभकामनाएं दीं।

## दिवंगत शिक्षा मंत्री की पत्नी और पुत्र ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी और पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस मुलाकात को लेकर हालांकि न तो झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से और न ही पूर्व शिक्षा मंत्री की पत्नी और पुत्र की ओर से कोई बयान जारी किया गया है। बावजूद इसके यह कयास लगाए जा रहे हैं कि डुमरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी चुनाव लड़ेंगी या बेटा, अभी तय नहीं है। पार्टी जल्द करेगी इसकी घोषणा। उम्र को लेकर असमंजसः पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन से खाली हुई सीट पर उपचुनाव होना है। ऐसे में यह भी चर्चा में है कि अखिलेश महतो अभी 25 वर्ष के नहीं हुए हैं। विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र 25 वर्ष होना जरूरी है। पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि कुछ महीनों में उनकी उम्र 25 वर्ष हो जाएगी। ऐसे में पार्टी के लिए दुविधा वाली स्थिति यह है कि अबतक गृहणी रहीं बेबी देवी को चुनाव मैदान में उतारा जाए या फिर पुत्र अखिलेश महतो को।

## हाई कोर्ट भवन परिसर में योग शिविर आज




**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्री के मेंबर, हाई कोर्ट के कर्मी योगा कार्यक्रम में शामिल होंगे। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने मंगलवार को बताया कि धुर्वा स्थित हाई कोर्ट के नए भवन में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर योगा कैंप का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 21 जून को सुबह 6:30 बजे प्लाजा, सेरिमोनियल गेट के नजदीक, धुर्वा स्थित हाई कोर्ट के नए भवन में होगा।
योगा कैंप के लिए हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्री के मेंबर और हाईकोर्ट के कर्मी को आमंत्रित किया गया है।इसके अलावा हाई कोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी योगा कैंप में आमंत्रित किया गया है। रजिस्ट्रार जनरल ने बताया कि भारत सरकार के लॉ एंड जस्टिस मंत्रालय की ओर से भी कानून मंत्री ने झारखंड के हाई कोर्ट एवं डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर योग कार्यक्रम के आयोजन करने को लेकर पत्र लिखकर अनुरोध किया है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर जांच शुरू की

# पोस्टमार्टम के बाद होगा खुलासा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र रहे राहुल मिंज की मौत के रहस्य पर से फॉरेंसिक पर्दा उठाएगी। राहुल की मौत स्वाभाविक थी या फिर उसकी हत्या की गई थी इसकी जांच शुरू कर दी गई है। मंगलवार को मामले की तफ्तीश के लिए राहुल मिंज के शव को कब्र से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया।
**क्या है पूरा मामला :** राहुल मिंज की मौत बीते वर्ष 2 जून को हो गई थी , जिसके बाद उसके शव को लालपुर थाना क्षेत्र के सरईटांड स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया गया था , लेकिन मामले में नया मोड़ तब आ गया जब राहुल की बहन कुसुम मिंज ने अपने भाई की हत्या की आशंका जताते हुए पूरे मामले की जांच के लिए हाई कोर्ट पहुच गई । हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद राहुल के मौत मामले में रांची के लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई ।अब शव का फॉरेंसिक जांच यह यह साबित करेगा कि राहुल की मौत स्वाभाविक मौत है या फिर किसी साजिश के तहत राहुल की हत्या की गई है।
**बहन ने कहा, भाई की हत्या हुई है :** राहुल की बहन कुसुम मिंज ने बताया कि उसका भाई दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर चुका था, फिलहाल वह नौकरी के लिए तैयारी कर रहा था। पिछले साल दो जून को वह एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए अपने कुछ दोस्तों के साथ गया हुआ था , शादी समारोह के दौरान ही अचानक उसकी मौत हो गई। उस समय में बताया गया कि अत्यधिक शराब पीने की वजह से राहुल की मौत हो गई है। लेकिन शव को देख ऐसा नहीं लग रहा था। साजिश की आशंका होने के बावजूद को शव को दफन कर दिया गया था , लेकिन राहुल की बहन ने खुद मामले की तफ्तीश की तो उसे यह जानकारी मिली कि कहीं न कहीं उसके भाई के मौत के पीछे एक बड़ी साजिश है। अपने भाई के मौत के साजिश के खुलासे के लिए कुसुम झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गई जिसके बाद कोर्ट के आदेश के बाद रांची के लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और फिर मंगलवार को शव को कब्र से निकालकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया।

## चोरी की बोलेरो के साथ दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**रांची।** बेड़ो थाना पुलिस ने चोरी के दो बोलेरो के साथ दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में छत्तीसगढ़ के जसपुर निवासी मो राशिद और लोहरदगा के अयाज अंसारी शामिल हैं। इनके पास से दो चोरी किये गये बोलेरो वाहन बरामद किया गया है। इसमें एक बोलेरो में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार विभाग निदेशक आयुष झारखंड सरकार का बोर्ड पाया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बेड़ो थाना क्षेत्र के केसा मोड़ के समीप एक व्यक्ति चोरी का बोलेरो लेकर खड़ा है। सूचना के बाद बेड़ो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी कर बोलेरो पर सवार व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस बोलेरो में लगा नंबर पेट्रोल पंप के पास से चोरी किये गये बोलेरो का है। पेट्रोल पंप के पास से चोरी किये गये बोलेरो को लोहरदगा में कबाड़ी दुकान में काट दिया गया। इसके निशानदेही पर इसके एक अन्य साथी को लोहरदगा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चोरों ने पूछताछ के क्रम में अरगोड़ा, डोरंडा, बेडो , कोतवाली थाना क्षेत्र से बोलेरो एवं लालपुर थाना क्षेत्र से टाटा सुमो गोल्ड वाहन की चोरी करने की बात स्वीकार की है।

## प्रदेश भाजपा सभी 513 सांगठनिक मंडलों में आयोजित करेगी योग दिवस

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश के सभी 513 सांगठनिक मंडलों में पार्टी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल योग दिवस अब जन-जन का कार्यक्रम बन चुका है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुंबकम् है। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू स्थित पटेल पार्क में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के माउरी भवन में, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भालूबासा जमशेदपुर स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## राजधानी में फिर लगी चलती कार में आग, मची भगदड़



**रांची।** राजधानी में एक बार फिर एक चलती कार में आग लग गई। घटना रांची के सुजाता चौक के पास की है, जहां कार में अचानक आग लग गई। जिसकी वजह से सड़क पर थोड़ी देर के लिए भगदड़ मच गई। किसी तरह ड्राइवर ने कार से बाहर निकल अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह सुजाता चौक के पास एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार को रोककर खुद उसमें से बाहर निकल गया। हालांकि आग तेजी के साथ कार में फैल गई। इस वजह से बाहरी लोगों को मौका नहीं मिला कि वह कार को बचा सके।मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को मामले की जानकारी दी। अग्निशमन विभाग मौके पर 10 मिनट के अंदर पहुंच गया। तब तक कार पूरी तरह से जलकर नष्ट हो चुकी थी। चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि कार बोकारो के फुसरो के रहने वाले उमेश पासवान की है। कार में आग लगने की वजह से थोड़ी देर के लिए ट्रैफिक प्रभावित हुआ था लेकिन पुलिसकर्मियों और दमकल कर्मियों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर सभी के लिए जागरुकता जरूरी : ट्रैफिक एसपी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शहर के ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां ने मंगलवार को मेन रोड स्थित केबी एकेडमी स्कूल परिसर में विभिन्न समाजसेवी संगठनों के साथ बैठक की। इस दौरान ट्रैफिक एसपी ने रोड सेफ्टी के संबंध में चर्चा की। बैठक के बाद एसपी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता जरूरी है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से रोड सेफ्टी पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में आने के बाद से वह प्रशासन-पुलिस के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवियों से भी विचार-विमर्श कर रहे हैं। उनका मकसद है कि पुलिस और समाज क्या चाहती है, क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए। कैसे कमियों को दूर किया जा सकता है, उस पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभिन्न संस्था से जुड़े समाजसेवियों ने एक-एक कर के अपनी बात रखी। सभी को सुनने के बाद ट्रैफिक एसपी ने कहा अभियान चलाकर कार्रवाई होती है लेकिन जब तक लोगों में स्वयं जागरुकता नहीं आएगी तब तक अकेली पुलिस भी कुछ नहीं कर सकती। आए हुए सभी लोगों का स्वागत समाजसेवी डॉक्टर असलम परवेज ने किया। डॉक्टर असलम परवेज ने आए हुए विभिन्न संस्था के प्रतिनिधियों से कहा कि हम सबको मिलकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए अपने नौजवानों को यातायात के प्रति जागरूक करना है। एक टीम की तरह हम सब को मिलकर काम करना है।

## भाजपा विकास के लिए समर्पित : लक्ष्मीकांत

**रांची।** महा जनसंपर्क अभियान को गति देने के लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी मंगलवार को रांची पहुंचे। उन्होंने विशिष्ट जनों से मुलाकात कर मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए तीसरी बार मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा। डॉ वाजपेयी ने रांची महानगर के हातमा बस्ती निवासी प्रसिद्ध पाहन जगलाल उरांव, पुरानी रांची में अवकाश प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक अतुल केरकेट्टा, हिंदपीढ़ी में पूर्व चेंबर अध्यक्ष अरुण बुधिया तथा गंगा नगर में प्रसिद्ध व्यवसायी अमीर राय से उनके आवास पर मुलाकात की। नौ साल की उपलब्धियों के पत्रक दिए एवं चर्चा की। डॉ वाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी विकास के लिए समर्पित है। मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। देश के दलित, आदिवासी, वंचित समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं।




# धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

## रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में रही होड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया में 20 जून को श्रद्धा व पारंपरिक उल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई. मेन रोड स्थित पंचदेव मंदिर परिसर में सुबह में भगवान गन्नाथ की पूरे विधि-विधान से पूजा की गई. मंदिर के पुजारी विजय पांडेय ने यजमान अजय गुप्ता व सूरज गुप्ता हाथ पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराए. भगवान के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा. दोपहर बाद जगन्नाथ प्रभु, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के विग्रहों को रथ पर विराजमान कर रथयात्रा शुरू हुई. रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही. भारी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों आस्था की डोर में बंधे रथ को खींचा. रथयात्रा पंचदेव मंदिर से शुरू होकर धर्मशाला रोड, लाल बाजार, लक्ष्मनिया मोड़, बाटा मोड़ होते हुए चार नंबर टैक्सी स्टैंड पहुंची, जहां रथ को तीन दिनों के लिए स्थापित किया गया. इस विशेष अवसर परद चार नंबर टैक्सी स्टैंड में मेले का भी आयोजन किया गया है. यहां तीन दिनों तक भगवान जगन्नाथ समेत तीनों विग्रहों की विशेष पूजा-अर्चना व आरती के बाद भोग लगेगा. चौथे दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को रथ पर सवार कर वापस पंचदेव मंदिर लाया जाएगा. आयोजन को सफल बनाने में समिति के संयोजक विष्णु त्रिपाठी, अजय गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय पांडेय, हरीश जोशी, राजकुमार अग्रवाल, बलदेव पांडेय,अरिदम बनर्जी, मुक्तेश्वर मिश्रा, मुन्ना पांडेय, संजय केसरी, रामश्रेष्ठ झा, लोकेश गुप्ता, कल्लू गुप्ता, शिवम त्रिपाठी, सदाशिव केसरी, डोल केसरी आदि का योगदान रहा.

### 91 वर्ष पहले 1932 में शुरू हुई थी रथयात्रा

झरिया में रथयात्रा 91 वर्ष पहले वर्ष 1932 में शुरू हुई थी. झरिया निवासी अजय गुप्ता ने बताया कि उनके परदादा रामखेलावन साव पुत्र की कामना लेकर वर्ष 1930 में पुरी के जगन्नाथ मंदिर पहुंचे थे. उन्होंने भगवान के दरबार में माथा टेका और पुत्र होने पर रथयात्रा निकालने की मन्न मानी. भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से रामखेलावन साह को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई. इसके बाद उन्होंने काठ का भव्य रथ बनवाया. पहली बार 1932 में आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को रथयात्रा निकाली गई. तब से हर साल रथयात्रा निकाली जाती है.

## गिरिडीह : पुरातन शिवालय से निकली रथयात्रा दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



### भगवान जगन्नाथ के लगे जयकारे

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के आईसीआर रोड स्थित पुरातन शिवालय से 20 जून को भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गई. रथ की सजावट देखते ही बनती थी. श्रद्धालु अपने हाथों से रथ खींचकर ले गए. पूरे रास्ते जय जगन्नाथ के जयकारे लगते रहे. पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ श्रद्धालु भजन-कीर्तन कर रहे थे. जिन-जिन इलाकों से होकर रथयात्रा गुजरी, उन इलाकों में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने के लिए पहले से तैयार खड़े थे. रास्ते में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया. शहर भ्रमण के बाद रथयात्रा छोटकी दुर्गा मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई. मंदिर प्रबंधन ने इस मंदिर को मौसी बाड़ी का रूप दिया था. तीनों विग्रह आगामी नौ दिनों के लिए यहां रख दिए गए. रथयात्रा शुरू होने से पूर्व पुरातन शिवालय में पुजारी सतीश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर तीनों विग्रहों का पूजन किया. रथयात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के राजेंद्र लाल बर्णवाल, दीपक यादव, सुशील सुराना, डब्लू रजक समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. गिरिडीह शहर में अन्य जगहों पर भी रथयात्रा निकाले जाने के समाचार हैं. न्यू बरगंडा स्थित श्रीश्री शारदेशवरी आश्रम से निकली रथयात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. श्रद्धालुओं ने आश्रम परिसर में रथ को अपने हाथों से खींचा. श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया.

## गिरिडीह : जेपी नड्डा 23 जून को 10 बजे दिन में पहुंचेंगे गिरिडीह, जनसभा को करेंगे संबोधित



**गिरिडीह।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 23 जून को गिरिडीह आ रहे हैं. उनके कार्यक्रम के समय में बदलाव किया गया है. अब वे उसी दिन चार घंटे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुचेंगे. इसकी जानकारी कार्यक्रम के प्रभारी बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने प्रेसवार्ता में दी है. कहा कि पहले जेपी नड्डा का दोपहर दो बजे गिरिडीह आने का कार्यक्रम था, लेकिन अब वे 23 जून की सुबह दस बजे ही गिरिडीह पहुंच जायेंगे. नड्डा विशेष विमान से उड़ीसा से रांची पहुंचेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर से गिरिडीह एयरपोर्ट आयेंगे. गिरिडीह एयरपोर्ट का रनवे छोटा होने के कारण उनके विशेष विमान को यहां लैंड नहीं करवाया जा सकता है. इस कारण उनके गिरिडीह आने के समय में बदलाव किया गया है. मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के बेमिसाल कार्यकाल की उपलब्धियों को बताने के जेपी नड्डा गिरिडीह के झंडा मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे. मौके पर पूर्व विधायक निर्भय शहाबादी, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, कामेश्वर पासवान, दिनेश यादव, विनय सिंह, सुभाष सिन्हा, विभाकर पांडेय, संदीप डांगेच सहित कई अन्य लोग मौजूद थे.

## कॉमरेड मलय सरकार का निधन, दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** वामपंथी संगठन से जुड़े कॉमरेड मलय सरकार का निधन मंगलवार को हो गया. वे 72 वर्ष के थे. वे अपने पीछे पत्नी को छोड़ गए है. वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे. उमा हॉस्पिटल जमशेदपुर में उनका इलाज चल रहा था, मंगलवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया. कॉमरेड मलय दा के पार्थिव शरीर को गोपालपुर पंचायत भवन में कुछ देर के लिए रखा गया, जहां कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस दौरान जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, मुखिया शांखी हांसदा,पंसस चन्दना महाकुड़, पीयूष सिन्हा समेत अनेक पंचायत प्रतिनिधि एवं गण्यमान्य लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित की. उसके बाद पांच पांडव स्थित आवास से ह्लकॉमरेड मलय लाल सलामह्व के नारे के साथ शव यात्रा निकाली गयी. उनका स्वर्णरेखा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया. मौके पर सुखलाल हांसदा, तापस चटर्जी, ओमप्रकाश सिंह, गणेश मुर्मू, कालीराम शर्मा, सीमांतो बारीक, मदन मोहन सोरेन, कांचन कर, ज्योति मल्लिक समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

## मां व पत्नी पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**जमशेदपुर।** मऊभंडार ओपी क्षेत्र के गुरुद्वारा लाइन ए ब्लॉक क्वार्टर नंबर 41 निवासी काली चरण पासवान को पुलिस ने मां व पत्नी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है. मंगलवार को पुलिस ने उसे जेल भेज दिया. काली चरण पासवान की मां शोभा पासवान व पत्नी रजनी पासवान की शिकायत पर पुलिस ने उक्त करवाई की. इस संबंध में मऊभंडार ओपी में भादवि की धारा 323, 341, 307, 506 के तहत आरोपी कालीचरण पासवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. मऊभंडार ओपी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि 18 जून की रात में आरोपी ने अपनी पत्नी व मां पर जानलेवा हमला किया था. उसके खिलाफ पहले भी शिकायत मिली थी.

## आदित्यपुर : बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर ने गोदाम में की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझीटोला निवासी दिलीप दंडपात नामक व्यक्ति ने बीती सोमवार की रात अपने गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक पारिवारिक कारणों से परेशान था. प्राप्त जानकारी के अनुसार मांझीटोला निवासी बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर दिलीप दंडपात ने मांझीटोला रैन बसेरा के नजदीक स्थित अपने गोदाम में बीते देर रात फंदे से झूलता हुआ पाया गया. आनन-फानन में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. बताया जाता है कि मृतक शादीशुदा था और उसकी एक बेटी भी है. वह सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता था और सामाजिक संगठनों से भी जुड़ा हुआ था. इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक की लहर है.

## कोचिंग संस्थान के कैंपस से बाइक की चोरी

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर थाना क्षेत्र के बंशीलाल चौक स्थित एक कोचिंग के गेट के अंदर से बाइक की चोरी हो गयी. भुक्तभोगी शिक्षक मनीष कुमार सिन्हा ने मंगलवार को इस संबंध में सदर थाना को लिखित आवेदन देकर सन्हा दर्ज कराया है. आवेदन के अनुसार, मनीष अपने कोचिंग में सोमवार की अपराह्न करीब 3.20 बजे पढ़ाने के लिए गये. आधे घंटे के बाद निकले तो उनकी बाइक (जेएच 02 एक्स1029) वहां से गायब हो गयी थी. उन्होंने बाइक की खोजबीन की, पर उनकी बाइक कहीं नहीं मिली. जिसके बाद उन्होंने आज थाना में आवेदन दिया.

## हाई मास्ट टावर में लगी आग, आधे से अधिक लाइट जलकर खाक

**चाईबासा।** मनोहरपुर बाजार स्थित संत नरसिंह आश्रम मंदिर के समीप लगे हाई मास्ट टावर में आग लगने से आधे से अधिक हाई मास्ट लाइट जलकर स्वाहा हो गया. यह घटना मंगलवार दोपहर की है. स्थानीय लोगों ने देखा की उक्त सोलर आधारित हाई मास्ट टावर में आग लग गई है. करीब आधे घंटे तक उक्त टावर से धुंआ निकलते देखा गया तथा आधे घंटे के बाद स्वतः उक्त टावर से धुंआ निकलना बंद हो गया. किंतु तब-तक उक्त टावर में लगे सोलर आधारित हाई मास्ट लाइट आधे से अधिक खराब हो चुका था. उल्लेखनीय है कि यह सोलर आधारित हाई मास्ट लाइट टावर जोबा मांझी महिला कल्याण बाल विकास सह सामाजिक सुरक्षा मंत्री की पहल पर ज्रेडा (रांची) द्वारा लगाया गया था. जोकि दो माह के अंदर ही उक्त हाई मास्ट में आग लगने से आधे से अधिक हाई मास्ट लाइट जल गया है.

## सांप के काटने से युवक की मौत

**चाईबासा।** चाईबासा सांप के काटने से छोटा नागरा की रहने वाली एक 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई है. उसे मंगलवार सुबह 5:00 बजे सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था. जहां पर उसका इलाज किया जा रहा था लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका. उसके शव को पोस्टमार्टम कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया. जानकारी के अनुसार मृतक बुधराम सोरेन छोटा नागरा का रहने वाला था और वह खुटपानी प्रखंड के अरगुंडी गांव में रोजो पर्व मनाने के लिए आया हुआ था. सोमवार रात 11:00 बजे जब वह सोया हुआ था तभी किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया. लेकिन गाड़ी की सुविधा न होने के कारण उसके परिजनों ने आज सुबह उसे सदर अस्पताल में एडमिट कराया. जहां उसे बचाया नहीं जा सका.

## गिरिडीह : 26 को राजभवन के समक्ष रैली निकालेंगी जलसहिया

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ जिला शाखा गिरिडीह की बैठक दिव्या देवी की अध्यक्षता में 20 जून को कोल्डीहा में संपन्न हुई. बैठक में 26 जून को 5 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष राज्यस्तरीय रैली के सफल आयोजन पर चर्चा हुई. कहा गया कि रैली में गिरिडीह की सभी जलसहिया भाग लेंगी. संगठन के संरक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ने हमें मिल रहे 1000 रुपये को छीनकर बहुत बड़ी गलती की है, जबकि वार्ता में जलसहिया को न्यूनतम मजदूरी के साथ मानदेय देने का भरोसा दिया गया था. इसलिए 26 जून को राजभवन के समक्ष जोरदार रैली निकाली जाएगी.

## NEWS इन ब्रीफ

### लूटकांड के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**चाईबासा।** तांतनगर ओपी अतंर्गत इलिगाड़ा के शिवशंकर जोकों उर्फ पाड़िया (26) के घर पर मंगलवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया. तांतनगर पुलिस के सहायोग से ओपी बड़ा जामदा पुलिस ने ग्रामीणों के समक्ष आत्मसमपर्ण के लिए बोला. इश्तेहार में आरोपी को एक माह के भीतर थाना या कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के लिए बोला गया है. आत्मसमर्पण नहीं करने पर न्यायालय से आदेश लेकर उसके घर के चल अचल संपत्ति को कुर्की जब्ती करने की चेतावनी दी गई है. आरोपी लूटकांड को अंजाम देकर फरार चल रहा हैं. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

### जनवि में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू, 10 अगस्त अंतिम तिथि

**चाईबासा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 कक्षा छह के लिए ऑनलाइन आवेदन की सूचना प्रकाशित हो चुकी है. आनॅलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 10 अगस्त 2023 तक है. इस बात की जानकारी नवोदय स्कूल के प्रिंसिपल जेके माला ने दी. उन्होंने कहा कि पश्चिम सिंहभूम के सभी सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकते हैं. सभी प्रधानाध्यापक, जहां कक्षा पांच की पढ़ाई होती है, वे अपने-अपने विद्यालय के अधिकाधिक छात्र-छात्राओं को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा- 2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन भरावें.

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**बोकारो।** पेटरवार प्रखंड के खेतको बाईपास सड़क किनारे बड़ा तालाब के निकट सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गए. मृतक की पहचान हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत गल्होबार गांव निवासी सनी कुमार तुरी (30) के रूप में हुई है. घायल युवक का नाम राहुल कुमार है, जो उसी गांव का रहने वाला है. दोनों युवक 20 जून की सुबह सड़क किनारे अचेतावस्था में पड़े थे. सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर निकले स्थानीय लोगों ने दोनों को अचेत देखकर खेतको पंचायत के मुखिया शब्बीर अंसारी को जानकारी दी.

# विद्यार्थियों के बीच निबंध एवं पेंटिग प्रतियोगिता

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आज




**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। रांची के द्वारा योग दिवस की पूर्व दिवस पर प्री पब्लिसिटी कार्यक्रम के तहत प्रकाश स्कूल , हुलहुनडु , रांची में पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। 21 जून को प्रातः सीबीसी, रांची द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित परिचर्चा सह योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा योगाभ्यास किया जाएगा और प्रतियोगी प्रतिभागियों में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस अवसर पर सीबीसी के पंजिकृत सांस्कृतिक दल द्वारा योग पर प्रस्तुति भी दी जाएगी। वहीं योग पर आधारित जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी।

## कार्मेल स्कूल में पर्सनालिटी डेवलपमेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम शुरू

**धनबाद।** कार्मेल स्कूल, धनबाद में दो दिवसीय करियर गाइडेंस एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम 20 जून को शुरू हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन फादर शिजो मोनीचन और स्कूल की प्राचार्य सिस्टर मारिया कीर्ति ने दीप जला कर किया. पहले दिन फादर शिजो ने कक्षा 12वीं और 10वीं सेक्शन ए के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. उन्होंने विद्यार्थियों को देश-दुनिया में हाल के दिनों में बढ़े करियर ऑप्शंस के बारे में बताया. उन्होंने बच्चों को इंडोर गेम के माध्यम से भी कई बातें सिखाईं. दूसरे दिन 21 जून को कक्षा 10वीं सेक्शन बी और सी के विद्यार्थियों को करियर व व्यक्तित्व संवारने के तरीके बताए जाएंगे. कार्यक्रम का आयोजन सुबह 7:30 बजे से दोपहर एक बजे तक स्कूल सभागार में होगा.

# आईआईटी में योग प्रतियोगिता के विजेताओं की हुई घोषणा

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आज समारोह में होंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम में विगत 11 जून को आयोजित योग प्रतियोगिता के विजेताओं को 21 जून को एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा. चिल्ड्रेन मेल कैटेगरी में श्रेयांश, प्रकाश और राकेश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है. फीमेल कैटेगरी में अनन्या संजीवनी प्रथम व श्रेया कुमारी दूसरे स्थान पर रही. फैकल्टी, स्टाफ और डिपेंडेंट कैटेगरी में सौरभ देवनाथ ने प्रथम, जबकि श्रवण सिंह और एसपी तिवारी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया. फीमेल फैकेल्टी स्टाफ या डिपेंडेंट कैटेगरी में शुभश्री प्रधान प्रथम रही. नीलू कुमारी और मोनालिसा नायक को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है. बॉयज स्टूडेंट कैटेगरी में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग हर्ष कुमार ने प्रथम स्थान पर रहे. मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के जीतू बारूपाल द्वितीय व पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग के हर्ष कुमार गुप्ता को तीसरा स्थान मिला. गर्ल्स स्टूडेंट कैटेगरी में माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग की सलोनी कुमारी को प्रथम मिला. मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की उशोषी साहा और रोमा सिंह क्रमशःदूसरे व तीसरे स्थान पर रही. संस्थान के फिजिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स टीचर प्रो डीएन आचार्य ने बताया कि संस्थान में विगत एक माह से योग डे की तैयारी चल रही है. इस बीच 11 जून को योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. संस्थान में योग डे का समापन समारोह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को लोअर ग्राउंड में सुबह 6 बजे आयोजित किया जाएगा.

# सांसद ने लाभार्थी सम्मेलन में गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान चला रही है. इस अभियान के तहत झरिया नगर भाजपा की ओर से भागा स्थित अनिल पैलेस में मंगलवार 20 जून को दोपहर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद पशुपतिनाथ सिंह, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल मौजूद थे. मंच का संचालन भाजपा धनबाद जिला महानगर उपाध्यक्ष उमेश यादव ने किया. मंच पर मौजूद भाजपा नेताओं ने मुख्य अथितियों को पुष्पगुच्छ व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया. मुख्य अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया व दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन की शुरूआत की. सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों की चर्चा की एवं सभी कार्यकताओं से घर घर जाकर लाभार्थियों को बताने का आग्रह किया. निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने प्रधानमंत्री के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से बताया. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया. उन्होंने भाजपा सरकार के कार्यकाल में पूर्व विधायक संजीव सिंह द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में भी बताया. पूर्व विधायक संजीव सिंह की अनुशंसा पर झरिया जामाडोबा पुल निर्माण, हर घर नल जल योजना, डिग्री कॉलेज, सड़क निर्माण समेत अन्य योजनाओं से लाभार्थियों को अवगत कराया. सम्मेलन में भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ,प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, राजकुमार अग्रवाल, सरोज सिंह, हरि प्रकाश लाटा, ध्रुव हरि, मानस प्रसून, सुमन अग्रवाल, पूनम देवी, प्रियंका देवी, अभिषेक पांडेय, संतोष शर्मा, राजा राम पासवान, राजकिशोर जैना, मनोज प्रसाद समेत कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे.

**मचा हड़कंप** — बालू उत्खनन के खिलाफ टास्क फोर्स ने की छापेमारी

# अवैध बालू लदे एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला टास्क फोर्स ने पीरटांड़ थाना क्षेत्र के बराकर नदी के दूधनिया घाट पर 19 जून की देर रात छापेमारी कर अवैध बालू लदे एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों को जब्त किया. जिले के डीसी और एसपी को अवैध बालू उत्खनन की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर दोनों वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर टास्क फोर्स गठित की गई. डीएसपी संजय राणा और सदर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में टास्क फोर्स ने छापेमारी की. छापेमारी करने के लिए टास्क फोर्स को अलग-अलग टीमों में बांट दिया गया. सभी टीमें पैदल मार्च कर दूधनिया घाट तक पहुंची और टैक्टरों को घेरकर जब्त कर लिया. बालू उत्खनन कर रात के अंधेरे में पीरटांड़ के कुम्हरलालो, पालगंज, खुखरा होते हुए जंगल के रास्ते धनबाद के राजगंज ले जाया जाता था. जब्त ट्रैक्टरों के मालिक के खिलाफ अवैध खनन व वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. छापेमारी होने से बालू माफिया में हड़कंप मच गया है. छापेमारी टीम में डीएसपी संजय राणा और एसडीपीओ अनिल सिंह के अलावा मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, पीरटांड़ थाना प्रभारी दिलशन विरुआ, पचंबा थाना प्रभारी समेत खनन विभाग के अधिकारी शामिल थे.

NEWS इन ब्रीफ

## दिल्ली से घर आ रहे युवक को लू लगने से हुई मौत

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो पेसरा निवासी 36 वर्षीय वजीर यादव ,पिता कमल यादव दिल्ली से घर वापसी के क्रम में घंघरी में वह गाड़ी से उतर कर घर के लिये पैदल चलने लगा। तत्पश्चात भीषण गर्मी के कारण लू लगने से अचानक गिर गया। वहीं आस पास उपस्थित ग्रामीणों ने उसे उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा लाया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों के मुताबिक मौत लू लगने से हुई। बताते चलें कि वजीर यादव दिल्ली में मजदूरी का काम करता था। शव गांव पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से उपस्थित लोगों की आंखें भर गई। वहीं गंगपाचो मुखिया चिंता देवी ने अंचल अधिकारी बरकट्ठा से आपदा प्रबंधन से सहायता हेतु मांग की है।

## मुरुबंदा में एक महिला की वज्रपात से मौत

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना के बोरोबिंग पंचायत के मुरुबंदा गांव निवासी सुरेंद्र ओहदार की 55 वर्षीय पत्नी विलासो देवी की मौत मंगलवार को वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। गंभीर रूप से घायल विलासो देवी को स्थानीय लोगों द्वारा रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक बकरी चराने के लिए खेत गईं हुई थी। उसी क्रम में जोरदार बारिश और कड़क के बीच वज्रपात हो जाने से विलासो देवी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है। घटना के बाद मुखिया बंसती देवी ने आपदा प्रबंधन विभाग से मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की मांग की है।

## सहायक विद्युत अभियंता स्थानांतरित



**बरही ।** सहायक विद्युत अभियंता सौरभ लिंडा का रामगढ़ स्थानांतरण हो गया है. उनके स्थान पर सत्यदेव कुमार योगदान देंगे. श्री लिंडा ने बताया कि उन्होंने लगभग छः वर्षो तक बरही में सेवा दिया. यह उनकी पहला योगदान था. इस क्षेत्र में उन्हें कार्य करने का अनुभव मिला है. कार्य के दौरान सहयोग देने के लिए तमाम अनुमंडलवासियो का अभार व्यक्त किया है. उन्होंने बताया कि स्थानांतरण एक सरकारी प्रक्रिया है. जिसके तहत सभी सरकारी कर्मियों और अधिकारियो को कार्य करना पड़ता है.

# केंद्र के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत महाजनसंपर्क अभियान शुरू

## मिस्ड कॉल कर पीएम मोदी का करें समर्थन : पूर्व विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** अपने बूथ रामनगर बेंदगी क्षेत्र से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने केंद्र के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत किया. इस दौरान लोगो से पीएम मोदी के समर्थन में मिस्ड कॉल करने का अपील किया. मोदी सरकार के पिछले नौ वर्षो की उपलब्धियों को बताया. उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, अमेरिका और चाइना जैसे देश भी पीएम मोदी के आगे नतमस्तक है. धारा 370 और 3 तलाक का हटना, श्रीराम मंदिर निर्माण, डिजिटल इंडिया, नमामि गंगे आदि जैसे कई कार्यक्रम ने देश को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है. इसके साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश मजबूत हुआ है. इस दौरान लोगो से आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा को समर्थन देने की अपील किया. भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि कोरोना महामारी से सुरक्षित रखने के लिए निःशुल्क टीकाकरण पीएम मोदी की ही देन है. जाति पाती की राजनीति से परे भाजपा ने देशहित में कार्य किया. विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि पीएम मोदी के वैश्विक पहचान ने देश को गौरवशाली और मेरा भारत महान बनाया है. इस महाजनसंपर्क अभियान में महिलाओ की भी खूब भागीदारी रही. कार्यक्रम में बेंदगी उपमुखिया अशोक राणा, रितेश गुप्ता, बासुदेव यादव, राजकुमार केशरी, प्रदीप पांडे, हरि गुप्ता, दशरथ यादव, सचिन यादव, पूर्व उप मुखिया दिनेश साव, महावीर राणा, कृष्ण कुमार राणा, लालधारी राणा, संजय राणा, योगेंद्र राणा, महावीर यादव, प्रकाश यादव, राजदेव यादव, भीखी महतो, मुरलीधर साव, गेंदों साव, रामचंद्र यादव, रामू महतो, दिनेश साहू, वासुदेव यादव, अबोध राणा, मीना देवी, रेखा देवी, रीता देवी, वसुंधरा देवी, कौशल्या देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, तेतरी देवी, सविता देवी, प्रिया देवी, सोनू राणा, मुकेश राणा, मालती देवी, हेमराज यादव सहित कई लोग मौजूद थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने किया.

## ओडिशा के कलाकारों ने जमाया रंग, झूम उठीं विदेशी महिलाएं

# रथयात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**नवीन मेल संवाददाता**

बरही। हजारीबाग के चौपारण में पहली बार मंगलवार को निकली श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. अहले सुबह से ही सियारकोनी जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था. महाप्रभु केशवानंद और रथयात्रा के सूत्रधार संजय सिंह की अगुवाई में भगवान को सुसज्जित रथ पर भाई-बहनों के साथ चैथी कात्यायिनी मंदिर ले जाया गया. वहां पूजा-अर्चना के बाद रथयात्रा बिगहा बाजार हनुमंत मंदिर की ओर निकल पड़ी.

### भक्ति गीतों पर झूमती रहीं विदेशी महिलाएं

इस दौरान ओडिशा के कलाकारों ने ओडिशी नृत्य से समां बांध लिया. वहीं विदेशी महिला मेहमान भी आध्यात्मिक गीत-संगीत पर झूमती रहीं. सांसद जयंत सिन्हा, सदर विधायक मनीष जायसवाल और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी ऐतिहासिक रथयात्रा के गवाह बने. स्थानीय लोगों के अलावा झारखंड के कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, बिहार के गया, नवादा, पटना, बंगाल के मायापुर आदि से भी भक्तों का हुजूम इस रथयात्रा में शामिल हुआ. लाखों श्रद्धालुओं ने रथयात्रा में अपनी भागीदारी निभाई. सभी गेरुआ परिधान में जय जगन्नाथ के नारे लगा रहे थे. इस बीच रथयात्रा के दौरान सांपद्रायिक सौहार्द की झलक दिखी. अभिषेक और सूरज जैन बंधुओं ने तपती धूप से राहत के लिए श्रद्धालुओं के बीच सैकड़ों बोतल पानी बांटा. वहीं ताजपुर के पूर्व मुखिया शौकत खान ने श्रद्धालुओं पर पानी की बौछार करते हुए पुष्पवृष्टि की. शाम को भगवान जगन्नाथ को बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम के साथ मौसीबाड़ी विश्रामस्थल ले जाया गया. यहां भगवान पांच दिन विश्राम मुद्रा में रहेंगे और फिर घुरती रथ से अपने घर सियारकोनी जगन्नाथ मंदिर लौटेंगे.





## मारवाड़ी युवा मंच ने किया मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच 11 जून से 25 जून तक पूरे देश में ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन कर रहा है। उसी को लेकर मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा ने 20 जून को गोला रोड में स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया । जिसे सफल बनाने में रामगढ़ सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा सहयोग किया गया। श्री सत्यनारायण मंदिर मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में 20 जून के पूर्वाहन 10:00 बजे सदर अस्पताल रामगढ़ के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने ब्लड डोनेट कैंप का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में बढ़-चढ़कर समाज सेवा के क्षेत्र में काम करता है। कहा की मैं पहले दुमका में भी मारवाड़ी युवा मंच के इस प्रकार के कार्यों को देखा है। कहा कि रक्तदान कर लोगों का जान बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को उनका रक्त काम आ सके। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष निलिंद अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में 11 से 25 जून तक रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। उसी के तहत आज मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

## रामजनकी छोटकी डूंडी व चरण पहाड़ी बंदरा चुआ से निकली रथ यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राम जानकी मंदिर छोटकी डूंडी एवं चरण पहाड़ी बंदराचुआ में मंगलवार को पुरानी परंपरा के तहत भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी की रथ यात्रा निकाली गई। मौके पर छोटकी डूंडी में आचार्य शशिकांत पांडेय, बबलू पांडेय, अरुण पांडेय, रोशन पांडेय, पुजारी सत्यदेव पांडेय द्वारा यजमान बने वीरू महतो, रामजी महतो, शेखर महतो, विकी करमाली, अरुण कुमार, सपत्नीक को विधिवत पूजा - अर्चना कराया गया। तत्पश्चात प्रतिमाओं को फूल माला से सुसज्जित रथ पर सवार किया गया। इस बीच सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने बड़े आस्था -भाव के साथ रथ को खींच कर ठाकुरबाड़ी से मौसी बाड़ी ले गए। यहां भगवान सात दिनों तक विश्राम करेंगे। इसके बाद आठवें दिन घूरती रथ को पुनः मौसीबाड़ी से ठाकुरबाड़ी लाए जाएंगे। जहां विधिवत पूजा - अर्चना के साथ प्रतिमाओं का स्थापना किया जायेगा। रथ यात्रा को लेकर समिति द्वारा 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया था। इधर चरण पहाड़ी मंदिर बन्दराचुंआ से बाबा प्रेमदास महाराज की अगुवाई में मंगलवार को हर्षोल्लास व गाजे बाजे के साथ भगवान जगन्नाथ की फूलों से सुसज्जित भव्य रथ यात्रा निकाली गयी। इस दौरान बाबा प्रेम दास द्वारा भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलराम के प्रतिमा को मंगला आरती, सिंगार आरती के साथ विधि पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। रथ यात्रा 3 नंबर चरण पहाड़ी मंदिर से शुभारंभ होकर क्षेत्र के कुजू कोलियरी, न्यू कॉलोनी, श्री राम चौक, केबी गेट, फॉरेस्ट ऑफिस, कुजू चौक, शिव मंदिर कुजू, ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए लकड़ी गेट 7 नंबर मौसी बड़ी चरण पहाड़ी पहुंची। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



आस्था

## भगवान जगन्नाथ कैथा रथयात्रा के अवसर जुटे हजारों भक्त

# कैथा रथयात्रा का इतिहास स्वर्णिम रहा : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया के पावन अवसर पर 20 जून को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा में आयोजित रथयात्रा महोत्सव में अहले सुबह से ही भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के दर्शन पूजन को लेकर भक्तों का तांता लगा रहा। भगवान जगन्नाथ के मंदिर का कपाट भक्तों के लिए प्रातः काल से ही खोल दिया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवम विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए। भगवान के दर्शन पूजन कर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि कैथा रथयात्रा का इतिहास स्वर्णिम है। रथयात्रा के आयोजन से क्षेत्र में सात्विकता और धर्म का संचार होता है। लोग सन्मार्ग की राह चलते हैं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से जगत कल्याण की कामना की । वहीं , मुख्य पुजारी बी.एन चटर्जी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि रथयात्रा और भगवान जगन्नाथ के पूजन का इतिहास पुरातन है। रथयात्रा के अवसर पर आयोजन समिति की ओर से खीर महाभोग का वितरण किया गया। मेला परिसर में झूला, मिक्की माउस, सहित अन्य मनोरंजक झूलो पर बच्चे और युवा आनंद लेते दिखे। संध्या पहर में हजारों श्रद्धालुओं ने विधि अनुसार रथारुढ तीनों विग्रहों भगवान जगन्नाथ , बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को रस्सी के सहारे रथ को खींचते और जय जगन्नाथ स्वामी का जयघोष करते हुए मौसीबाड़ी पहुंचाया। पुनः आठ दिनों के पश्चात भगवान को घूरती रथ के पावन अवसर पर मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर को लाया जाएगा। हजारों श्रद्धालु भक्ती श्रध्दा से ओत-प्रोत हो मेले का आनंद लेते दिखे। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष देवधारी महतो, सचिव राजेश महतो,कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी , सरंक्षक सुदर्शन महतो, हरिहर पाठक, सूकर महतो , राजकुमार महतो, संदीप कुमार महतो, संदीप महतो, अजय आस्था, रूपेंद्र महतो, संजय करमाली, माधव करमाली, गणेश राम महतो, प्रकाश कुमार, छोटेलाल महतो, कौलेश्वर महतो, भीम महतो, संजय कुमार महतो, पंकज महतो, अमित दास, परितोष चटर्जी, राजेंद्र महतो, विनय कुमार सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।



## महायज्ञ को लेकर बनारस से लाए प्रतिमा का कुजू में स्वागत

**रामगढ़ ।** कुंदरियाबांध कुजू में श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राणप्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर बनारस से हनुमान जी की भव्य प्रतिमा को कुजू लाया गया। प्रतिमा के आगमन पर कुजू ट्रांसपोर्ट नगर से मंदिर परिसर कुंदरिया बांध मंदिर परिसर तक महिला पुरुष श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ झूमते हुए प्रतिमा का स्वागत किया। मालूम हो 24 जून से 28 जून तक मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 5 दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें बनारस के यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय के द्वारा यज्ञ को संपन्न कराया जाएगा। मौके पर मुखिया जयकुमार ओझा ,कामेश्वर साव, अध्यक्ष विनोद कुमार मेहता, सचिव आशीष मुखर्जी, विकास कुमार, अरविंद प्रसाद साहू, अमित केशरी, शिवा मेहता, सुभाष कुमार, महेंद्र प्रसाद मेहता, राजेश पांडेय, छवि भुइयां, लकी साव, राजेश सिंह, प्रिंस पांडेय, अमित पांडेय, दीपक गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक ने किया स्कूल उन्नयन और नलजल योजना का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने गोरहर में डीएमएफटी मद से स्कूल उन्नयन कार्य और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मद से नलजल योजना का शिलान्यास किया। मौके पर बगोदर विधायक विनोद सिंह, जिप सदस्य प्रेणा प्रिया, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया प्रियंका कुमारी, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, पूर्व जिप प्रतिनिधि कलीम खान उपस्थित थे। मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि स्कूलों में जहां बच्चों को जीवन की कला सीखते है, उसे उन्नयन करने का प्रयास जारी है। स्कूलों में उचित सुविधा दिलाने और घर घर नल जल पहुंचाने के लिए हम कटिबद्ध है। वही संवेदकों ने बताया कि समय पर एवं बेहतर कार्य हमारी एजेंसी के द्वारा कर ली जाएगी इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, संवेदक सिकेंद्र कुमार, परमानंद सिंह, रामदेव पासवान, कुंजलाल महतो, प्रेम महतो, कौलेश्वर महतो, राकेश बिहारी पांडेय आदि शामिल थे।

# मारवाडी युवा मंच ने किया रक्त दान शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** मारवाडी युवा मंच के तत्वाधान में विश्व रक्तदान पखवाडा को ले देश व्यापी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें पूरे देश मे 15 दिनों में 21 हजार रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी उद्धेश्य से झारखण्ड प्रांत की विभिन्न ईकाई के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। झुमरी तिलैया के मारवाडी युवा मंच के तत्वाधान में कोडरमा स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिमसमें मंच के अध्यक्ष राज पचीसिय, सचिव आशीष जोशी पूर्व अध्यक्ष रितेश दुग्गड, विनायक पचीसिया वंशिका पचीसिया सहित 11 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष राज पचीसिया ने कहा कि मंच के द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा बेटी बचाओ बेटी पढाओ अमृत धारा सहित कई योजनाए चलायी जा रही है। इसी उद्धेश्य को लेकर राष्ट्रीय मारवाडी युवा एवं प्रांतीय संगठन के द्वारा दिशा निर्देश के बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होनें कहा कि रक्तदान सबसे बडा दान है और प्रत्येक 45 वर्ष तक के व्यक्ति को साल में 3 से 4 बारे रक्त दान करना चाहिए। इससे जहॉ उस मनुष्य के शरीर मे नये खुन का उदय होता है वहीं दूसरे की जिंदगी बचाने में दिये रक्त काफी काम आता है। सचिव आशीष जोशी ने कहा कि मंच समाज के अंतिम पैदान तक के लोगों को सेवा पहुॅचाने में लगा है और आले वाले दिनों में शहर में दो नये वाटर कूलर अमृत धारा योजना के तहत लगाने का लक्ष्य है। इसके अलावा मंच के तीन माह के कार्यो की समीक्षा और अगले दो माह के कार्यक्रमों के रूपरेखा की चर्चा को लेकर एक बैठक सीर्घ ही बुलाई जायेगी। इसके अलावा सामाजिक गतिविधियों के तहत इस माह अन्य कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगे। गौ आहार कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। वहीं 21 जुन को माहेश्वरी महिला समिति के साथ मारवाडी युवा के अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### मॉनसून की पहली बारिश से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से राहत

# 22 जून को संध्या 5 बजकर 48 मिनट पर प्रवेश करेगा आद्रा : रतन पंडित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** देर संध्या मौसम ने करवट लिया और मॉनसून ने अपना कहर बरसाया. झमाझम बारिश से मौसम खुशगवार हुआ और गर्मी से राहत मिली. करीब एक घंटे की जोरदार बारिश से जहां तापमान में गिरावट हुआ वही किसान खुश नजर आए. विदित हो की राज्य सरकार ने पैक्स के माध्यम से अनुदानित मूल्य पर बीज देना प्रारंभ कर दिया है. कई किसान धान और मक्का के बीज भी ले चुके है. वर्षा का इंतजार था, जो रथयात्रा के शुभ अवसर पर किसानो को हर्षित कर दिया. वर्षा की पानी और काले बदलों ने किसानो को रोमांचित कर दिया. धनबाद रोड महावीर मंदिर के पुरोहित रतन पंडीत के अनुसार जून में सूर्य के आद्रा नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही हम सभी को बारिश के लाभ मिलने लगते है ।22 जून को संध्या 5 बजकर 48 मिनट पर आद्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगे जो 6 जुलाई तक रहेगा. आद्रा नक्षत्र में सूर्य देव का प्रवेश भारत में अच्छी के संकेत मिल रहे हैं, इससे गर्मी का ताप



कम होकर शीतलता का अहसास होगा. ग्रह नक्षत्रों की स्थिति के हिसाब से इस आद्रा नक्षत्र में उत्तम बारिश के योग बन रहे हैं.

# हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में श्री जगन्नाथ की यात्रा महोत्सव परंपरागत ढंग से मनाया गया. श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के जयकारों के साथ रथ को खिंचा। वही कोलेबिरा अंचलाधिकारी हरीश कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार थाना प्रभारी प्रभात कुमार सब इंस्पेक्टर रामदेव रविदास सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं ग्रामीणों के द्वारा रथ को खींचकर मौसी बारी तक लाया गया इस दौरान औरत को भंवर पहाड़गढ़ भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर से लेकर मौसी बारी कोलेबिरा तक जगन्नाथ स्वामी के जयकारों के साथ लाया गया इधर सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की काफी संख्या में तैनाती की गई। वही रथ यात्रा को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय के समीप चेक नाका के पास एवं रण बहादुर सिंह चौक के पास मेला का भी आयोजन किया गया है इस वर्ष मेले मेला लगने से ग्रामीणों के साथ-साथ बच्चों में भी काफी उत्साह दिखाई दे रहा है मेले में खेल तमाशे झूले सर्कस मौत कुआं ब्रेक डांस ड्रैगन ट्रेन राम झुलवा खिलौना के अलावा मिठाइयों की दुकानें भी लगी हैं।





### बोलबा प्रखंड के समसेरा में धूमधाम से निकाली गई रथयात्रा

बोलबा। प्रखण्ड के समसेरा गाँव में धूमधाम से निकाली गई महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी का रथयात्रा इस मौके पर भगवान जगरनाथ स्वामी के मन्दिर में भगवान जगरनाथ स्वामी महाप्रभु, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के बिग्रहो की पण्डित नीलाम्बर पंडा के द्वारा विधि विधान से पूजन के बाद श्रद्धालुओं द्वारा तीनो बिग्रहो को आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ बिठाकर रथ यात्रा निकाला गया रथ यात्रा के मौके पर इस वर्ष सिमडेगा जिले के प्रसिद्ध सिकरियाटांड़ का पैंकी नृत्य को आमंत्रित किया गया था रथ मेला में पैंकी नृत्य काफी आकर्षक रहा । लोगो ने काफी सराहना किया । वहीं लोग विभिन्न प्रकार के सजाए गए खिलौने, श्रृंगार, मिठाई की दुकानों से जमकर खरीदारी किया

इस मौके पर बिपिन बिहारी सिंह,विकाश कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह देव,परमानंद बड़ाईक ,लक्ष्मण बड़ाईक, शिवशंकर बड़ाईक, रंथु मांझी, इन्द्रजीत मांझी, संजय कुमार सिंह,भुवनेश्वर सिंह, रविन्द्रनाथ बड़ाईक,मनीष मांझी, सहदेव सिंह,विश्वनाथ सिंह सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# कोडरमा : तुलसीबनी शिवराम आश्रम से धूमधाम से निकली रथयात्रा



**कोडरमा।** चाकुलिया प्रखंड की चालुनिया पंचायत स्थित तुलसीबनी शिवराम आश्रम से मंगलवार की शाम को धूमधाम से प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई. भव्य तरीके से सजे रथ पर प्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ सवार थे. प्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. रथ को खींचने के लिए भी श्रद्धालु उत्साहित नजर आए. आश्रम परिसर से निकली रथयात्रा ने पहाड़ी पर स्थित आश्रम का चारों और परिभ्रमण किया और आश्रम स्थित मां दुर्गा के मंदिर में मौसी बाड़ी पहुंच कर समाप्त हुई. इस मौके पर आश्रम के आनंद ब्रह्मचारी ने पूजा अर्चना की. इस रथ यात्रा में रवींद्रनाथ झुनझुनवाला, प्रणव बेरा, शतदल महतो, सुधीर महतो राजीव महापात्रा, निरंजन मंडल, सुभाष चंद्र महतो कृष्ण पदो महतो समेत सैकड़ों पुरुष और महिला श्रद्धालु शामिल थे.

### हाथी के हमले से वृद्ध महिला की मौत, विधायक पहुंचे घटनास्थल

**बोलबा।** प्रखंड के बेहरीनबासा जंगल में जंगली हाथी के हमले से वृद्ध महिला की मौत हो गयी इधर मौत की जानकारी मिलने के बाद कोलेबिरा विधायक घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी दी जहां पर बताया गया कि अनुसार बेहरीनबासा जंगल में 19 तारीख की सुबह 8:00 बजे डोरी चुनने के क्रम में गांव के कोलस्टिका कुजर को जंगली हाथियों ने कुचल कर जान से मार डाला किंतु उसका शव को 20 जून की सुबह देखा गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग विधायक एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना दिया सभी लोग घटनास्थल पहुंचे और वन विभाग द्वारा 10000 का तत्काल मुआवजा राशि दिया गया ।बताया गया कि प्रक्रिया के बाद बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा इसके साथ ही शव को बोलबा पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया इस मौके पर विधायक नमन विक्सल कौनगाड़ी विधायक प्रतिनिधि राजलक्ष्मी आलम मुखिया स्नेह लता केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि संजय कुजुर वन क्षेत्र पदाधिकारी शंभू शरण चौधरी आदि मौजूद थे।

### फुलवाटांगर यात्री शेड से विक्षिप्त व्यक्ति का शव बरामद

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत आरानी पंचायत के फुलवाटांगर स्थित यात्री शेड में पुलिस ने मंगलवार की सुबह अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति का शव बरामद किया है ।मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया घटना के संबंध में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि स्थानीय लोगों की मानें तो विक्षिप्त व्यक्ति आसपास इधर उधर भटक कर जीवन व्यतीत करता था 2 दिनों तक वहीं पर सोया था लेकिन लोग विक्षिप्त की वजह से उस पर नजर नहीं डाले इधर जब लोगों को दुर्गंध की सूचना हुई तब जाकर इसकी जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाते हुए मोर्चरी में रखा के 72 घण्टे पश्चात दंडाधिकारी की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

### भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के तहत कुरडेग में हुई बैठक, बोले

# डोर टू डोर कार्यकर्ता जाकर सरकार की उपलब्धियों की दे जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष में पूरे भारत में महा जनसंपर्क अभियान चल रहा उसी निमित्त कुरडेग मंडल में भारतीय जनता पार्टी की बैठक केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के आवास पर हुई।बैठक की अध्यक्षता करते मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है सभी कार्यकताओं को कमर कसकर तैयार रहना होगा, हमें बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर ग्रामीणों से मिलकर उनसे परिचर्चा करनी है *साथ ही कल सुबह 6:00 बजे मंदिर प्रांगण में योग कार्यक्रम है कार्यक्रम में सभी कार्यकताओं को उपस्थित रहना अनिवार्य है। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा भाजपा का यह राष्ट्रीय कार्यक्रम है पूरे देश में लाखों कार्यकर्ता मोदी सरकार के सफलतापूर्वक विकासशील 9 वर्ष पूरे होने पर महा जनसंपर्क अभियान में हिस्सा ले रहे हैं महा जनसंपर्क अभियान के तहत ही 23 जून से 30 जून तक मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक प्रभारी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी पन्ना प्रमुख सभी लोग एक-एक घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे और मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों को पर्चा कैलेंडर आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार करेंगे साथ ही ग्रामीणों से परिचर्चा कर 9090902024 पर मिस्डकॉल करवाना है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कई ऐसी योजनाएं हैं जिससे आम जनता डायरेक्ट जुड़ी हुई है जैसे प्रधानमंत्री आवास उज्जवला योजना घर घर नल योजना आयुष्मान भारत योजना सहित मुफ्त राशन योजना हो या करोना काल में वैक्सीन की व्यवस्था करना इन सभी बातों को आम जनता तक संवाद कर पहुंचाना है और संगठन को मजबूत करना है।

# टाकबहाल गांव में विधायक ने मारपीट की घटना का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

बोलबा। प्रखंड के टाकबहाल गांव में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने पिछले दिनों शराब बन्दी को लेकर हुई मारपीट की घटना का संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर घटना का जायजा लिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आदिवासियों को षड्यंत्र के तहत हर तरह से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है एक ओर जहां शराब बेचकर लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर करने की कोशिश किया जा रही है वहीं दूसरी ओर स्कूली बच्चों को शराब पीने की आदतडाल कर डाल शिक्षा से दूर करने की कोशिशें किया जा हैं वही आदिवासी लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर जमीन हड़पने का काम भी किया जा रहा हैउन्होंने कहा कि यहां के लोग पुलिस के साथ मिलकर शराबबंदी अभियान चला रहे हैं ।इसको विफल करने के लिए चंद लोगों के घर में घुसकर



लाठी डंडे से मारपीट कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि बोलबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद भी बोलबा पुलिस दोषियों पर कार्रवाई नहीं कर रही है । उन्होंने तत्काल सिमडेगा एसपी को फोन करके कार्रवाई करने की मांग किया है । उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री के पास इसका रिपोर्ट भेजा जाएगा । विधायक ने लोगों को संगठित रहने, संयम से काम लेने की बात कहा है । इसके बाद गांव के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की सरकार की योजनाओ की जानकारी दिया ।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा,सम्मी आलम, संजय कुजर, मुखिया स्नेहलता केरकेटा के साथ पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीण आदि मौजूद थे।

### समसेरा मोड़ के पास टेम्पो पलटने से दो लोग गम्भीर रूप से घायल

बोलबाः- बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित समशेरा मोड़ के पास टेंपो पलटने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया।

इस मौके पर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित समशेरा मोड के पास सनसेरा से बोलबा की ओर आ रही टेम्पो अधिक स्पीड होने के कारण पलट गई जिसमें सवार दो व्यक्ति सुनील खेस पिता जकरिया खेस उम्र 32 वर्ष एवं रॉबर्ट खेस पिता स्वर्गीय हिलारूस खेस ने गंभीर रूप से घायल हो गया । जबकि अन्य लोगों को हल्की चोटें आई है घायलों को तत्काल इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया । अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया इस मौके पर डॉ देबातोष भुटिया ,स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

**भजन-कीर्तन**

### लाखों श्याम भक्तों ने चौखट पर मांगी मन्नतें

# बाबा श्याम के दरबार में आस्था की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** नगर की धार्मिक संगठन श्री श्याम शरण में आ जा रे ... का 14वॉ अरदास कीर्तन भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम के दरबार के साथ अन्य देवी देवताओं का दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अखंड ज्योत के साथ शुरू हुई। पूजा अर्चना पंडित राम प्रवेश पांडेय ने करायी। यह यजमान के रूप में विपुल चौधरी, प्रीति चौधरी शामिल हुई। इसके बाद गणेश वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसे प्रदीप कंदोई ने प्रस्तुत किया। इसके बाद गायक रवि दाहिमा ने गली गली ऐलान होना चाहिए हर मंदिर में श्याम होना चाहिए ... बबलु सिंह देना है तो दीजिए जनम जनम का साथ ..... नंद किशोर शर्मा के द्वारा



लडडु गोपाल मेरा लडडु गोपाल मेरा छोटा सा है लल्ला मेरा करतब करे कमाल ... आनंद जैन ने कीर्तन की है रात बाबा थानो आनो है ... पंकज केसरी के द्वारा साथी हमारा कौन बनेगा तुम न सुनेगा तो कौन सुनेगा ... प्रदीप कंदोई के द्वारा हो रही बाबा की नगरी में केशर चंदन का छिडकाव .... राकेश राजपुत के द्वारा हारे -हारें तुम हो हारे का सवारे ... संगीता जेठवा के द्वारा किसने सजाया बाबा तुमको बडा प्यारा लगे बडा सोना लागे... जैसे भक्ति के सागर में श्रद्धालु गोता लगाते रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन संजय अग्रवाल ने किया जबकि साज पर धनबाद की टीम उपस्थित थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता उपस्थित हुई। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि श्याम शरण में आ जा रे के द्वारा जो भक्ति का अलख जगाया जा रहा है वे अपने आप में इतिहासिक है। उन्होनें कहा कि कलयुग में भगवान कृष्ण का दूसरे स्वरूप बाबा श्याम की पूजा अर्चना की जा रही है। कृष्ण की भक्ति एवं सुदामा की दोस्ती आज भी मिसाल है और इस तरह कार्यक्रम से जहॉ घंटो तनाव से मुक्ति मिलती है वहीं गायकों को अपने भजन प्रस्तुत करने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के समापन पर श्याम स्तुति की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पप्पु सिंह, अरविन्द चौघरी, संजु पिलानियॉ, उमेश जोशी, मनोज जोशी, संतोष लडढा, मनोज चौघरी, संजय नरेडी, अर्जुन प्रसाद चौधरी, उमंग कंदोई, रणधीर कपसिमं, चिंटु अग्रवाल, अशोक खाटुवाला, मनोहर लाल बजाज, मुन्ना भदानी आदि उपस्थित थे।

# दो टेंपो की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत बुदाधार पुलिया के पास मंगलवार की सुबह दो टेंपो की आपस में भिड़ंत की वजह से एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया ।वहीं मौके पर दूसरा टेंपो चालक टेंपो लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। मामले की जानकारी केरसई पुलिस को दी गई जिसके बाद थाना के एएसआई घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन करते हुए तत्काल घायल को अस्पताल भेजा वही मृत व्यक्ति के शव को सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेंगारिह के फागुटोली गांव निवासी पवन खलखो एवं सतीश खलखो अपने ऑटो में पाइकपारा की ओर से केरसई की ओर जा रहे थे इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात ऑटो के साथ सीधी भिड़ंत हो गई ।भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही पवन खलखो की मौत हो गई जबकि सतीश के माथे में चोट लगी जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया ।

## लातेहार व चतरा जिले में भगवान जगन्नाथ, बलराम व बहन सुभद्रा के रथ को खींचने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# गाजे-बाजे के साथ निकली रथ यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिला मुख्यालय स्थित राधाकृष्ण मंदिर से मंगलवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को सुसज्जित रथ पर विराजमान कराकर जिला मुख्यालय का परिभ्रमण करते हुए वापस मौसी बाड़ी पहुंची। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पर भक्तों की टोली ने भगवान की आरती कर भोग अर्पित किए। इसके पूर्व भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बलराम को छप्पन प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाकर पूजा अर्चना की गई।

मुख्य यजमान युगेश्वर प्रसाद व पत्नी रीना देवी ने भगवान जगन्नाथ की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी दिलीप उपाध्याय द्वारा पूजा के बाद रथ का भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद तीनों विग्रहों को मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। जहां 9 दिन तक निवास कर भगवान की घर वापसी होगी। इस दौरान रथ की डोर खींचने को लेकर श्रद्धालु बेकरार दिखे। ठाकुरबाड़ी के पुजारी दिलीप उपाध्याय ने बताया कि लातेहार में रथयात्रा का इतिहास काफी पुराना है। लातेहार में सबसे पहले रथ यात्रा 1833 ई में पूरन महाराज के द्वारा निकाली गई थी, जो शिव मंदिर से चल कर धर्मपुर मौसीबाड़ी तक जाती थी। महंत पूर्ण दास के निधन के बाद महंत शरण दास, जनक दास, यदुवंशी दास व 1970 ई से महंत मुनि दास के द्वारा रथयात्रा निकाली गई। महंत मुनि दास के निधन के बाद दुर्गा बाड़ी प्रांगण से कृष्णा दास द्वारा रथ यात्रा निकाली गई। जिला मुख्यालय में ठाकुरबाड़ी के निर्माण के बाद 1995 से आम जनों के सहयोग से धूमधाम से रथ यात्रा निकाली जा रही है।

महंत दिलीप उपाध्याय के सानिध्य में 1995 से प्रथम पूजा मुख्य यजमान युगेश्वर प्रसाद व उनकी पत्नी रीना देवी द्वारा की जा रही है। रथ यात्रा को धूमधाम से संपन्न कराने में श्याम अग्रवाल, निर्मल महलका, राजीव मिश्रा, अजय सिन्हा,विजय गुप्ता, बृजेश अग्रवाल, अभिनव कुमार,पल्लव कुमार, अशोक गुप्ता, रवि नाथ गुप्ता, विपिन गुप्ता, सुशीला देवी, सुमन देवी,सविता देवी, सुकृति कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## चंदवा में बारिश के बावजूद रथ यात्रा में उमड़ी भारी भीड़



**चंदवा।** कामता गांव में मंगलवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। इसमें बारिश के बीच लातेहार, बालूमाथ, समेत चंदवा के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इससे पूर्व लाल प्रेरित नाथ शाहदेव ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की मूर्तियों का पूजन किया। पूजन कार्यक्रम पंडित आचार्य बालकृष्ण मिश्र एवं पंडित घनश्याम मिश्र द्वारा संपन्न कराया गया। इसके पश्चात लाल प्रेरित नाथ शाहदेव व उनके परिवार के सदस्यों द्वारा रथ को खींचकर आम लोगों के दर्शनार्थ बाहर लाया गया। वहीं इस वर्ष पहली बार आयोजित मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ टिकी रही। इस दौरान ट्रैफिक की व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल मुस्तैद दिखा। श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो इसके लिए लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार के नेतृत्व में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था। मौके पर प्रदीप लाल, अमित नाथ शाहदेव, रघुवेंद्र उर्फ रघु लाल, अरविंद लाल, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा बालूमाथ

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी एवं शीतला माता व भगवान बलराम की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। रथ यात्रा बालूमाथ गोपाल मंदिर से सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ बैंड बाजे के साथ चलकर बालूमाथ थाना चौक, मुरपा मोड़ मुख्य मार्ग होते हुए ब्लॉक से वापस मुख्य मार्ग से दुर्गा बाड़ी पहुंची। इस दौरान भगवान जगन्नाथ स्वामी के जयकारा से पूरा बालूमाथ गूंज उठा। यात्रा के दौरान बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रथ यात्रा में सुरक्षा बल भी शामिल रहे। इस दौरान बालूमाथ के सैकड़ों श्रद्धालु में मौजूद थे।

## धूमधाम से निकाली गई जगन्नाथ की रथ यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिला मुख्यालय स्थित पत्थलदास मंदिर से मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ विधि विधान पूर्वक भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना के उपरांत रथ को खींचकर किया। यात्रा के प्रारंभ होते ही पूरा मंदिर परिसर भगवान जगन्नाथ के साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के जयकारे से गुंज उठा। रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पत्थल्दास मंदिर से निकाली गई रथ यात्रा मेन रोड, केशरी चौक, गुदरी बाजार, बड़की मंदिर अव्वल मोहल्ला, काली मंदिर होते हुवे पोस्ट ऑफिस चौक पहुंची और वहां से वापस आकर मारवाड़ी मोहल्ला स्थित ठाकुर बाड़ी में रुकी। यहां विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ भाई-बहन के साथ पथलदास मंदिर पहुंचेंगे। रथ यात्रा को शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर जगह-जगह पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। इधर रथ यात्रा को सफल बनाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ता अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# सीएम से योजनाओं को क्रियान्वित करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं को क्रियान्वित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर बोर्ड की बैठक में निविदा प्रक्रिया की जा चुका थी, जिसे किसी कारणवश रद्द कर दिया गया था। बाद में किसी कारणवश उन सभी योजनाओं की पुनः निविदा प्रक्रिया नहीं किया जा सकी, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 17 वार्डों में विकास योजनाएं संचालित नहीं हो सकी। इसके कारण नगर पंचायत क्षेत्र वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त योजनाओं में पीसीसी पथ, आरसीसी नाली, श्मशान सेड फेवर ब्लाक, बस स्टैंड, बभनी खांड डैम का सुंदरीकरण, सोलरयुक्त स्ट्रीट लाइट सहित अन्य विकास योजनाओं तथा ट्रॉमा सेंटर को पूर्णरूपेण चालू कराने का आग्रह किया है।

# लू लगने से दूसरे दिन भी व्यक्ति की मौत

## दहशत में लोग, गुलजार रहने वाली सड़क पूरा दिन रही सुनसान



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड क्षेत्रों में लू का प्रकोप रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक लोग उसके शिकार होते जा रहे हैं। सोमवार की घटना के बाद मंगलवार को भी लू लगने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक डालटनगंज निवासी पदारथ साह का 60 वर्षीय पुत्र प्रदीप साह है।

जानकारी के अनुसार मृतक प्रदीप साह दिमागी रूप से हल्का विक्षिप्त था। अपने घर पर रहने के बजाय वह दूसरे गांव में मांग कर खाते-पीते चल रहा था। डंडई गांव में वह पिछले 15 वर्षों से मांग कर अपना जीवन जी रहा था। साथ ही वही के खुली जगह पर रात्रि विश्राम भी कर ले रहा था। पूर्व की तरह वह सोमवार की रात्रि दूसरों के घर मांग कर खाया और डंडई के जल क्रांति भवन में सो गया। मंगलवार को दोपहर में राहगीर ने उसके मृत होने की जानकारी आसपास के लोगों दी। उसके बाद यह मामला पूरे गांव में आग की तरह फैल गया। सभी लोग प्रदीप का नाम सुनकर उसे देखने एक-एक कर स्थल पर पहुंचना शुरू कर दिए। ग्रामीणों ने प्रदीप के रूप में उसकी पहचान की। ग्रामीणों ने यह जानकारी उसके परिजन तक पहुंचाई। खबर मिलते ही मृतक के परिजन बिना देर किए डंडई पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिए। साथ ही शव को लेकर डाल्टनगंज के लिए निकल गए। इससे पहले ग्रामीणों की जानकारी पर थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी भी दल बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे। शव को बारीकी से देख इसकी हकीकत जानने के लिए उनके द्वारा कई ग्रामीणों से पूछताछ की गई। ग्रामीणों से पूछताछ में मृतक की मौत लू से होने की बात सामने आई। घटना से गांव के ग्रामीण पूरी तरह दहशत में आ गए हैं। दिनभर ग्रामीणों से गुलजार रहने वाली डंडई के मुख्य बाजार की सड़क और पुरानी बाजार की सड़क पूरी तरह सुबह से शाम तक सुनसान रही। बताते चलें कि लू के प्रकोप के कारण ही सोमवार की दोपहर में डंडई गांव की 86 वर्षीय महिला मानमती कुंवर की मौत हो गई थी।

# शोक संतप्त परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
मुख्यालय के पूर्व मुखिया पति शंभू राम की मृत्यु के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश के बाद कार्यकतोओं से श्राद्ध कर्म के लिए परिजनों को आर्थिक सहयोग किया है। इस संबंध में बताते चलें कि 1 सप्ताह पूर्व चिनिया मुख्यालय के पूर्व मुख्य पति शंभू राम का निधन इलाज के दौरान हो गया। वे बीते कई महीनों से बीमार चल रहे थे, जबकि शंभू राम से मृत्यु के 10 दिन पहले ही उनके पिता फेकू राम की भी मृत्यु हो गई थी। ऐसे में परिवार वालों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया है। घटना की सूचना मिलते ही मंत्री मिथिलेश ठाकुर बीते दिनों चिनिया मुख्यालय में मृतक के परिजनों के घर पहुंच कर उनसे मुलाकात की तथा उनका हालचाल जाना व इस दुख की घड़ी में खड़े दिखाई दिए। साथ ही परिजनों को हरसंभव मदद देने की भी बात कही। वहीं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश के बाद सोमवार को कार्यकर्ताओं के द्वारा मृतक पूर्व मुखिया पति शंभू राम के बड़े बेटे बिकी रवि के हाथों में नगद राशि देकर आर्थिक सहयोग किया गया है। इस मौके पर झामुमो नेता अरविंद यादव, नौशाद मंसूरी, रमेश यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह, पूर्व मुखिया पति रामनाथ तूरी, बदरुद्दीन मंसूरी आदि उपस्थित थे।

## योग, प्राणायाम, आसन का किया पूर्वाभ्यास

**श्री बंशीधर नगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व मंगलवार को ट्रॉमा सेंटर में योग, प्राणायाम, आसन का पूर्वाभ्यास कराया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में अमर कुमार जायसवाल, पूर्व शिक्षक काशी महतो, मनोज कुमार, सूरज कुमार, आदित्य कुमार, सुनैना देवी, हेमा राज, खुशबू कुमारी के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत अभियुक्त बरडीहा थाना ग्राम सेमरी के स्थानीय निवासी स्वर्गीय बनवारी राम के पुत्र कामेश्वर राम एवम ग्राम कांडी थाना क्षेत्र के मझिगांवा के स्थानीय निवाशी श्री शुरेश यादव के पुत्र सुदामा यादव दोनों को पुलिस ने गिफ्तार कर उचित मार्ग अभिरक्षा में माननीय न्यायालय में उपस्थान हेतु भेज दिया गया है।

# कांडी में घर में लगी आग एक बकरी, बछड़ा झुलसे



**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी कामेश्वर चौहान, सुरेश चौहान व नरेश चौहान के घर में मंगलवार की दोपहर अचानक आग लगने से घर के अंदर रखे अन्न, वस्त्र, बिस्तर, पशु चारा, इमारती लकड़ियां, साईकल व पम्प सेट जल कर राख हो गया। साथ ही एक बकरी व एक बछड़ा भी झुलस कर भर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि आग कैसे लगी, किसी को जानकारी नहीं है। घर के भीतर सभी सदस्य सोए हुए थे। अचानक आग की लपटें देख कर सभी लोगों की नींद खुली तो जोर-जोर से शोर मचा कर आसपास के लोगों को एकत्रित किया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मोटर व डीजल पम्प लगा कर भारी मसक्कत से आग पर काबू पाया गया। तब तक आग उक्त तीनों घरों को अपनी चपेट में ले लिया था। आग बुझाने के क्रम में मनोज कुमार चौहान आंशिक रूप से झुलस गए। आगजनी की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार पासवान ने पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसान मुआवजा दिलाने की बात कही, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि आगजनी से क्षति पूर्ति के साथ साथ अपने स्तर से तत्काल इन्हें हर प्रकार की सहयोग प्रदान करूगा।

## विद्यालय कैंपस में लगे जलमीनार के तीन सोलर पैनल चोरी

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के चानवा टोला स्थित नव प्राथमिक विद्यालय के के छत पर लगे जलमीनार के तीन सोलर पैनल अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिये हैं, जबकि चापानल को क्षतिग्रस्त कर दिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद पाल के द्वारा मंगलवार को केतार थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने उल्लेख किया है कि 23 जून से 21 जून तक ग्रीष्मावकाश की छुट्टी होने के कारण विद्यालय बंद है। इसी बीच असमाजिक तत्वों ने 17 जून की रात में विद्यालय कैंपस के जलमीनार के तीन सोलर पैनल चोरी कर लिये और चापानल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# मां-बेटी को बर्बरतापूर्वक लाठी-डंडों पीटा



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
थाना क्षेत्र के सोनपुरवा के टोला झपही गांव निवासी शेख जाबिर की पत्नी जरीना बीबी एवं उसकी 15 वर्षीय पुत्री साहिन आरा को उसी गांव के कई लोगों ने लाठी डंडा से जमकर पिटाई कर दी। एसआई विकास कुमार ने घटनास्थल पर जाकर घायल महिला एवं उसकी पुत्री से पूछताछ की। पीड़ितों ने देर शाम थाना में जाकर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। इधर घायल महिला ने थाना प्रभारी एवं पत्रकारों को बताया कि आरोपियों में झपही गांव निवासी मंजूर शेख, शबाना बीवी, मुशीर्दा बीवी, नगमा खातून तथा चार नकाबपोश शामिल हैं। उसने बताया कि वह अपने रिश्तेदारी में जाने के लिए गाड़ी के इंतजार में बैठी हुई थी कि इसी बीच कुछ लोग आंख, मुंह गमछी से बांधे हुए बोलेरो में आए एवं हमें बलपूर्वक बोलेरो में लात घुसों से मारते हुए ले गए एवं फिर पुनः रूम में बंद कर बेरहमी से पिटाई की। तथा हमारी बेटी साहिन आरा की भी पिटाई की गई। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि सोनपुरा पंचायत के मुखिया अख्तर खां के भाई भुक्त भोगी के यहां केस उठाने की धमकी देने गया था। पहले की प्राथमिकी एवं आज की मारपीट के सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। उक्त लोगों के खिलाफ पहले भी इस महिला के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
मछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रपूरा में आम गैरमजरुआ जमीन को लेकर विवाद में एक महिला और 8 वर्षीय बच्चे को पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस के द्वारा घायल महिला और बच्चे को मझिआंव अस्पताल प्राथमिक लाया गया। बताते चलें कि घायल महिला रपुरा निवासी सूचित पांडे की लगभग 30 वर्षीय पत्नी चांदनी देवी और 8 वर्षीय लड़का पियूष पांडे हैं। घायल पीड़िता चांदनी देवी ने अपने और अपने बच्चों के साथ लाठी डंडे और चाकू से मारपीट का आरोप ऋषि पांडे, प्रेम पांडे, गिरजाशंकर पांडे, गूंजा देवी, जूही कुमारी, लाडल कुमारी, और सुहानी कुमारी पर लगाया है। घायल चांदनी देवी और वहीं उनके पति सुचिंद्र पांडे ने बताया कि मेरे घर के सामने में आमगैरमजरुआ जमीन जो हमारे कब्जे में है। लेकिन गिरजाशंकर पांडे और उनके बेटे ऋषि पांडे के द्वारा जबरन इस जमीन को कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर पूर्व में भी हमलोग के साथ मारपीट किए थे। इसकी शिकायत थाना में की था और इस जमीन विवाद की जानकारी सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता को भी दिया था।

**पहल** | दिसंबर में जिले में 101 कन्याओं का कराया जाएगा सामूहिक विवाह

# ‘सामूहिक शादी कर आर्थिक रूप से हों मजबूत’



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी की ओर से गरीब कन्याओं का विवाह प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है, जिससे गरीबों की बेटी की शादी हो रही है। वहीं गरीब परिवार के लोग आर्थिक रूप से मजबूत भी हो रहे हैं। क्योंकि सामूहिक विवाह से उनका किसी भी तरह का खर्च नहीं हो रहा है। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी मुफ्त में शादी कराने के साथ-साथ कन्या एवं वर-वधू को विवाह सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करा रही है।

उक्त जानकारी कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली गढ़वा स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के बैनर तले झारखंड और बिहार में कुल अब तक 13 हजार असहाय निर्धन कन्याओं की शादी कराई गई है। वहीं संस्था की ओर से झारखंड बिहार सहित अन्य प्रदेशों में भी कन्याओं की शादी कराई गई है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप बन गया है। कई परिवार दहेज के चक्कर में पूरी तरह से बर्बाद हो जा रहे हैं। ऐसे में लोगों को सामूहिक विवाह की ओर अपना कदम बढ़ाना चाहिए। इससे आर्थिक रूप से कमजोर होने के बजाय मजबूत होंगे।

उन्होंने कहा कि विवाह में लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं। उसके बाद भी लोग बेहतर शादी नहीं करा पाते हैं। ऐसे में कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी इस मुहिम में शामिल होकर जिला प्रशासन को भी सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना चाहिए ताकि अंतरजातीय विवाह में जो प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार देती है। उससे सामूहिक विवाह का प्रचलन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पलामू के मेदिनीनगर में 51, गया जिले में 51 व नवादा जिले में 51 कन्याओं की शादी कराई गई, जबकि भागलपुर में 28 जून को 51 कन्याओं की शादी सोसायटी की ओर से कराई जाएगी। वहीं दिसंबर महीने में गढ़वा जिले के टाउन हॉल के मैदान में 101 कन्याओं की शादी कराई जाएगी, जिसमें हिंदू व मुस्लिम समुदाय की कन्याओं की शादी अलग-अलग रीति-रिवाजों से कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए वर-वधू को का चयन इस महीने से शुरू हो गया है। प्रेस वार्ता में गढ़वा जिला प्रबंधक अयुब खान उर्फ बबन, प्रतिमा कुमारी, टिंकू तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सार्वजनिक उपयोग के भूखंड पर कब्जा

**ग्रामीणों की गुहार के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
अंचल कार्यालय कांडी के पड़ोस में काचर गांव की एकमात्र सार्वजनिक उपयोग के भूखंड पर एक व्यक्ति के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। इस जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने के लिए ग्रामीण कई सालों से परेशान हैं, लेकिन संबंधित सरकारी महकमा की ओर से कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि अनुमंडल पदाधिकारी को इस बाबत निर्देश देते 2 साल से अधिक का समय गुजर गया, लेकिन अभी तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मालूम हो कि काचर गांव के खाता नंबर 78 प्लॉट नंबर 93 में 95 डिसमिल का एक भूखंड अवस्थित है, जिसकी किस्म जमीन अनाबाद झारखंड सरकार है। इस जमीन पर काचर के लोगों के द्वारा सामाजिक, धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ शादी विवाह में पंडाल आदि लगाकर कार्यक्रम करने में उपयोग किया जा रहा था। इसी जमीन पर गांव का आंगनबाड़ी केंद्र भी अवस्थित है, लेकिन कई वर्षों से सड़की गांव निवासी राजेश्वर यादव पिता राम वृक्ष यादव के द्वारा इस भूखंड पर अवैध कब्जा जमा लिया गया है। वह इसमें माल मवेशियों को बांधने के साथ-साथ ईंट, बालू आदि रखते हैं। इस प्लॉट में लगे हुए हरे पेड़ों को उन्होंने जेसीबी से उखाड़ कर खेत को खाली करा लिया है। इसके साथ साथ मिट्टी काटकर भी जमीन का अवैध उपयोग कर रहे हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार के साथ कांडी के अंचल पदाधिकारी से मिलकर कई बार अवैध कब्जा हटाने का आग्रह किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को भी आवेदन देकर तत्संबंधी कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसडीओ गढ़वा ने कांडी अंचल पदाधिकारी को पत्र लिखकर इस मामले की जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया था। 20 महीने तक अंचल पदाधिकारी के द्वारा संबंधित मामले को लेकर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण प्रभु नारायण राम, मोती पाल, इमामुद्दीन खान, बिरजू राम, मखोला देवी, पंकज पासवान, मुन्नी राम, दीपक कुमार, शाह आलम खान व सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता ने 15 अप्रैल को फिर से अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। इसके बाद एसडीओ ने फिर से अंचल पदाधिकारी कांडी को पत्र लिखकर संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है। इस पत्र प्राप्ति के बाद भी दो महीने से अधिक की अवधि बीत गयी। लेकिन अभी तक कार्रवाई का कहीं अता पता नहीं है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
बुधवार, 21 जून, 2023



ज्ञान की बात

'अच्छे जरूर बने परन्तु यह साबित करने के कोशिश न करे क्योकि जो व्यक्ति सही होता है, वह सफाई देने में अपना समय व्यर्थ नहीं गवाता।'

- अज्ञात



# गर्मी से राहत की उम्मीद

**झारखंड** में भीषण गर्मी के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने लगी है। अस्पताल में पेट दर्द, डायरिया और बुखार के मरीज ओपीडी में अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। गंभीर मरीजों को चिकित्सक वार्ड में भर्ती करने के साथ गर्मी से बचने व खानपान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। अस्पताल में उल्टी दस्त से पीड़ित दर्जनों मरीजों को डॉक्टर वार्ड में भर्ती कर इलाज कर रहे हैं। 44 डिग्री तापमान रहने से लोग ज्यादा बीमार हो रहे हैं। धूप में काम करने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। उल्टी-दस्त शुरू होने से लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। अस्पताल के फिजीशियन और डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी में डायरिया फैलने की संभावना अधिक रहती है। इससे बचाव के लिए सावधानी जरूरी है। प्रदूषित पानी पीने व बाजार में खुले में बिक रहे फलों के जूस व अन्य खाद्य सामग्री डायरिया की मुख्य वजह हैं। जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी डायरिया के मरीज भर्ती हो रहे हैं। अधिकांश मरीज तो ओपीडी में दवा लेकर घर चले जा रहे हैं। वहीं जिले के निजी अस्पतालों में भी डायरिया के मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल के चिकित्सक गंभीर मरीजों को भी भर्ती कर रहे हैं। यदि इसी तरह से मौसम का प्रकोप रहा तो डायरिया के मरीजों में दो गुना का इजाफा होगा। गर्मी में स्पेशल केयर की जरूरत लगभग सभी लोगों को होती है, मगर गर्मी से बचने के लिए बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है। हालांकि, गर्मी से बचाने के लिए बच्चों की देखभाल तो लगभग सभी करते हैं, लेकिन कई बार हम अनजाने में बुजुर्गों की सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। रोजमर्रा की कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर बुजुर्गों को गर्मी के कहर से दूर रखा जा सकता है। गर्मी के मौसम में बुजुर्ग बड़ी आसानी से तेज धूप और लू का शिकार हो रहे हैं, जिसके कारण उनको दस्त, उल्टी, गैस और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो रही हैं। ऐसे में बुजुर्गों की डाइट से लेकर दिनचर्या तक में कुछ आम बदलाव करके उन्हें गर्मी और लू से बचाया जा सकता हैं। हालांकि सोमवार की हल्की बारिश के बाद जहां लोगों को आंशिक लाभ हुआ है लेकिन उमस काफी बढ़ गयी है। ऐसे में जानलेवा गर्मी से बचने के लिए डाक्टरों की सलाह बहुत जरूरी है। राज्य के कई हिस्सों में प्री मानसून का असर दिख रहा है। प्री मानसून की वजह से राज्य के कई हिस्सों में छिटपुट बारिश की खबर आ रही है। जो राहत भरी है। ऐसे में जहां बारिश हुई है उन इलाकों में तापमान में थोड़ी राहत आयी है। दिनभर यहां तेज धूप रही लेकिन शाम को तेज आंधी और बारिश हुई। मौसम विभाग ने अभी कहा है कि राज्य में लोगों को अभी दो से तीन दिन तक गर्मी झेलनी पड़ेगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की मानें तो जल्द ही लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन इन मौसमों में सावधानी जरूरी है झारखंड में चिलचिलाती गर्मी और तेज लू से अभी लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी। अधिकांश जिलों का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। राज्य के कई हिस्सों में हल्की दर्जे की बारिश हो रही है लेकिन बारिश के बाद कुछ पल राहत के बाद लोगों को गर्मी और उमस बेचैन कर रही है। जिसके कारण लोग घरों में ही दुबके हैं। अभी राहत मिलने में समय लगेगा। लेकिन राहत की बात यह है कि झारखंड में प्री-मानसून गतिविधियां जल्द शुरू होने के संकेत मिलने लगे हैं।

**44 डिग्री तापमान रहने से लोग ज्यादा बीमार हो रहे हैं। धूप में काम करने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। उल्टी-दस्त शुरू होने से लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है।**

# योग से होगा सेहतमंद भारत का निर्माण



योग दिवस आज



प्रभुनाथ शुक्ल

**भगवान** कृष्ण ने गीता में कहा है-'योगः कर्मसु कौशलम' यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि 'योगस्थः कुरु कर्माणि' इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं। भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया ने योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन का आधार और चिकित्सा पद्धति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आयेगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे। योग शास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक समृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने हैं। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं। भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। इसके साथ वह लोगों से अपील करते हैं कि आप योग के जरिए अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखें, जिससे आपका सहयोग देश के विकास में अच्छे तरीके से हो। विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहे हैं। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। आज की भगदौड़ में पूरी जिंदगी असंयमित हो गई है, जिसकी वजह से परिवार में तनाव और झगड़े होते हैं। लोगों के पास आज पैसा है लेकिन शांति नहीं है, जिसकी वजह से परिवार में संतुलन गायब है। लोग खुद से संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति से निकालने के लिए योग सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। इसलिए भागदौड़ की जिदंगी को अगर संयमित और संतुलित करना है तो मन को स्थिर रखना होगा। जब तक हमें मानसिक शांति नहीं मिलेगी तब तक हम जीवन के विकारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। उस स्थिति में योग ही सबसे सरल और सुविधा युक्त माध्यम हमारे पास उपलब्ध है। हमारी हजारों साल की वैदिक परंपरा को वैश्विक मंच मिला है। योग का प्रयोग अब दुनिया भर में चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी होने लगा है, उसे स्थिति हमें अपने जीवन के साथ जीने का नजरिया भी बदलना होगा। योग से संबंधित यूनिवर्सिटी, शोध संस्थान, आयुर्वेद दवा उद्योग नई उम्मीदें और आशाएं लेकर आयेगा। भारत और दुनिया भर में योग के लिए संस्थान स्थापित हुए हैं। योग को पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है। योग स्वस्थ दुनिया की तरफ बढ़ता कदम है। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने भगवान लक्ष्मण की कथा

**चन्दन चौकी मोतिया हार, राम कथा म्हारे हिवडे रो आधार, राम कथा सुनाऊ राम ने मनाऊं , राम कहे तो प्रदेश में जाऊ,** सीताजी ने कहा हे बाई ! तूने मेरी मृत्युलोक में मदद करी भगवान तेरी स्वर्ग लोक में रक्षा करेंगे। सीताजी ने राम कथा सुनाई बाई ने कथा सुनी - आवो राम बैठो **राम जल भर झारी लाई राम,**
**केला री दातुन लाई राम, ठंडा जलभर लाई राम सम्पाडो पधरावो राम झगल्या टोपी ल्याई राम, कड़ा किलंगी लाई राम स्वर्ण सिंहासन लाई राम, तापर आप बिराजो राम, झालर टिकारा लाई राम, शंख ध्वनी गरणाऊ राम,**
**हिवडे हीरा सोंवे राम निरखता मन मोहे राम, चरण शरण में आई राम शरण आपरी ले ल्यो राम माखन मिस्त्री ल्याई राम माखन मिश्री आरोगो राम, दूध भर कटोरी लाई राम` मेवा चिरंजी परोसू राम, खाती मीठी चाखां राम, चरखो फरखो आरोगो राम रुच रुच भोग लगाओ राम, जो भावे सो लेल्यो राम, जल भर झारी ल्याई राम, अबै आचमन करल्यो राम, रे स्याम गमछो ल्याई राम` हाथ मुंह पौछ्ल्यो राम, पुष्पा सु सेज बिछाऊ राम, अंतरिया छिड़काऊं राम, हिंगलू डोल्या दूलाऊं राम, सीताजी चरण दबावे राम, मुखभर सेज पोढो राम, हाजर पंखा ढोलू राम, थामें राम , महामे राम` रोम रोम में राम ही राम, घट घट माय बिराजो राम` मुख में तुलसी बोलो राम, खाली मिजाज काई काम`जब बोलो जब राम ही राम, बोलो पंछी राम राम , पुरण होवे मंगल काम,**-- राम कथा पूर्ण हुई तो सीता जी ने कहा ! हे बाई तूने मेरी राम कथा सुनी , मेरी सहायता की राम जी लक्ष्मण को जिमाया हैं भगवान तेरी भी रक्षा करेंगे। तुझे स्वर्ग का सुख मिलेगा सीता माता ने उपहार स्वरूप अपने गले का हार दे दिया। जब वह घर गई तो उसके मटका सब सोने के हो गये।

*(क्रमशः)*

# बिपरजॉय : धीरोदात्त नायक के रूप में उभरे प्रधानमंत्री मोदी



शिवराज सिंह चौहान

**भारत** में प्रायः हर साल चक्रवात तूफान आते रहते हैं चाहे अरब सागर में हों या बंगाल की खाड़ी में। आम तौर पर चक्रवात कम दबाव वाले क्षेत्र के आसपास वायुमंडलीय गड़बड़ी से उत्पन्न होते हैं। चक्रवातों के बाद आमतौर पर भयंकर तूफान और खराब मौसम आते हैं। यदि हम पिछले 2 से 3 दशक की घटनाओं पर नजर डालें तो भारत को जिन-जिन खतरनाक तूफानों का सामना करना पड़ा, उसमें जान-माल की हानि के साथ बड़ी संख्या में जनहानि भी उठानी पड़ी। इसके विपरीत हाल ही में गुजरात में आये चक्रवात बिपरजॉय की सूचना मिलने पर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा एहतियातन की गई तैयारियों ने कम से कम जनहानि को तो बचा लिया। आपदाओं में घर के जो मुखिया जिस सतर्कता, धीरज, विवेक और गंभीरता का परिचय देकर संकट की भयावहता को शून्य करने में सफल होते हैं, वही इतिहास में धीरोदात्त नायक के रूप में स्थापित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले नौ सालों के कार्यकाल में यह बार-बार सिद्ध हो चुका है कि वे किसी भी संकट से देशवासियों की प्राण-रक्षा के लिए आपदा में धैर्य नहीं खोते और सुविचारित रणनीतियों के साथ मुकाबला करते हैं; चाहे वह चक्रवात हो, अन्यस प्राकृतिक संकट हों या अतिवृष्टि और बाढ़, देश की सुरक्षा और अखंडता को कोई खतरा हो या कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी हो। अपनी कार्य-योजनाओं से वे जनहानि और अन्य नुकसान की रोकथाम का बेहतर प्रबंधन करने में कामयाब रहे हैं। हालिया चक्रवात बिपरजॉय से निपटने में भी प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन और रणनीतियां कारगर सिद्ध हुईं। उन्होंने बिपरजॉय के संकट से निपटने के लिए शासनिक और प्रशासनिक मशीनरी को समय पूर्व सजग किया। स्वयं, केंद्र और गुजरात की एजेंसियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर चक्रवात के प्रभावी क्षेत्र के रहवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुमचाना और बिजली, पानी, स्वास्थ्य और दूरसंचार जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के रख-रखाव को सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की, जो उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री के निर्देशों का परिणाम ही रहा कि चक्रवात से निबटने की तैयारियों के अहम अंग नियंत्रण कक्षों ने दिन-रात कार्य किया और कर रहे हैं। पिछले लगभग एक दशक में भारत के विभिन्न क्षेत्र में आये चक्रवातों से जनहानि को रोकने के भरपूर प्रयास हुए हैं। कुछ खतरनाक चक्रवातों में जनहानि भी हुई। लेकिन बिपरजॉय चक्रवात से निपटने के लिये जो अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई उसमें जन-सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा गया। जैसा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रभावी कार्य-योजना बनाकर संबंधित राज्यों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। मेरा मानना है कि इन तमाम व्यवस्थाओं के चलते बिपरजॉय के प्रभाव से होने वाली जनहानि को रोका जा सका।

**कैसे हो पाता है यह सब :** जैसा कि हम जानते हैं कि भारत में लगभग 58 प्रतिशत भू-भाग सामान्य से लेकर बहुत अधिक तीव्रता वाला भूकंप संभावित क्षेत्र है और 40 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र यानी देश के 12 प्रतिशत भू-भाग में बाढ़ की संभावना बनी रहती है। हमारे यहां 7516 किलोमीटर तक तटीय क्षेत्र में लगभग 5700 किलोमीटर क्षेत्र चक्रवात और सुनामी संभावित क्षेत्र है। प्रधानमंत्री ने इन सब बातों का ख्याल रखते हुए ही आपदा प्रबंधन की रणनीतियों पर बहुत ध्यान दिया है ताकि आपदा से प्रभावित होने वाले गरीब लोगों को जान-माल का नुकसान न हो।

**यदि हम पिछले 2 से 3 दशक की घटनाओं पर नजर डालें तो भारत को जिन-जिन खतरनाक तूफानों का सामना करना पड़ा, उसमें जान-माल की हानि के साथ बड़ी संख्या में जनहानि भी उठानी पड़ी।**

देश-विदेश

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# यह गीता प्रेस का ही नहीं संस्कृति का भी सम्मान है



मृत्युंजय दीक्षित

**न केवल** भारत वरन संपूर्ण विश्व में सनातन हिंदू संस्कृति का साहित्य के माध्यम से प्रचार- प्रसार करने वाली संस्था गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार मिलना हिंदू सनातन संस्कृति व साहित्य के लिए गर्व और हिंदू समाज के लिए आनंद की अनुभूति का समय है। जरा सोचिए कि अगर गीता प्रेस न होता तो आज हिंदू सनातन संस्कृति व परम्परा का क्या हाल हो रहा होता? एक विदेशी डाक्टर ए.ओ. हयूम तथा अंग्रेज मैकाले की शिक्षा के कुप्रभाव को रोकने में अगर जिसने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वह गीता प्रेस ही है। आज संपूर्ण विश्व में हिंदू सनातन संस्कृति की जो जयकार होती है उसमें गीता प्रेस की बड़ी भूमिका है। संभवतः यही कारण है कि आज कांग्रेस गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिये जाने की आलोचना कर रही है। गीता प्रेस हिंदू धार्मिक ग्रंथों का विश्व का सबसे बड़ा प्रकाशक है। आज हर घर तक गीता, रामायण, महाभारत सहित चार वेद और 18 पुराण तथा गोस्वामी तुलसीदास रचित समस्त साहित्य को बेहद सस्ती दरों में पहुंचाने का श्रेय यदि किसी को जाता है तो वह गीता प्रेस है। गीता प्रेस को सम्मान मिलना संस्थापक जयदाल जी गोयन्दका व हनुमान प्रसाद पोद्दार जी जैसे महान संतों का भी सम्मान है। गीता प्रेस का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के सिद्धांतों, गीता,रामायण, उपनिषद, पुराण, संतों के प्रवचन और अन्य चरित्र निर्माण की पुस्तकों और पत्रिकाओं का प्रकाशन तथा अत्यंत सूक्ष्म मूल्य पर विपणन करके इनको आम जन के लिए सुलभ कराना है। गीताप्रेस कार्यालय गोरखपुर में स्थित है जो भी लोग गोरखपुर भ्रमण के लिए जाते है वे गीताप्रेस अवश्य जाते हैं और सत साहित्य खरीद कर लाते हैं। गीता प्रेस की स्थापना 1923 में महान गीता मर्मज्ञ जयदयाल गोयन्दका के कर कमलों से हुई थी। यह संस्था भगवत्कृपा से सत साहित्य का उत्तरोत्तर प्रचार -प्रसार करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर है। गीता प्रेस ने निःस्वार्थ भाव से सेवा कर्तव्य बोध दायित्व निर्वाह प्रभु निष्ठा प्राणिमात्र के कल्याण की भावना और आत्मोद्धार की जो सीख दी है वह सभी के लिए अनुकरणीय बना हुआ है। गीता प्रेस मार्च 2014 तक 58 करोड़ 25 लाख से अधिक पुस्तकें प्रकाशित कर चुका था। यहां पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक पुस्तकें छपती हैं। गीता प्रेस बच्चों के लिए प्रेरक सत साहित्य का भी प्रकाशन करता है। अब तक 12 करोड़ से भी अधिक भक्त चरित्र और भजन संबंधी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। कई पुस्तकों के 80- 80 संस्करण तक प्रकाशित हो चुके हैं। गीता प्रेस में गीता का मूल्य एक रुपये से प्रारम्भ होता है और इसी प्रकार हनुमान चालीसा, और सुंदरकांड जैसे ग्रंथ भी मात्र तीन रुपये में ही उपलब्ध हो जाते हैं। यहां की पुस्तकें लागत से 40 से 90 प्रतिशत कम मूल्य पर बेची जाती है। यह एक ऐसा प्रेस है जिसमें किसी जीवित व्यक्ति का चित्र या कोई विज्ञापन नहीं प्रकाशित होता है। यहां कुल 15 भाषाओं हिंदी, संस्कृत,अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, मराठी,बंगला, उड़िया, असमिया, गुरुमुखी, नेपाली और उर्दू में पुस्तकें प्रकाशित होती है। इस प्रकार गीता प्रेस एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है। गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार उसकी इस भावना को भी दिया गया सम्मान है। गीता प्रेस कल्याण नाम की एक पत्रिका प्रकाशित करता है जिसका एक विशेषांक हर वर्ष के प्रथम या द्वितीय माह तक उपलब्ध हो जाता है और विशेषांक लेने वाले प्रत्येक ग्राहक को यह पत्रिका पूरे वर्ष निशुल्क मिलती रहती है।

**गीता प्रेस ने निःस्वार्थ भाव से सेवा कर्तव्य बोध दायित्व निर्वाह प्रभु निष्ठा प्राणिमात्र के कल्याण की भावना और आत्मोद्धार की जो सीख दी है वह सभी के लिए अनुकरणीय बना हुआ है।**

धर्म ज्ञान

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### मुजफ्फरपुर में सड़क हादसा, तीन की मौत

**पटना/मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मुजफ्फरपुर-साहेबगंज रोड पर सोमवार देर रात जेसीबी लोड कंटेनर ने ऑटो को रौंद दिया। इस दुर्घटना में एक मासूम सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए है।

बरूराज पुलिस के मुताबिक में एक परिवार अपने छोटे बच्चे को डॉक्टर को दिखाकर मुजफ्फरपुर शहर से साहेबगंज ऑटो से लौट रहा था । बरूराज थाना क्षेत्र के मुरारपुर में यह हादसा हुआ। घायलों को फौरन इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

मृतकों की पहचान शहनाज बेगम, मासूम बच्चा और ऑटो चालक मोहम्मद आमिर शामिल हैं। घायल व्यक्तियों में कैकसा प्रवीण, नेहा और सिमी हैं। इनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। बरूराज थानाध्यक्ष संजय दुबे ने बताया कि कंटेनर को जब्त कर लिया गया है। चालक मौके से फरार हो गया था । पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### मुरैनाः ईंट भट्टे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

**मुरैना।** जिले के अम्बाह थाना क्षेत्र के ग्राम बड़फरा लक्ष्मणपुरा में मंगलवार सुबह पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चे पास ही खेल रहे थे। इसी दौरान यह घटना हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अंबाह कस्बे के पास ग्राम बड़फरा लक्ष्मणपुरा में ईंट भट्टा, जहां यहां आगरा के नगला गांव से 30 से 40 लोग मजदूरी करने के लिए आए हैं। यह मजदूर परिवार के साथ ईंट भट्टे के पास ही रहते हैं। भट्टे के पास ही ईंट बनाने के मिट्टी खोदी गई है, जिसकी वजह से वहां करीब छह-सात फिट गहरा गड्ढा बन गया है और सोमवार को हुई भारी बारिश के कारण उसमें पानी भर गया है। मंगलवार को मजदूरों के चार-पांच बच्चे ईंट भट्टे के पास ही खेल रहे थे। इसी दौरान दो बच्चे नहाने के लिए गड्ढे में उतर गए और उसमें डूब गए। पास ही काम कर रहे मजदूरों ने बच्चों को गड्ढे में डूबते हुए देख लिया। मजदूर उन्हें बचाने के लिए मौके पर पहुंचे और बच्चों को गड्ढे से बाहर निकालकरअंबाह सिविल अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई और दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ओडिशा ट्रेन हादसाः रेलवे ने कहा कोई कर्मचारी लापता नहीं

**भुवनेश्वर।** दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि उसका कोई भी कर्मचारी लापता या फरार नहीं है और सभी ओडिशा में हुई ट्रेन दुर्घटना की जांच में सीबीआई का सहयोग कर रहे हैं। एसईआर ने एक बयान में कहा, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि एक कर्मचारी लापता/फरार है। यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी कर्मचारी सीबीआई और सीआरएस जांच का हिस्सा हैं। कोई भी कर्मचारी लापता/फरार नहीं है। सीबीआई ने कनिष्ठ अभियंता (सिग्नल) के किराए के मकान को सोमवार को सील कर दिया था क्योंकि घर में कोई नहीं था।

गत 2 जून की शाम को हुई ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना में कम से कम 292 लोग मारे गए थे। इस बीच, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बाहानगा में स्थानीय लोगों से मिलने वाले हैं, जिन्होंने शुरूआत में बचाव अभियान चलाया और कई लोगों की जान बचाई।

## मुख्यमंत्री शिवराज ने जनजातीय समाज के लोगों से किया संवाद, कहा

# सांस्कृतिक विरासत को सहेजना जरूरी



**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में जनजातीय कला, संस्कृति और विरासत को सहेजकर रखा जाएगा। जनजातीय नायकों की मूर्तियाँ स्थापित करने के कार्य में कमी नहीं रहने दी जाएगी। समाज के गौरव और सम्मान के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश में वीरांगना रानी दुर्गावती की गौरव यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जनजातीय वर्ग की बढ़-चढ़कर भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री चौहान सोमवार देर शाम अपने निवास कार्यालय में जनजातीय समाज के लोगों और समाज के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने धरती के संसाधन सभी के लिए बनाए हैं। प्राकृतिक संसाधनों पर सभी का हक है। सामाजिक समरसता और समन्वय के साथ गरीबों को न्याय मिले, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में एक समय में स्कूल और छात्रावासों का अभाव था। अब व्यापक स्तर पर स्कूल, छात्रावास, कॉलेज जगह-जगह खोले गए हैं। बेटियाँ शाला जाकर पढ़ नहीं पाती थीं, इस बात को ध्यान में रखते हुए हमने वर्ष 2006-07 में बेटियों को साइकिल देने का अभियान शुरू किया। इसके बाद बेटों को भी साइकिल देना शुरू हुआ। बड़ी संख्या में बच्चों ने स्कूल, कॉलेज जाना शुरू किया। अब बड़ी संख्या में बेटा-बेटी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा जी का पानी विभिन्न जिलों में पहुंचाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कपिलधारा के कूप व्यापक स्तर पर खुदवाए गए हैं। सिंचाई की सुविधा बढ़ने से अच्छी फसल पैदा होने लगी है। सिंचाई के साधनों का लगातार विस्तार किया जा रहा है। विकास की दौड़ में पीछे रह गए लोगों को बराबरी पर लाया जाएगा। पेसा नियम लागू किया गया है। जनजातीय क्षेत्रों में गौण खनिजों पर पंचायतों को अधिकार दिया गया है। पेसा नियम के प्रत्येक प्रावधान को लागू किया जा रहा है। पेसा नियम महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान चलाया गया है। रोजगार और स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए युवाओं के लिए सब्सिडी की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में एक लाख पदों पर भर्ती जारी है, 50 हजार पदों पर भर्ती और होगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जनजातीय समाज के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की गई हैं। बैगा, भारिया, सहरिया जनजाति की महिलाओं को पोषण आहार अनुदान की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से सामाजिक क्रांति आ रही है। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में युवाओं को प्रशिक्षण और भत्ता देने की योजना बनी है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना जैसी कई योजनाएँ चल रही हैं। विदेशों में अध्ययन, नीट की परीक्षा आदि के लिए सुविधा प्रदान की जा रही है। अब मेडिकल और इंजीनियर की पढ़ाई हिन्दी में होगी। यह क्रांतिकारी फैसला है। आज लगभग 46 लाख बेटियाँ लाड़ली लक्ष्मी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रदेश की सवा करोड़ बहनों को 1000 रुपये दिए जाएंगे, जो धीरे-धीरे 3 हजार तक पहुँच जाएंगे। मेरी संकल्पना है कि हर बहन लखपति बने। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि आमआदमी के कल्याण की योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिए मिलकर काम करें। बहनों के कल्याण की योजनाओं का लाभ ठीक ढंग से दिलाने के लिए लाड़ली बहना सेना बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और प्रशासन के बीच की कड़ी बनकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग कर अपना जीवन अर्थपूर्ण बनाएँ। टीम बनाकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर नजर रखी जाए।

# हाई कोर्ट का विधायक को सुरक्षा देने का आदेश



**एजेंसी। कोलकाता**

पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने को लेकर दक्षिण 24 परगना जिला अंतर्गत भांगड़ में हो रही हिंसा को देखते हुए भांगड़ के विधायक नौशाद सिद्दीकी को जल्द से जल्द केन्द्रीय सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश कलकत्ता हाई कोर्ट ने दिया है। कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने मंगलवार को यह आदेश केंद्र सरकार को दिया। सोमवार को अगली सुनवाई के दौरान केंद्र रिपोर्ट पेश करेगा। भांगड़ के विधायक नौशाद सिद्दीकी ने हाल ही में बिना नाम लिए तृणमूल पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। ऐसे में उन्होंने सुरक्षा की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई है। कोर्ट के आदेश पर केंद्र यह पता लगाएगा कि विधायक की सुरक्षा के लिए कितने जवानों की जरूरत है और सुरक्षा की व्यवस्था जल्दी करें। मंगलवार को न्यायमूर्ति मंथा ने कहा कि मौजूदा चुनावी माहौल में भांगड़ के विधायक को केंद्रीय सुरक्षा की जरूरत है। उन्हें (नौशाद सिद्दीकी) दी जा रही धमकी को देखते हुए यह सुरक्षा जल्द से जल्द मुहैया कराई जाए। हालांकि, इस बीच एक पत्र सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि केंद्र ने पहले ही आईएसएफ विधायक को केंद्रीय सुरक्षा मुहैया करा दी थी। नौशाद की सुरक्षा कराने के लिए केंद्र की ओर से इंतजाम किए जा रहे हैं।

# छत्तीसगढ़:गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा शुरू

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ में आज से गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा शुरू हो रहा है ,जो कि 4 जुलाई तक चलेगा ।बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर की स्थापना के साथ ही लोगों को डायरिया के बारे में जागरूक किया जाएगा ।बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. वी.आर. भगत ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जन्स को और सभी संबधित अधिकारियों को कार्यक्रमों व गतिविधियों की जानकारी देने तथा आवश्यक समन्वय के लिए निर्देश पत्र जारी करने कहा गया है।

उन्होंने बताया कि सभी ए.एन.एम. और मितानिनों को डायरिया केस प्रबंधन, उपचार, काउंसलिंग पर प्रशिक्षण तथा अभियान के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के लिए निर्देशित करने कहा गया है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की टंकियों की सफाई के भी निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलों के सीएमएचओ को ओआरएस और जिंक टेबलेट का उठाव करते हुए इनका वितरण सुनिश्चित करने भी कहा गया है। इस अभियान के दौरान दौरान मितानिनों द्वारा शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों वाले घरों में ओआरएस पैकेट का वितरण तथा इसके उपयोग के संबंध में सलाह प्रदान कर ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन किया जाएगा।

### 68 पहुंचा बलिया में गर्मी से मरने वालों का आंकड़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पिछले 24 घंटों में गर्मी से संबंधित बीमारियों से 14 और मरीजों की मौत हो गई, जिससे लू से मरने वालों की संख्या बढ़कर 68 हो गई है। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक समिति ने बांसडीह और गरवार विकास खंडों के उन गांवों का दौरा किया जहां सबसे अधिक जनहानि हुई है। मेडिकल केयर के डायरेक्टर डॉ. केएन तिवारी और इन्फेक्शस डिजीज के डायरेक्टर डॉ. एके सिंह के नेतृत्व में टीम ने कुछ मृतकों के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और अध्ययन किया कि क्या कोई विशिष्ट पैटर्न देखा जा सकता है। सिंह ने कहा, हमने कुछ परिवारों से बात की और पता चला कि मृतक लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनमें से एक को टीबी था। लेकिन गांवों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप है।

# अब भारत में पीओके का विलय चाहते हैं वहां के लोग: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी। अंबेडकरनगर**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ जहां भारत से अलग हुआ पाकिस्तान अपने कर्मों की सजा भुगत रहा है। उसके नागरिक भूख से मर रहे हैं। वहां एक किलो आटा के लिए छीना-झपटी मची हुई है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोग पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते हैं। वहां के लोग मांग कर रहे हैं, पीओके का विलय भारत में हो जाए। सीएम योगी मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ अंबेडकरनगर पहुंचे। इस दौरान दोनों ने 1,212 करोड़ रुपए की 2,339 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक नई यात्रा की ओर आगे बढ़ चुका है। आज दुनिया में जब भी कोई संकट आता है तो पूरा विश्व आशा भरी निगाहों से भारत की तरफ देखता है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले तक यही भारत आतंकवाद, नक्सलवाद और माओवाद से ग्रसित था। आज कोई भी दुश्मन भारत की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता है। देश के 15-18 जिलों में फैला माओवाद और नक्सलवाद अब 3-4 जनपदों तक सीमित रह गया है। भारत की धरती से बहुत ही जल्द माओवाद और नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल भारत के इतिहास के लिए बेमिसाल हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। इसके लिए आवश्यक होगा, हम गांव की इकाइयों को भी छुएं। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर पर दुनिया भारत की ऋषि परंपरा के प्रति अपना आभार व्यक्त करेगी। आप सब भी अपने अमृत सरोवर, पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय या किसी भी सार्वजनिक स्थल पर प्रातः योगाभ्यास करें और योग को आम जन तक पहुंचाने का कार्य करें। यह हम सबकी जिम्मेदारी बनती है।

# टीबी के उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्ग की भागीदारी जरूरी: टीएस सिंहदेव



**एजेंसी। रायपुर**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने मंगलवार को रायपुर के नवीन विश्राम भवन में टीबी के मरीजों को सुपोषण उपलब्ध करा रहे प्रदेश भर के नि-क्षय मित्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम में टीबी के मरीजों को पोषण आहार का पैकेट भी वितरित किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नि-क्षय मित्र के रूप में टीबी के इलाजरत मरीजों के पोषण आहार की जिम्मेदारी उठा रहे नौ गैर-सरकारी व स्वयं सेवी संस्थाओं, नौ सार्वजनिक उपक्रमों एवं औद्योगिक कंपनियों, चार जनप्रतिनिधियों, निजी क्षेत्र के 11 अस्पतालों एवं डॉक्टरों, स्वास्थ्य विभाग के चार अधिकारियों तथा 14 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि टीबी के उन्मूलन के लिए जन और समुदाय की भागीदारी जरूरी है। नि-क्षय मित्रों के रूप में स्वास्थ्य विभाग को इसमें अच्छा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों की समय पर पहचान और इलाज आवश्यक है। इसके पीड़ितों का समय पर उपचार नहीं होने से 50 प्रतिशत मामलों में मृत्यु संभावित है। सिंहदेव ने स्वास्थ्य विभाग को नि-क्षय मित्र के तौर पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने कहा। उन्होंने खुद भी टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में नि-क्षय मित्र के रूप में जुड़ने की इच्छा जताई। स्वास्थ्य मंत्री ने नि-क्षय मित्रों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके जुड़ने से प्रदेश से टीबी को खत्म करने के अभियान में तेजी आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान में आगे भी व्यक्तिगत और संस्थागत रूप में लोगों का सहयोग लगातार मिलते रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कहा कि, टीबी उन्मूलन के लिए विभाग 2019 से विशेष अभियान चला रहा है।

# मुख्यमंत्री नीतीश का तमिलनाडु दौरा रद्द, तेजस्वी और संजय झा गए



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का तमिलनाडु दौरे स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री मंगलवार को तमिलनाडु जाने वाले थे लेकिन एयरपोर्ट पहुंचने से कुछ घंटे पहले उनका कार्यक्रम रद्द हो गया। क्योंकि, उनका स्वास्थ्य खराब हो गया ।मुख्यमंत्री के तमिलनाडु जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। तेजस्वी एयरपोर्ट पर पहुंचकर सीएम का इंतजार कर रहे थे लेकिन ऐन वक्त पर नीतीश की तबीयत बिगड़ गई और उनका तमिलनाडु जाने का कार्यक्रम स्थगित हो गया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अकेले ही तमिलनाडु के लिए रवाना होना पड़ा। हालांकि, मुख्यमंत्री ने अपनी जगह जदयू नेता और मंत्री संजय झा को तेजस्वी के साथ भेजा है। तमिलनाडु में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और मंत्री संजय झा एम करुणानिधि स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वहां के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात करेंगे। मुलाकात के दौरान दोनों नेता स्टालिन को 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक के लिए उन्होंने निमंत्रण देंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश तमिलनाडु के सीएम से भी मुलाकात करने वाले थे, जिसकी चर्चा पिछले चार दिन से हो रही थी।

## राजनीति

**मप्र में भाजपा ने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है।**

# भाजपा चुनावी मोड में, नेताओं की घर-घर दस्तक



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह चुनावी मोड में नजर आने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत नेताओं ने घर-घर तक दस्तक देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा राजधानी में घर-घर दस्तक देते नजर आए। प्रदेश में मंगलवार से 'घर-घर जनसंपर्क' अभियान की शुरूआत हुई। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री चौहान ने भोपाल के हुजूर विधानसभा क्षेत्र के गांधी नगर मंडल के बूथ क्रमांक 45, जैन नगर लालघाटी, पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने भोपाल उत्तर विधानसभा के रानी कमलापति मंडल के बूथ क्रमांक 126 एवं पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने भोपाल के मध्य विधानसभा क्षेत्र के शाहपुरा मंडल के वार्ड-50 के बूथ क्रमांक 180 ईश्वर नगर, में पहुंचकर घर-घर जनसंपर्क अभियान किया और आमजन को केंद्र की मोदी सरकार की नौ साल की जनहितैषी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही पत्रकों का वितरण कर योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री चौहान ने जैन मंदिर में दर्शन कर जैन नगर लालघाटी से 'घर-घर जनसंपर्क' अभियान की शुरूआत की। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से भेंटकर केंद्र की भाजपा सरकार की नौ साल की जनहितैषी योजनाओं के पत्रक वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि "भाजपा का प्रदेश में महा जनसंपर्क अभियान शुरू हुआ है। जिसके तहत 'घर-घर जनसंपर्क' कर सरकार की योजनाओं के बारे में आमजन को बताया जाएगा। मैं जनसंपर्क करने के लिए निकला हूं।" उन्होंने आगे कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ साल में देश-प्रदेश बदल रहा है। मोदी सरकार के कामों को हम जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूर्ण हितलाभ मिल रहा है।"मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि "सवा साल जो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं उन्हें घटिया भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। वे अधिकारी-कर्मचारियों को डरा रहे हैं। अधिकारी कर्मचारी भी इंसान हैं, क्या उनको बेइज्जत किया जाएगा। उन्हें डराने-धमकाने की भाषा बोली जाएगी। प्रदेश सब देख रहा है। प्रदेश की जनता इसे सहन नहीं करेगी।"धर्मांतरण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि "गड़बड़ कोई भी करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में धर्मांतरण का कुचक्र, गुंडागर्दी और दादागिरी नहीं चलने देंगे, ऐसी गुंडागर्दी प्रदेश में बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"कांग्रेस द्वारा गीता प्रेस को मिले सम्मान को लेकर किए जा रहे विरोध पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "गीता प्रेस को मिल रहे सम्मान का विरोध करने वालों को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। मैंने भी धार्मिक साहित्य का अध्ययन गीता प्रेस से प्रकाशित पुस्तकों को पढ़कर ही किया है। गीता प्रेस से प्रकाशित गीता और अन्य धार्मिक पुस्तकों ने देश में अध्यात्म को बढ़ाया है।" प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण हुए हैं। सुशासन एवं गरीब कल्याण की योजनाओं से प्रत्येक घर में जो कार्य हुए हैं उसे लेकर केंद्र सरकार ने गरीबों का जीवन बदलने का अभियान चलाया है।

### अपराधियों ने पेट्रोल पम्प कर्मी की गोली मार की हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में बेलगाम अपराधियों ने पेट्रोल पम्प लूट के दौरान एक पम्प कर्मी को गोली मार दी, जिससे घटना स्थल पर कर्मी की मौत हो गयी। घटना डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के सरोत्तर एनएच 27 की है,जहां माँ हाइवे पेट्रोलियम पर मंगलवार सुबह करीब तीन बजे के करीब तीन चार की संख्या में पहुंचे नकाबपोश अपराधियों ने पम्प ऑफिस में सो रहे दो पम्प कर्मी को हथियार के बल पर नींद से जगा कर दराज मे रखे छबीस हजार चार सौ रुपये लूट लिया, वहीं विरोध करने पर एक पम्प कर्मी पर निशाना बनाते हुए दो गोली चलाया जो पम्प कर्मी के सीने में लगी,जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक कर्मी डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के धनगड़हा निवासी 40 वर्षीय पुत्र दुर्गा पटेल है,जो इस पंप पर नोजल मैन के रूप में काम करता था।

# जूनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय : चंडीगढ़ हरियाणा, मध्य प्रदेश सेमीफाइनल में



**एजेंसी। राउरकेला**

हॉकी चंडीगढ़, हॉकी हरियाणा, हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 के बुधवार से शुरू हो रहे सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। हॉकी चंडीगढ़ ने पूल बी में हॉकी आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ हॉकी का सामना किया और टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल चरण में आगे बढ़ने के लिए दोनों टीमों को हराया, जहां उन्होंने हॉकी पंजाब का सामना किया और सेमीफाइनल में आगे बढ़ने के लिए पेनल्टी शूटआउट 1-1 (3-2) से जीता। हॉकी हरियाणा ने पूल सी में हॉकी उत्तराखंड और हॉकी हिमाचल को हराकर पूल चरण में अजेय रहने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल में, उन्होंने हॉकी झारखंड का सामना किया और पेनल्टी शूटआउट में 2-2 (3-2) से जीत हासिल की। हॉकी मध्य प्रदेश टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के दौरान उत्तर प्रदेश हॉकी और केरल हॉकी को हराकर पूल ए में शीर्ष पर रहा और इस प्रक्रिया में टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में एक स्थान अर्जित किया।

हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी महाराष्ट्र को क्वार्टर फाइनल मैच में 9-2 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पूल डी में मणिपुर हॉकी, हॉकी जम्मू और कश्मीर और हॉकी गुजरात को हराया।

# चिराग-सात्विक करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन में अपने ऐतिहासिक बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 खिताब के बाद करियर की नई उच्च रैंकिंग नंबर 3 हासिल की। इस जोड़ी ने फाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर रविवार को भारत का पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 खिताब जीता।



सात्विक और चिराग ने अब तक 2023 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, दो विश्व टूर टूर्नामेंटों में जीत हासिल की है जिसमें बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने के साथ स्विस ओपन और इंडोनेशिया ओपन शामिल हैं।

पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत तीन पायदान ऊपर चढ़कर 19वें विश्व रैंक के साथ शीर्ष 20 में प्रवेश कर गए जबकि लक्ष्य सेन दो स्थान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंच गए। विश्व में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय ने इंडोनेशिया ओपन में अपने सेमीफाइनल सफर के बाद विश्व रैंकिंग में 9वें स्थान पर अपना नंबर बरकरार रखा।

इसके अतिरिक्त, उभरती प्रतिभा प्रियांशु राजावत ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 30 रैंकिंग हासिल की, जिससे वह शीर्ष 30 रैंकिंग में प्रवेश करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू दो स्थान की छलांग लगाकर विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टूर्नामेंटों में अपनी सीमित भागीदारी के बावजूद, साइना नेहवाल भी एक स्थान की बढ़त हासिल करने में सफल रहीं, जो अब दुनिया में 31वें नंबर की प्रतिष्ठित स्थिति पर काबिज हैं।

महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने रैंकिंग में 16वां स्थान बरकरार रखा है। दूसरी ओर, अश्विनी भट और शिखा गौतम दो पायदान खिसककर 41वें स्थान पर आ गए। मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी दो स्थान ऊपर चढ़कर वर्ल्ड नंबर 33 पर पहुंच गए हैं। तनीषा क्रास्टो और इशान भटनागर एक पायदान नीचे खिसक गए हैं और अब वर्ल्ड नंबर 38 हैं।

रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी ने मिश्रित युगल वर्ग में दो स्थान की बढ़त के साथ वैश्विक रैंकिंग में 33वां स्थान हासिल किया। इसके विपरीत, तनीषा क्रेस्टो और इशान भटनागर एक स्थान नीचे खिसक कर विश्व में 38वें स्थान पर पहुंच गए।

## NEWS इन ब्रीफ

### इजराइल ने एंडोरा को 2-1 से जीत दर्ज की

**यरूशलम।** इजराइल ने यहां टेडी स्टेडियम में एंडोरा के खिलाफ घर में 2-1 से जीत दर्ज की जो यूरो 2024 क्वालीफायर में उसकी दूसरी जीत है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने पहले हाफ में शायद ही कभी एंडोरा के गोल की तरफ रुख किया, लेकिन 42वें मिनट में डिफेंडर रज श्लोमो ने 25 मीटर की दूरी से एक जबरदस्त शॉट के साथ गोल किया। फुलहम विंगर मनोर सोलोमन ने 45वें और 48वें मिनट में अच्छे मौके गंवाए, इससे पहले एंडोरा के स्ट्राइकर बेटरे रोजास ने 52वें मिनट में श्लोमो की रक्षात्मक त्रुटि के बाद स्कोर बराबर कर स्टेडियम को चौंका दिया। 61वें मिनट में, सोलोमन ने अंत में पेनल्टी क्षेत्र के केंद्र में विंग से ड्रिबलिंग के बाद गेंद को नेट में पहुंचा दिया। चार मैचों के बाद, इजराइल अब ग्रुप एक में सात अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, रोमानिया से एक कम, जिसने ग्रुप लीडर स्विट्जरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ किया। एंडोरा एक अंक के साथ सबसे नीचे है, वह बेलारूस और कोसोवो से पीछे है, जिनके तीन-तीन अंक हैं। इजराइल अब रोमानिया की यात्रा करेगा, जबकि एंडोरा का मेजबान बेलारूस और कोसोवो का सामना स्विट्जरलैंड से होगा, जिसमें तीनों मैच 9 सितंबर को होने हैं।

### हांगकांग,चीन मैत्री फुटबॉल मैच में थाईलैंड से हारा

**हांगकांग।** घरेलू मैदान हांगकांग में खेले गए मैत्री फुटबॉल मैच में हांगकांग,चीन को थाईलैंड से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, थाईलैंड को पहले हाफ में कुछ मौके मिले, लेकिन गोलकीपर याप हंग फाई ने स्कोरलाइन के स्तर को बनाए रखते हुए कई बचाव किए। पहला हाफ गोलरहित रहा। 63वें मिनट में, थाईलैंड ने अंततः डिफेंस में छेद कर दिया, जब तेरासिल डंगडा ने पेनल्टी क्षेत्र में प्रवेश किया और एक एंगल्ड शॉट के साथ निर्णायक गोल कर दिया।

# आज भारत-पाकिस्तान के बीच बड़ी टक्कर

**एजेंसी। बेंगलुरू**

भारत और पाकिस्तान के बीच दर्शकों को बड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों देशों के बीच सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप का मुकाबला आज श्री कांतीरावा स्टेडियम पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा। पाकिस्तान फुटबॉल टीम को सोमवार की रात को भारतीय उच्चायोग से वीजा मिल गया। मैच बुधवार को श्री कांतीरावा स्टेडियम पर शाम 7:30 पर खेला जाना है। एआईएफएफ स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और हमें यकीन है कि यह मैच निर्धारित समय पर ही होगा।" बता दें कि मैच का आधिकारिक प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क है। इस प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण उनके टीवी चैनलों पर उपलब्ध होगा। टूर्नामेंट की लाइव स्ट्रीमिंग देखने के इच्छुक प्रशंसक डिज्नी + हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सब्सक्रिप्शन लेकर देख सकते हैं।




पाकिस्तानी टीम मॉरीशस में एक टूर्नामेंट खेलने गई थी और उसकी रवानगी में विलंब हो गया क्योंकि पिछले सप्ताह भारतीय दूतावास बंद था और वीजा को मंजूरी नहीं मिल सकी। पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ ने अपने देश के राष्ट्रीय खेल बोर्ड को समय पर एनओसी नहीं देने के लिये दोषी ठहराया था। वहीं खेल बोर्ड ने कहा कि महासंघ ने इस्तावेज जमा करने में विलंब किया जिसकी वजह से देर हुई।

कल से शुरू हो रहे सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए भारत को पाकिस्तान, कुवैत और नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है और प्रशंसक वास्तव में कुछ रोमांचक मैच देख सकते हैं, जो सभी बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले जाएंगे। वहीं ओर ग्रुप बी में बांग्लादेश, लेबनान, भूटान और मालदीव शामिल हैं। फाइनल 4 जुलाई को खेला जाएगा।

### दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अगले महीने पाक जाएगा श्रीलंका

**लाहौर।** पाक 16 जुलाई से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका जाएगा। पीसीबी ने मंगलवार को ये जानकारी दी। पहला टेस्ट 16 जुलाई को गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट कोलंबो में सिंघली स्पोर्ट्स क्लब में 24-28 जुलाई से के बीच खेला जाएगा। बाबर आजम की टीम 9 जुलाई को श्रीलंका पहुंचेगी और 11 जुलाई को दो दिवसीय वॉर्म-अप मैच खेलेगी। इससे पहले 2022 में श्रीलंका दौरे पर पाक ने 342 रनों के लक्ष्य को पीछा करते हुए सफलतापूर्वक चेज किया और पहला टेस्ट चार विकेट से जीत लिया। लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे टेस्ट में 246 रन की जीत के साथ श्रृंखला को बराबर कर लिया।

# वीनस विलियम्स ने जीत के साथ की शुरूआत



**बर्मिंघम।** अमेरिकी स्टार टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने सोमवार को बर्मिंघम क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में 48 वीं रैंकिंग वाली कैमिला जियोर्गी को 7-6 (5), 4-6, 7-6 (6) से शिकस्त दी। 43 वर्षीय वीनस ने लगभग चार वर्षों में शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मुकाबला तीन घंटे से भी अधिक समय तक चला। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार विंबलडन का खिताब जीतने वाली विलियम्स साल के पहले सप्ताह में ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण छह महीने के लिए टेनिस कोर्ट से बाहर हो गईं थी। पिछले हफ्ते उनकी वापसी पर, वह नीदरलैंड में लिबिमा ओपन के पहले दौर में 17 वर्षीय सेलीन नेफ से हार गईं थीं। मैच जीतने के बाद विलियम्स ने कहा, ऐसे कई क्षण थे जहां मैंने सोचा, 'यह मैच खत्म हो गया है।

# स्टुअर्ट ब्रॉड संन्यास लेने तक अपना सब कुछ झोंक देंगे : नासिर हुसैन

**एजेंसी। लंदन**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एशेज 2023 टेस्ट के चौथे दिन अपने शानदार गेंदबाजी स्पेल के बाद तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की प्रतिबद्धता की जमकर तारीफ की। नासिर ने उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया, जो जब तक संन्यास नहीं लेते, तब तक वह अपना सब कुछ दे देंगे। ब्रॉड ने चौथे दिन के खेल के अंतिम सत्र में मार्नस लाबुशेन (13) और स्टीवन स्मिथ (6) को आउट करके चल रहे एजबेस्टन टेस्ट में मेजबान टीम का पलड़ा भारी कर दिया। जब ब्रॉड ने लाबुशेन और स्मिथ को आउट किया तब ऑस्ट्रेलिया 78 रन पर 1 विकेट की सुखद स्थिति में था। चौथे दिन के खेल के अंत में मेहमान टीम ने 3 विकेट पर 107 रन बना लिए थे, उसे 5वें दिन जीत के लिए 174 रनों की जरूरत है, जबकि सात विकेट हाथ में हैं।

हुसैन ने द डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, वह कह सकता है कि उसने हमेशा अपना सब कुछ दिया है। जब तक कि वह अपने जूते लटका नहीं देता। खेल की उसकी समझ, उसके अवसर की भावना, उसके खेल को कब उठाना है, और उसकी समझ। महान खिलाड़ियों को आउट करने की समझ किसी से कम नहीं है।"

आप ब्रॉड को इस बारे में ध्यान लगाते देख सकते हैं, उनकी नौवीं और संभवतः आखिरी एशेज श्रृंखला, अगर उनके पिछले आठ से अधिक नहीं है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका रिकॉर्ड वह है जिसके लिए उन्हें याद किया जाएगा। यहां तक कि 36 साल की उम्र में, वह अलग चले गए और आउटस्विंगर को सही करने पर काम किया जिसने इस चौथी पारी में लाबुशेन और स्मिथ को आउट किया।

# रियल मैड्रिड ने स्पेन के स्ट्राइकर जोसेलु के साथ किया करार




**एजेंसी। मैड्रिड**

रियल मैड्रिड ने स्पेन के स्ट्राइकर जोस लुइस माटो 'जोसेलु' के साथ करार की घोषणा की है। रियल मैड्रिड की वेबसाइट पर कहा गया है, रियल मैड्रिड और एस्पेनयोल ने जोसेलु के लिए एक समझौता किया है। वह आगामी सत्र के लिए हमारे क्लब के लिए खेलेंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में स्पेन के लिए पदार्पण करने वाले 33 वर्षीय जोसेलू क्लब में वापसी कर रहे हैं, जहां वह 2009-2012 तक बी-टीम के लिए 67 बार खेले। इसके वाद जर्मनी में हॉफिनहाइम, इंट्राचैट फ्रैंकफर्ट और हनोवर 96 जैसे क्लबों के लिए खेले। उसके बाद उनका करियर उन्हें स्पेन लौटने से पहले इंग्लैंड में स्टोक सिटी और न्यूकैसल यूनाइटेड ले गया।

अपने कार्यकाल के दौरान उन दोनों क्लबों के लिए जोसेलू ने गोल करने के अपने कौशल को साबित किया। अलावेस के साथ तीन सीजन में 36 गोल किए और पिछले सीजन में एस्पेनयोल के लिए 33 मैचों में 17 गोल किए।

रियल मैड्रिड जोसेलु को एक स्ट्राइकर के रूप में मानता है, जो कम पैसे में पेनल्टी क्षेत्र में काफी कुशल है। उनसे मार्को असेंसियो, मारियानो डियाज और करीम बेंजेमा द्वारा छोड़े गए शून्य को भरने में मदद करने की उम्मीद है।

# मेक्सिको ने मुख्य कोच डिएगो कोका से नाता तोड़ा



**मेक्सिको सिटी।** डिएगो कोका को मेक्सिको की राष्ट्रीय टीम के मैनेजर पद से बर्खास्त कर दिया गया है। वह सिर्फ सात मैचों में टीम के प्रभारी रहे। देश के फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले गुरुवार को लास वेगास में संयुक्त राज्य अमेरिका से कॉनकाकाफ नेशंस लीग के सेमीफाइनल में मिली 3-0 की हार सहित खराब नतीजों के बाद यह घोषणा की गई। यह कॉनकाकाफ गोल्ड कप की शुरूआत से एक सप्ताह से भी कम समय पहले आता है, जिसमें मेक्सिको को 25 जून को होंडुरास के खिलाफ टूर्नामेंट में पदार्पण करना है।

# विशेष ओलंपिक विश्व खेल : टी विशाल ने जीता रजत पदक

**एजेंसी। बर्लिन**

विशेष ओलंपिक विश्व खेलों के पहले सोमवार को पावरलिफ्टिंग में टी विशाल ने इस साल के आयोजन में भारत के लिए पहला पदक जीता। पुडुचेरी के 16 वर्षीय खिलाड़ी ने पुरुषों के स्क्वाट (122.50 किग्रा), डेडलिफ्ट (155 किग्रा), बेंच प्रेस (85 किग्रा) में रजत पदक जीता और बर्लिन में विशेष ओलंपिक विश्व खेलों में भारत को पदक बोर्ड में शामिल किया। विशाल के टोन सेट करने के साथ, कई भारतीय भी पदक की दौड़ में शामिल हो गए, जिन्होंने विभिन्न खेलों में विभिन्न फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ट्रैक पर, 800 मीटर धावक आसिफ मलानूर (लेवल बी), सोहम राजपूत (लेवल सी) और गीतांजलि नागवेकर (लेवल डी) अपने इवेंट के फाइनल में पहुंचे, जबकि लिबिन मल्लिका राजकुमार (लेवल बी) 200 मीटर में फाइनल में पहुंचे। पुरुषों की 4 गुना 400 मीटर टीम ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। पूल में,



सेमीफाइनल में 11 तैराकों में से छह ने अपनी स्पधाओं के फाइनल में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में माधव मदान (25 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, लेवल ए और 25 मीटर फ्रीस्टाइल, लेवल ए), दिनेश षणमुगम (50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, लेवल बी, 25 मीटर फ्रीस्टाइल, लेवल ए), अब्दुल रहमान (50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, लेवल बी, 25 मीटर फ्रीस्टाइल लेवल ए) और टीनू मोंसी (25 मीटर फ्रीस्टाइल, लेवल ए) ने अपने इवेंट के फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में प्रार्थना (25 मीटर फ्रीस्टाइल, लेवल ए), अलीना एंथोनी (50 मीटर फ्रीस्टाइल लेवल बी) के पास अपने इवेंट के फाइनल में पदक जीतने का मौका है। एंथोनी, षणमुगम और रहमान का फाइनल 20 जून को होना है।

# पीसीबी अध्यक्ष पद की दौड़ से हटे नजम सेठी



**लाहौर।** नजम सेठी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अगले अध्यक्ष बनने की दौड़ से हट गए हैं। 75 वर्षीय पत्रकार से क्रिकेट प्रशासक बने, जिन्होंने पूर्व पाकिस्तानी बल्लेबाज रमीज राजा के पद छोड़ने के बाद 2022 में पीसीबी के अंतरिम अध्यक्ष का पद संभाला था, ने ट्विटर पर अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह आसिफ जरदारी और शहबाज शरीफ के बीच विवाद की जड़ नहीं बनना चाहते हैं और यह कि संघर्ष की अस्थिरता और अनिश्चितता पीसीबी के लिए खराब है ।उन्होंने ट्वीट किया, ह्व सभी को सलाम। मैं आसिफ जरदारी और शहबाज शरीफ के बीच विवाद की जड़ नहीं बनना चाहता।

## टूर्नामेंट — हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023

# अपने पहले मैच में चीन का सामना करेगा भारत

**एजेंसी। चेन्नई**

एशियन हॉकी फेडरेशन ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के आगामी संस्करण के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट की शुरूआत 3 अगस्त को कोरिया और जापान के बीच पहले मैच से होगी, इसके बाद इसी दिन दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना मलेशिया से होगा, जबकि दिन के तीसरे मैच में मेजबान भारतीय टीम का सामना चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में चीन से होगा। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023, 3 अगस्त से शुरू होगी और 12 अगस्त तक चलेगी। टूर्नामेंट में छह टीम कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, चीन और भारत हिस्सा ले रहे हैं। सभी टीमें एक ही पूल का हिस्सा हैं और अंक तालिका में स्थान लीग प्रणाली द्वारा तय किए जाएंगे। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में डिफेंडिंग चैंपियंस दक्षिण कोरिया है, जिसने टूर्नामेंट का 2021 संस्करण जीता था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम (2011, 2016 और 2018) और पाकिस्तान (2012, 2013 और 2018) दोनों ने तीन-तीन खिताब जीते हैं।




इस अवसर पर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ.दिलीप तिर्की ने कहा, हम हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 की मेजबानी करके बहुत खुश हैं और कार्यक्रम की घोषणा करना एक ऐतिहासिक दिन है। हालांकि मैं निश्चित रूप से भारतीय पुरुष हॉकी टीम को खिताब जीतते देखना पसंद करूंगा, मुझे यकीन है कि सभी देश अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

एशियन हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष दातो फुमियो ओगुरा ने कहा, हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैच शेड्यूल की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हॉकी का एक असाधारण उत्सव होने का वादा करता है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारा दृष्टिकोण खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों के लिए समान रूप से एक अविस्मरणीय अनुभव बनाना है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 की मेजबानी करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है और हम टूर्नामेंट के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के कार्यक्रम की घोषणा टूर्नामेंट से पहले अंतिम चरण की शुरूआत का संकेत देती है। हम कुछ शानदार हॉकी देखने का और इंतजार नहीं कर सकते। तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष शेखर जे मनोहरन ने कहा, हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई के लिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी का भव्य स्वागत करने का मौका है। और हमें खुशी है कि टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की गई है क्योंकि यह पहले से ही उत्सुक प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाता है।



NEWS इन ब्रीफ

## 2000 के नोट पर बैन से इकोनॉमी होगी सुपर चार्ज

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक का 2000 रुपए के नोट को बंद करने का फैसला देश की इकोनॉमी में नई जान फूंक सकता है. ये हम नहीं बल्कि देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई की एक रिपोर्ट कहती है। केंद्रीय बैंक का ये कदम कई पैरामीटर्स पर इकोनॉमी को 'सुपर चार्ज' कर सकता है। एसबीआई के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर सौम्य कांति घोष ने हाल में आई इकोरैप रिपोर्ट में कहा है कि 2000 रुपये के नोट बंद किए जाने या वापस लिए जाने के कई फायदे होंगे। ये तत्काल प्रभाव से बाजार में कंजप्शन डिमांड बढ़ा सकता है। इतना ही नहीं इससे बैंकों के डिपॉजिट में बढ़ोतरी होने, लोगों का लोन वापस करने, बाजार में उपभोग बढ़ने और आरबीआई के डिजिटल करेंसी के उपयोग को बूस्ट मिल सकता है, ये कुल मिलाकर देश की इकोनॉमी के लिए बेहतर होगा।

## 24 फुटवियर उत्पादों के लिए एक जुलाई से लागू होंगे जरूरी गुणवत्ता मानक

**नई दिल्ली।** जूते-चप्पल जैसे फुटवियर उत्पादों के बड़े व मझोले स्तर के विनिमार्ताओं और सभी आयातकों को एक जुलाई से 24 उत्पादों के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानकों का पालन करना होगा। चीन जैसे देशों से खराब गुणवत्ता वाले उत्पादों का आयात रोकने के लिए ये मानक लागू किए जा रहे हैं। भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने सोमवार को कहा कि फिलहाल ये गुणवत्ता मानक बड़े व मझोले स्तर के विनिमार्ताओं और आयातकों के लिए ही लागू किए जा रहे हैं।

# अमेरिका भारत से गहरा साझेदारी करने के प्रयास में

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संयुक्त राज्य अमेरिका अपने बढ़ते आर्थिक प्रभाव के लिए भारत को आकर्षित कर रहा है और बाद में चीन के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता में एक अनिवार्य साथी के रूप में भी विचार कर रहा है। द इकोनॉमिस्ट के अनुसार भारत की विदेश नीति चीन के प्रति अधिक मुखर और अधिक शत्रुतापूर्ण हो गई है। अमेरिका यह भी देख रहा है कि भारतीय डायस्पोरा दुनिया का सबसे बड़ा और उल्लेखनीय रूप से प्रभावशाली है जो उनके लिए मददगार होगा लेकिन भारत के पास जो अधिक आकर्षक संपत्ति है वह अर्थव्यवस्था है जो अपनी पूरी क्षमता से बढ़ रही है। अमेरिका और भारत अपनी साझेदारी को गहरा और करीबी होते हुए देख रहे हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अमेरिका की यात्रा पर गये हैं। जहां राष्ट्रपति जो बिडेन उनके लिए व्हाइट हाउस में एक औपचारिक भोज दे रहे हैं। पीएम मोदी को दूसरी बार एक संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित किया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस विज्ञप्ति के शब्दों में, यह यात्रा संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच गहरी और करीबी साझेदारी की पुष्टि करेगी। हाल ही में, भारत ने ब्रिटेन को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में पीछे छोड़ दिया और अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी गोल्डमैन सैक्स का अनुमान था कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद 2051 में यूरो क्षेत्र 2075 तक अमेरिका से आगे निकल जाएगा। गोल्डमैन का विश्वास आंशिक रूप से जनसांख्यिकी पर टिका हुआ है, क्योंकि यूरोपीय संघ और चीन के कार्यबल सिकुड़ रहे हैं और उनकी जनसंख्या भी कम हो रही है। हाल ही में, भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया और सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया। ओईसीडी के अनुमानों के मुताबिक ज्यादातर अमीर देशों का क्लब, भारत 2040 के अंत तक बढ़ेगा।

## इंफोसिस चेयरमैन ने आईआईटी बॉम्बे को दान में दी 315 करोड़ रुपए की राशि



**नई दिल्ली।** आईआईटी बॉम्बे को इंफोसिस के सह संस्थापक और चेयरमैन नंदन निलेकणी ने 315 करोड़ रुपए की राशि दान में दी है। निलेकणी ने आईआईटी बॉम्बे के साथ अपने संबंधों को सम्मान देते हुए 38.3 मिलियन डॉलर की राशि दान में दी है। नीलेकणी से मिली यह राशि आईआईटी के इंफ्रास्ट्रक्चर, रिसर्च, तकनीक और डीप टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने पर खर्च की जाएगी। निलेकणी की ओर से पूर्व में दिए गए 85 करोड़ रुपए की राशि को जोड़ दिया जाए तो संस्थान में निलेकणी की ओर से दी गई मदद 400 करोड़ रुपए हो जाएगी। संस्थान और निलेकणि ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह देश में किसी पूर्व छात्र द्वारा दिए गए सबसे बड़े दान में से एक है।

## इंडिगो ने 500 एयरबस ए320 विमानों का ऑर्डर की घोषणा की




**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइंस ने 2030 और 2035 के बीच वितरित किए जाने वाले 500 एयरबस ए320 परिवार के विमानों के लिए ऑर्डर देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। खरीद समझौते को पेरिस एयर शो 2023 में अंतिम रूप दिया गया, जिसमें इंडिगो और एयरबस के प्रतिनिधि मौजूद थे। विगत सोमवार को एक बयान में इंडिगो ने पुष्टि की कि इंजन चयन और ए320 और ए321 विमानों के सटीक मिश्रण का निर्धारण उचित समय पर किया जाएगा। इस समय 300 से अधिक विमानों के बेड़े का संचालन कर रही इंडिगो के पास पहले से ही 480 विमानों के लिए बकाया ऑर्डर हैं, जो इस दशक के अंत तक वितरित किए जाने की उम्मीद है। 2030-2035 समय-सीमा में 500 विमानों के लिए इस नए फर्म ऑर्डर के साथ, इंडिगो की ऑर्डर-बुक में अब लगभग 1,000 विमान हैं, जो अगले दशक में डिलीवरी की एक स्थिर धारा को सुरक्षित करते हैं। इंडिगो के ऑर्डर में ए320एनईओ, ए321एनईओ और ए321एलआर एयरक्राफ्ट का संयोजन शामिल है। एक बयान में कहा गया, यह पर्याप्त निवेश इंडिगो और एयरबस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करता है।

## भारतीय कंपनियों के मुताबिक जीएसटी सुधार के अगले चरण के लिए सही समय

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग जगत को लगता है कि कारोबारी सुगमता को बढ़ाने और जीएसटी प्रशासन में सुधार के अगले चरण के लिए सही समय आ गया है। डेलॉयट के एक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। सर्वेक्षण में उद्योग जगत ने मौजूदा कर विवादों के समाधन के लिए एक माफी योजना लाने की अपील भी की। सर्वेक्षण में कहा गया कि एक जुलाई, 2017 को जीएसटी की शुरूआत के बाद से इसके प्रशासन में जबरदस्त बदलाव आया है। सर्वेक्षण में पता चला कि सरलीकृत कर व्यवस्था के लिए स्वीकृति बढ़ रही है और 88 प्रतिशत एमएसएमई ने अनुकूलित आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ माल और सेवाओं की लागत में कमी की बात कही। प्रतिभागियों में 80 प्रतिशत ने कहा कि कारोबारी सुगमता बढ़ाने और जीएसटी प्रशासन में सुधार के अगले चरण के लिए सही समय आ गया है।

# बीएसईएस जुलाई तक 50 लाख स्मार्ट मीटर का देगा ठेका

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) अपनी महत्वाकांक्षी स्मार्ट मीटर परियोजना के चरणबद्ध कार्यान्वयन के साथ एक उल्लेखनीय डिजिटल परिवर्तन से गुजरने के लिए तैयार हैं। इस परियोजना का उद्देश्य बीएसईएस को स्मार्ट मीटर से लैस करना है, जिससे इसे भारत की पहली पूर्ण डिजिटल उपयोगिता के रूप में स्थापित किया जा सके। परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है और जुलाई 2023 तक इसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। बीएसईएस ने वित्तवर्ष 2024-25 तक 50 लाख प्री-पेड/पोस्ट-पेड स्मार्ट मीटर लगाने के लक्ष्य के साथ 2023 की सितंबर-दिसंबर तिमाही में ऑन-ग्राउंड कार्यान्वयन शुरू करने की योजना बनाई है। बीएसईएस स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट के प्राथमिक लक्ष्यों में से एक अपने 50 लाख उपभोक्ताओं के लिए अधिक कुशल और लागत प्रभावी प्रणाली प्रदान करना है। बिहार और बेस्ट मुंबई सहित विभिन्न उपयोगिताओं में हालिया निविदाओं ने प्रति नोड जीवनचक्र लागत 11,000 रुपये से लेकर 11,500 रुपये तक प्रकट की है। अपनी बड़ी आवश्यकताओं और संचालन के पैमाने के साथ, बीएसईएस का लक्ष्य इस निवेश को अत्यधिक लागत प्रभावी बनाना है।

## सैमसंग ने सॉल्व फॉर टुमॉरो 2023 की टॉप 30 टीमों की घोषणा की

**रांची।** सैमसंग इंडिया ने अपने यूथ एजुकेशन एवं इनोवेशन कॉम्पटीशन 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' की टॉप 30 टीमों की घोषणा कर दी है। ये टीमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, राजस्थान, असम, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित भारत के 15 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश से हैं। सैमसंग ने इस प्रतियोगिता की शुरूआत देश के युवाओं के बीच आधुनिक सोच को विकसित करने और समस्या का समाधान करने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की है। इस प्रतियोगिता में 16-22 वर्ष के युवाओं की ओर से चार विषयों से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए आइडिया आमंत्रित किए हैं। इन चार विषयों में एजुकेशन एवं लर्निंग, हेल्थ एवं वैलनेस, एन्वायरमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी और डायवर्सिटी एवं इनक्लूजन शामिल हैं। सॉल्व फॉर टुमॉरो 2023 में पूरे देश भर से टीमें शामिल हो रही हैं। इन टीमों ने भारत की विभिन्न समस्याओं के समाधान से जुड़े आइडिया पेश किए हैं। प्रतियोगिता को देश के 500 शहरों, कस्बों और गांवों के युवाओं की ओर से 70,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए हैं। इस सीएसआर प्रोग्राम के इस दूसरे साल के लिए, सैमसंग इंडिया ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्टार्टअप हब और आइआइटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ साझेदारी की है।

# विदेश

## बांध टूटने से प्रभावित यूक्रेनी क्षेत्रों में पानी दूषितः स्वास्थ्य मंत्रालय

**कीव।** यूक्रेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि 6 जून को रूस नियंत्रित नोवा कखोवका बांध के ढहने से प्रभावित क्षेत्रों में पानी अत्यधिक दूषित बना हुआ है। सोमवार को जारी एक बयान में, मंत्रालय ने कहा, खेरसॉन, ओडेसा और मायकोलाइव क्षेत्रों के जलाशयों में मानक से अधिक प्रदूषण है। सीएनएन ने नगर पालिका के हवाले से कहा, ओडेसा के समुद्र तटों को तैराकी के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बांध के ढहने से गांवों का विनाश हुआ, खेतों में बाढ़ आ गई और बिजली के साथ-साथ हजारों लोगों को साफ पानी की आपूर्ति बंद हो गई। इससे कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बांध को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया या संरचनात्मक विफलता के कारण यह ढह गया।

# 'भारत बिना चीन से मुकाबला करना मुश्किल'

**एजेंसी। वॉशिंगटन**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में वैश्विक मंचों पर भारत का कद बढ़ता जा रहा है और अब वह अमेरिका के लिए एक अनिवार्य साथी हो गया है। दोनों देशों के बीच बढ़ते मजबूत संबंधों के चलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरा 21 जून से शुरू हो रहा है। पीएम मोदी दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं जिनका व्हाइट हाउस में राजकीय स्वागत किया जाएगा। विदेश नीति के जानकारों की मानें तो जिस तरह से इकोनॉमिस्ट में छपे एक आर्टिकल के मुताबिक चीन का मुकाबला करने और चीनी आक्रामकता का जवाब देने के लिए अमेरिका को अपनी कोशिशों में भारत का साथ चाहिए ही होगा। ब्रिटिश अखबार द इकोनॉमिस्ट में छपे आर्टिकल में इस बात की अहमियत बताई गई है कि किस तरह से अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों तक भारतीय समुदाय फैला हुआ है। इकोनॉमिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार भारत की विदेश नीति मुखर हो गई है। अमेरिका भी अब इसे चीन के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता में एक अनिवार्य सहयोगी के रूप में देखता है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा को एक ऐसे मौके के तौर पर देखा जा रहा है जो दोनों देशों के बीच बड़े रक्षा सौदों को अंजाम तक ले जा सकता है। इकोनॉमिस्ट के मुताबिक पीएम मोदी विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला और वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ ही अमेरिकी कांग्रेस को एक से ज?यादा बार संबोधित करने वाले कुछ विदेशी नेताओं की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे। भारत की अर्थव्यवस्था भी अब अपनी क्षमता का अहसास कराने लगी है। ऐसे में इसके अमेरिका का आकर्षण बढ़ने पर हैरानी नहीं होनी चाहिए। भारत उस क्वाड सुरक्षा गठबंधन का भी अहम हिस्?सा है जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान भी शामिल हैं।

# कराची पोर्ट टर्मिनल यूएई को सौंपेगा पाक

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान ने कराची बंदरगाह टर्मिनलों को सौंपने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ एक सौदे को अंतिम रूप देने के लिए एक वार्ता समिति का गठन किया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि यह कदम आपातकालीन धन जुटाने के लिए पिछले साल बनाए गए कानून के तहत पहला अंतर-सरकारी लेनदेन हो सकता है। वित्त मंत्री इशाक डार ने अंतर-सरकारी वाणिज्यिक लेनदेन पर कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। निर्णय के अनुसार, कैबिनेट समिति ने कराची पोर्ट ट्रस्ट (केपीटी) और यूएई सरकार के बीच एक वाणिज्यिक समझौते पर बातचीत करने के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया। कराची बंदरगाह टर्मिनलों को सौंपने के लिए संयुक्त अरब अमीरात की एक नामित एजेंसी के साथ सरकार से सरकार की व्यवस्था के तहत एक मसौदा संचालन, रखरखाव, निवेश और विकास समझौते को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता समिति को भी अनुमति दी गई है। एक रूपरेखा समझौते को अंतिम रूप देने के लिए गठित वार्ता समिति की अध्यक्षता समुद्री मामलों के मंत्री फैसल सब्जवारी करेंगे। समिति के सदस्यों में वित्त और विदेश मामलों के अतिरिक्त सचिव, प्रधानमंत्री जहानजेब खान के विशेष सहायक, कराची पोर्ट टर्मिनल (केपीटी) के अध्यक्ष और केपीटी के महाप्रबंधक शामिल हैं। पाकिस्तान अबू धाबी पोर्ट्स ग्रुप की सहायक कंपनी अबू धाबी पोर्ट्स (एडीपी) को टर्मिनलों को सौंपने के लिए एक समझौते पर पहुंचने का लक्ष्य रखता है।

## पैदावार — वित्तमंत्री सीतारमण ने नबार्ड की बैठक में कहा-

# कम पानी वाले फसल उत्पाद के किसानों को जगरूक करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विगत सोमवार को नाबार्ड से कहा कि वह किसानों को अधिक लाभदायी के साथ-साथ पानी की कम खपत करने वाली फसलों, खासकर मोटे अनाज, दलहन और तिलहन की ओर अपना रुख करने के लिए प्रोत्साहित करे। राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की समीक्षा बैठक में सीतारमण ने इस कृषि-वित्त संस्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में ग्रामीण आय में सुधार के साथ जमीनी स्तर पर दक्षता और परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की सलाह दी। चालू अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023 में श्री अन्न का उत्पादन और विपणन राष्ट्रीय प्राथमिकता है। ऐसे में वित्त मंत्री ने नाबार्ड को किसानों को मोटे अनाज के तहत आने वाले खेती के रकबे को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने और पहले से ही मोटे अनाज उगाने वाले किसानों के लाभ की रक्षा करने का निर्देश दिया। वित्त मंत्रालय के ट्वीट में कहा गया है, वित्त मंत्री ने किसानों को अधिक लाभकारी लेकिन कम पानी की खपत वाली फसलों, विशेष रूप से बाजरा, दलहन और तिलहन की ओर बढ़ने के लिए जागरूक करने के ठोस प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन फसलों में पानी देने की कम संभावनाएं होती है। यह कम पानी वाले जगहों में इसकी अच्छी पैदावार होने की संभावना होती हैं। इस संबंध में किसानों को इस ध्यान देने की जरूरत है। ताकि आसानी इन्हें उत्पाद कर सकें। जब हम किसानों को प्रोत्साहित नहीं करेंगे तब हमें बेहतर करने का मौक नहीं मिल सकता है। किसान हमारे देश की रीढ़ हैं उन्हें हर तरह की सुविधा मिलने पर ही वह अच्छ फसलों को अपने खेतों में पैदा कर सकते हैं। मंत्री ने नाबार्ड को ग्रामीण ऋण बढ़ाने के लिए कदम उठाने के अलावा पूर्वोत्तर राज्यों पर ध्यान देने के साथ किसान उत्पादक संगठनों द्वारा जैविक उत्पादकों के एकत्रीकरण को सुविधाजनक बनाने का भी निर्देश दिया। अन्य ट्वीट में वित्त मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय बजट और प्रमुख योजनाओं से वित्तपोषित परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए 17 जून को एक चिंतन शिविर आयोजित किया गया था।

## हिंसा की नई लहर में छह फिलिस्तीनी मारे गए

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक में हिंसा की नई लहर में छह फलस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बेथलहम के पश्चिम में हुसान गांव में इजरायली सैनिकों द्वारा सिर में गोली मारे जाने के बाद सोमवार को 20 वर्षीय जकारेया अल-जौल की मौत हो गई। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों ने कहा कि गांव में फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों और इजराइली सैनिकों के बीच हुई झड़पों के दौरान, प्रदर्शनकारियों ने गोलियां चलाने वाले सैनिकों पर पत्थर फेंके, इसके परिणामस्वरूप अल-जौल की मौत हो गई। अल-जौल की मौत की घटना पर इजरायली अधिकारियों की कोई टिप्पणी नहीं थी। हालांकि, इजरायल रेडियो ने बताया कि सैनिकों पर मोलोटोव कॉकटेल बम फेंकने वाले युवकों के एक समूह पर सेना ने गोलियां चलाईं। इसके अलावा सोमवार को, पांच फिलिस्तीनी मारे गए और 91 अन्य घायल हो गए। इनमें से 23 की हालत गंभीर है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड के 15 जिलों ...

दुमका जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे में राज्य के दुमका जिले के मसानजोर में सबसे अधिक 73 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। बताया गया है कि "इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। राज्य के सभी जिलों के तापमान में अगले दो से तीन दिनों में 4 से 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। 21 से लेकर 23 जून तक राज्य में सभी स्थानों पर मॉनसून की वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है।"

### झारखंड सरकार ...

का सामना करना पड़ता है। इस समुदाय के लोगों को अभी भी लोग हीन भावना से देखते है। इस समुदाय के अधिकांश लोग अभी भी शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अनुसार इस योजना का लाभ लेने के लिए ट्रांसजेंडर्स की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए तथा उनके पास आधार कार्ड होना जरुरी है। अधिनियम 2019 के तहत जिला उपायुक्त के स्तर से सर्टिफाइड लोग ही ट्रांसजेंडर माने जाएंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए पहले ट्रांसजेंडर को आवेदन करना पड़ेगा। ग्रामीण इलाकों में उन्हें बीडीओ और शहरी इलाकों में अंचलाधिकारी कार्यालय में आवेदन करना होगा। आवेदन करते समय इन आवेदकों को अपना आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पासबुक, ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज जमा करने होंगे। हालांकि जो लोग पहले ही किसी अन्य पेंशन स्कीम का लाभ ले रहे हैं उनको इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

### कोरोना के खिलाफ...

पर रोमांचित हैं। यह कोरोना वायरस का मुकाबला करने के प्रयासों में एक मील का पत्थर है। हमें उम्मीद है कि हमारे निष्कर्ष एंटीवायरल थेरेपी के विकास में योगदान देंगे और अंततः कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में मदद करेंगे। गौरतलब है कि बीएचयू का सेन्टर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर्स तथा प्राणी विज्ञान विभाग, आणविक जीव विज्ञान और आनुवंशिकी के क्षेत्र में अपने अत्याधुनिक शोध के लिए प्रसिद्ध है। यह नवीनतम उपलब्धि वैज्ञानिक उत्कृष्टता के प्रति उनके अटूट समर्पण और वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए अभिनव समाधानों की उनकी अथक खोज की एक पहल है।

### वकील-जेल ...

करीबी अधिवक्ता हिमांशु मेहता को भी नोटिस कर 28 फरवरी को बुलाया है। जबकि रांची जेल के अधीक्षक हमीद अख्तर से ईडी 26 को पूछताछ करेगी।

### हिमांशु मेहता को क्यों हुआ समन

सेना की जमीन पर असली मालिकत्व का दावा करने वाले जयंत करनाड ने भी फर्जी कागजात के जरिए सेना की जमीन हासिल करने की कोशिश की थी। ईडी ने जांच में पाया है कि जयंत करनाड के द्वारा भी जो दस्तावेज अपने अधिवक्ता हिमांशू कुमार मेहता के जरिए पेश किए गए थे, उनकी जांच करायी गई।जांच में यह पाया गया है कि जयंत करनाड के पक्ष में भी कागजातों की हेरफेर पूर्व में हुई थी। इसके बाद उन्होंने जमीन पर अपना दावा ठोंका था हाईकोर्ट से भी इन्हीं कागजातों के आधार पर अपने पक्ष में आर्डर भी जयंत करनाड ने हासिल कर लिया था। इसके बाद जयंत करनाड ने 14 लोगों को जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी। ईडी ने जांच में पाया है कि जयंत करनाड ने भी सेना की जमीन को हासिल करने के लिए 1।29 करोड़ की राशि खर्च की।ईडी ने जयंत करनाड से जब पूछताछ की थी, तब उसने कबूल किया था कि उसके पास जमीन के कोई कागजात नहीं थे। अधिवक्ता हिमांशू के कहने पर अलग अलग खातों में जयंत ने 2 फरवरी 2019 को मंजूश्री पात्रा को चेक के जरिए 2।50 लाख, श्रेष्ठ मेहता को 2।50 लाख, चार फरवरी व सात फरवरी 2019 को हिमांशू कुमार मेहता को 60-60 लाख और सात फरवरी 2019 को महतो पी देव को 4 लाख का भुगतान किया गया था।इसी वजह से वकील हिमांशु को भी ईडी ने समन किया है।

**जेल अधीक्षक को क्यों हुआ समन :** रांची के जेल अधीक्षक हमीद अख्तर को ईडी ने समन किया है। पूर्व में ईडी ने जेल की सीसीटीवी फुटेज मांगी थी, कोर्ट के आवेदन के बाद भी हमीद अख्तर ने ईडी को फुटेज में दिया। वहीं आईएएस अधिकारी छवि रंजन के जेल जाने के बाद नियम विरुद्ध तरीके से उनकी मुलाकात हमीद अख्तर की जानकारी में प्रेम प्रकाश से कराई गई थी। हमीद अख्तर पर अमित अग्रवाल को वकालतनामे में गलत तरीके से लाभ देने का भी आरोप लगा था। सारे मामले पर हामिद अख्तर से ईडी पूछताछ करेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

### भीषण गर्मी के कारण सौ से अधिक श्रद्धालु हुए बेहोश

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के पुरी में मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में रथयात्रा का आयोजन हो रहा है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, देवी सुभद्रा रथों पर आरूढ़ होकर मौसी मां मंदिर जाएंगे। रथयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार की सुबह मंगला आरती के बाद पहंडी नीति शुरू हुई। इसके बाद धाडी पहंडी नीति शुरू हुई और चारों विग्रहों को तीन रथों पर आरूढ़ कराया गया। सबसे पहले सुदर्शन महाप्रभु सुबह 09 बजे दर्पदलन रथ पर आरूढ़ हुए। इसके बाद 10.18 पर बलभद्र तालध्वज रथ पर, 10.30 पर देवी सुभद्रा भी दर्पदलन रथ पर रथारूढ हुईं। सबसे अंत में भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्नवेदी से सिंहद्वार पार कर 11.55 पर नंदिघोष रथ पर विराजमान हुए। दोपहर 12.05 बजे पहंडी नीति संपन्न हुई। इसके बाद शेष प्रक्रिया का संपादन किया गया।



पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने तीनों रथों की परिक्रमा की। इसके बाद पुरी के गजपति महाराज दिव्य सिंह देव ने छेरा पहंरा की नीति का संपादन शुरू किया। यह प्रक्रिया संपन्न होने के बाद रथों को खींचने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। पहंडी नीति के दौरान श्रद्धालु एवं कलाकारों के ओडिशी नृत्य, शिव तांडव और हनुमान नृत्य से माहौल आध्यात्मिक हो गया। इससे पहले सुबह से मंगला आरती मइलम, तडपलागी, रोष, होम, अवकाश एवं सूर्यपूजा की रीति-नीति संपन्न हुई। इसके बाद द्वारपाल पूजा किया गया तथा खिचड़ी का भोग लगाया गया। सुबह 7.35 बजे ब्राह्मणों ने तीनों रथों की प्रतिष्ठा एवं पूजा की। मंगला आरती के बाद पहंडी नीति शुरू हुई। ज्वर से स्वस्थ होने के बाद भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ रत्नवेदी से जन्मवेदी की ओर 9 दिनों की यात्रा भगवान जगन्नाथ करते हैं।

# अमेरिका के साथ रिश्ते पहले से अधिक मजबूत : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत और गहरे हैं तथा दोनों देशों के नेताओं के बीच 'अभूतपूर्व विश्वास' है। हालांकि चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को आवश्यक बताया। अपने अमेरिका दौरे की शुरूआत से पहले 'वाल स्ट्रीट जर्नल' को दिए एक साक्षात्कार में वैश्विक राजनीति के बारे में बात करते हुए मोदी ने यह भी कहा, "भारत कहीं उच्च, गहरी और व्यापक स्तर की भूमिका का हकदार है। भारत-चीन संबंधों के बारे में मोदी ने कहा, सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती



क्षेत्रों में शांति और स्थिरता जरूरी है। उन्होंने कहा, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने, कानून के शासन का पालन करने और मतभेदों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में हमारा मूल विश्वास है। साथ ही भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है। ज्ञात हो कि पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून, 2020 को भारत और चीनी सेनाओं के बीच संघर्ष हो गया था। यह पिछले पांच दशक में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इस तरह का पहला संघर्ष था और इससे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आ गया था। दोनों देशों के बीच इस सिलसिले में कई दौर की मंत्री व कमांडर स्तरीय वार्ता हो चुकी है लेकिन अभी तक स्थितियां पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी हैं। यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत की भूमिका की आलोचना से जुड़े एक सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हिंदुस्तान इस मामले में तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के पक्ष में है। उन्होंने कहा, सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए।

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति और गृह मंत्री से मुलाकात करेंगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बुधवार को दिल्ली का दौरा करेंगे, जहां वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे से जुड़े कार्यक्रम के अनुसार, सिद्धरमैया बुधवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सिद्धरमैया ने कहा, मैं राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मू), गृह मंत्री अमित शाह से कल मुलाकात करूंगा...मुख्यमंत्री बनने के बाद मैं उनसे नहीं मिल पाया था, इसलिए अब मिल रहा हूं। यह सिर्फ शिष्टाचार भेंट है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत पांच की मौत

**जींद।** गांव निर्जन के निकट जींद-पानीपत नेशनल हाइवे पर मंगलवार अपराह्न एक बाइक को कैंटर ने टक्कर मार दी, जिसमें हिसार जिले के बरवाला खंड के गांव खरकड़ा गांव निवासी दम्पति और तीन बच्चों की मौत हो गई। इस हादसे में पूरे परिवार से केवल आठ साल की एक बच्ची ही बची है। हालांकि हादसे में उसे भी चोटें तो आई हैं, लेकिन वह खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# नंदन नीलेकणि ने आईआईटी बांबे को 315 करोड़ रुपये किए दान

**एजेंसी। मुंबई**

बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक और चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बांबे को 315 करोड़ रुपये दान में दिए हैं। वे इससे पहले संस्थान को 85 करोड़ रुपये दान कर चुके हैं। नीलेकणि यूआईडीएआई के संस्थापक चेयरमैन भी हैं। संस्थान ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि यह देश में किसी पूर्व छात्र द्वारा दिए गए सबसे बड़े दान में से एक है। इस राशि से संस्थान में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने में मदद मिलेगी। साथ ही संस्थान को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थानों के बीच अग्रणी



बनने में मदद मिलेगी। इस मौके पर आईआईटी बांबे के निदेशक प्रो. सुभासिस चौधरी ने कहा कि इस दान से संस्थान के विकास में तेजी आएगी। नदंन नीलेकणि ने कहा कि आईआईटी-बांबे मेरे जीवन की आधारशिला रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस प्रतिष्ठित संस्थान के साथ अपने जुड़ाव के 50 साल पूरे कर रहा हूं। मैं इस जुड़ाव के आगे बढ़ने तथा भविष्य में योगदान के लिए आभारी हूं।

# अपने प्रत्याशियों के आपराधिक रिकॉर्ड छिपा रहे हैं दलों पर हो कड़ी कार्रवाई : एडीआर

## सर्वोच्च न्यायालय व चुनाव आयोग के आदेश का नहीं कर रहे पालन

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

चुनाव लड़ने वाले नेताओं और राजनीतिक दलों ,उनके प्रत्याशियों की हर चीज को बिना छिपाए, शपथ पत्र में लिखने के लिए लड़कर नियम बनवाने वाली सामाजिक संस्था है एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ।जो बड़े - बड़े तुर्रम खां नेताओं , हुक्मरानों की आँख की किरकिरी बनी हुई है। इस संस्था ने उल्लेख किया है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के बाद केंद्रीय और राज्य चुनाव स्तर पर राजनीतिक दलों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपनी वेबसाइटों पर अपराधों की प्रकृति सहित लंबित आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों के बारे में विस्तृत जानकारी अपलोड करें। राजनीतिक दलों को ऐसे उम्मीदवारों के चयन के कारण भी बताने होंगे और यह भी बताना होगा कि बिना आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अन्य व्यक्तियों को उम्मीदवारों के रूप में क्यों नहीं चुना जा सकता। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा 19 जून को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि सबसे पहले यह आवेदन आयोग के समक्ष 25 सितंबर, 2018 और 13 फरवरी, 2020 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के कार्यान्वयन में जारी इस आयोग (ईसी) के अनिवार्य निर्देशों के जानबूझकर अवज्ञा और उल्लंघन के खिलाफ दायर किया जा रहा है। एडीआर ने बताया कि शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों को ऐसे व्यक्तियों के चयन के कारणों के साथ उनके द्वारा चुने गए उम्मीदवारों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों का विवरण प्रकाशित करने में विफल रहने के लिए फटकार लगाई थी। बाद में, शीर्ष अदालत ने अपने आदेशों का पालन नहीं करने के लिए 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने वाले 10 राजनीतिक दलों पर जुर्माना लगाया था।

# ओमिक्रॉन विशिष्ट बूस्टर वैक्सीन के उपयोग की मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बायोटेक्नोलॉजी विभाग (डीबीटी) ने घोषणा की है कि कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट के लिए स्वदेशी प्लेटफॉर्म तकनीक का उपयोग कर बनाई गई एमआरएनए-आधारित बूस्टर वैक्सीन को ड्रग कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) कार्यालय से आपातकालीन उपयोग की मंजूरी मिल गई है। जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) द्वारा कार्यान्वित मिशन कोविड सुरक्षा के तहत समर्थित वैक्सीन को जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने टीम डीबीटी के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि डीबीटी एक बार फिर अपने मिशन को पूरा कर रहा है - इस स्वदेशी एमआरएनए-प्लेटफॉर्म तकनीक के निर्माण के माध्यम से प्रौद्योगिकी-संचालित उद्यमशीलता को सक्षम बनाया गया है। हमने प्रधानमंत्री का आत्मानिर्भरता का विजन के तहत 'भविष्य के लिए तैयार' प्रौद्योगिकी मंच के अनुरूप प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचार का हमेशा समर्थन किया है।

# नकली दवाईयां कतई बर्दाश्त नहीं : मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत नकली दवाओं के मामले में 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति का पालन करता है। उन्होंने कहा कि खांसी रोकने के लिए भारत निर्मित सीरप के कारण कथित मौतों के बारे में कुछ हलकों में चिंता व्यक्त किए जाने के बाद 71 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनमें से 18 को बंद करने को कहा गया है। एक विशेष साक्षात्कार में, मंत्री ने यह भी कहा कि देश में गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए लगातार व्यापक विश्लेषण किया जाता है, और सरकार तथा नियामक हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहते हैं



कि नकली दवाओं के कारण किसी की मौत न हो। उन्होंने कहा, हम दुनिया की फामेर्सी हैं और हम सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम 'दुनिया की गुणवत्ता वाली फामेर्सी' हैं। फरवरी में, तमिलनाडु आधारित ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर ने आंखों की अपनी दवाई की पूरी खेप को वापस ले लिया था। इससे पहले, आरोप लगा था कि पिछले साल खांसी रोकने लिए भारत निर्मित सीरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में क्रमशः 66 और 18 बच्चों की मौत हो गई। भारत ने 2022-23 में 17.6 अरब अमेरिकी डॉलर के कफ सीरप का निर्यात किया, जबकि 2021-22 में यह निर्यात 17 अरब अमेरिकी डॉलर का था। कुल मिलाकर, भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है, जो विभिन्न टीकों की वैश्विक मांग का 50 प्रतिशत से अधिक, अमेरिका में लगभग 40 प्रतिशत जेनेरिक मांग और ब्रिटेन में लगभग 25 प्रतिशत दवाओं की आपूर्ति करता है। मांडविया ने कहा, जब भी भारतीय दवाओं के बारे में कुछ सवाल उठाए जाते हैं तो हमें तथ्यों में शामिल होने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए गाम्बिया में, यह कहा गया था कि 49 बच्चों की मौत हुई है। डब्ल्यूएचओ में किसी ने यह कहा था और हमने उन्हें लिखा था कि तथ्य क्या हैं। कोई भी हमारे पास तथ्यों के साथ नहीं आया। उन्होंने कहा, हमने एक कंपनी के नमूनों की जांच की। हमने मौत की वजह जानने की कोशिश की और पाया कि बच्चे को अतिसार था। अगर किसी बच्चे को अतिसार हुआ तो उस बच्चे के लिए कफ सीरप की सलाह किसने दी? मंत्री ने कहा कि कुल 24 नमूने लिए गए, जिनमें से चार विफल रहे। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि अगर निर्यात के लिए सिर्फ एक बैच बनाया गया था और अगर वह विफल रहता है, तो सभी नमूने विफल हो जाएंगे।

## FILMY हलचल

### कृति सेनन ने 'आदिपुरुष' ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब



**फिल्म** 'आदिपुरुष' 16 जून 2023 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई। हालांकि फिल्म वर्ल्डवाइड स्तर पर बॉक्स ऑफिस पर तीन सौ करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है, लेकिन इसके कुछ डायलॉग्स और सीन्स पर सवाल उठाते हुए फिल्म 'आदिपुरुष' को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। इस विवाद पर कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया। एक्ट्रेस कृति सेनन ने फिल्म 'आदिपुरुष' में जानकी (सीता) का रोल निभाया है। कृति ने 'आदिपुरुष' विवाद पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अभिनेत्री ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक पोस्ट में टोलर्स को परोक्ष रूप से करारा जवाब दिया है। थिएटर से वीडियो शेयर करते हुए कृति ने कैप्शन दिया, मेरा ध्यान केवल ताली बजाने और जय श्री राम के नारे लगाने पर है।

### ऑस्कर विजेता गुनीत मोंगा के काम करेंगे राघव जुयाल



**एक्टर** राघव जुयाल ऑस्कर विजेता निमार्ता गुनीत मोंगा कपूर के साथ दो प्रोजेक्ट पर काम करेंगे, जिसमें एक का टाइटल 'ग्यारह ग्यारह' है, जबकि दूसरा टाइटल अभी फाइनल नहीं हुआ है। सिख एंटरटेनमेंट के साथ उनकी पहली फिल्म 'ग्यारह ग्यारह' है और दूसरी एक अनटाइटल्ड फिल्म है। दोनों ही प्रोजेक्ट्स में वह लीड रोल प्ले करते नजर आएंगे। राघव का कहना है कि गुनीत मैम के साथ काम करना न सिर्फ गर्व की बात है बल्कि मजेदार भी है। राघव ने बताया कि गुनीत मैम बेहद प्यारी हैं। वह इंडस्ट्री के उन कुछ लोगों में से एक हैं, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से मेरी मदद की।

### राखी सावंत ने मनाया तलाक का जश्न, वीडियो वायरल

**बॉलीवुड** की 'ड्रामा क्वीन' एक्ट्रेस राखी सावंत इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ के चलते सुर्खियों में हैं। राखी पिछले काफी समय से अपने अफेयर, शादी और बाद में पति आदिल खान दुरानी से तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच राखी सावंत एक बार फिर आदिल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चचाओं में हैं। फिलहाल राखी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राखी सावंत दुल्हन बनकर ढोल पर बेसुध होकर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में राखी अपने तलाक का जश्न मनाती नजर आ रही हैं। राखी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में राखी रेड लहंगे में दुल्हन की तरह सजी नजर आ रही हैं। दुल्हन के परिधान में वह ढोल-नगाड़ों की ताल पर जोरदार डांस करती




नजर आ रही हैं। वह सबकुछ भूलकर बेहोशी में डांस करती नजर आती हैं। राखी सावंत का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राखी के इस वीडियो पर अब नेटिजन्स भी अजीबोगरीब कमेंट कर रहे हैं। इस वीडियो में राखी सावंत कहती नजर आ रही हैं, 'आखिरकार मेरा ब्रेकअप हो गया, मुझे तलाक मिल रहा है और यह मेरी ब्रेकअप पार्टी है।

## विकास | सेतु भारतम योजना से आरओबी व आरयूबी के लिए 300 करोड़ की योजना मंजूर

# 'हरियाणा की सड़कें अमेरिका की तरह होंगी'

### 11 फ्लाई ओवरों का लोकार्पण

**एजेंसी। चंडीगढ़**

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि हरियाणा केन्द्र सरकार से जो भी सहयोग मांगेगा, उनका मंत्रालय उसे पूरा करेगा। गडकरी मंगलवार को सोनीपत में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित गौरवशाली भारत रैली को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 890 करोड़ रुपये की दिल्ली से पानीपत तक एनएच-44 पर 8 लेन के 11 फ्लाईओवर्स का लोकार्पण किया, जिसमें दोनों और 6 लेन की सर्विस




रोड भी शामिल है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को रेलवे फाटक मुक्त बनाने के लिए 300 करोड़ रुपये की मांग रखी, जिसे नितिन गडकरी ने मौके पर ही मंजूरी दे दी। सेतु भारतम योजना के तहत इस धनराशि से आरओबी व आरयूबी का निर्माण कराया जायेगा। इसी प्रकार गडकरी ने जींद के विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा की नरवाना रोड से रोहतक रोड तक बाईपास व जींद से ईक्कस तक रिंग रोड के निर्माण की मांग को भी मंजूर करने की घोषणा की। नितिन गडकरी ने कहा कि उनका मंत्रालय हरियाणा में 100 प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है, जिनमें से 2200 किलोमीटर की 47,000 करोड़ रुपये की 51 परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। 830 किलोमीटर की 35,000 करोड़ रुपये की 30 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। 756 किलोमीटर की 20 हजार करोड़ रुपये की 19 परियोजना अन्य परियोजनाएं हैं, जिनमें 14 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कुछ काम टेंडर प्रक्रिया में है। उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलवाया कि दिसम्बर, 2024 तक हरियाणा में 2 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर कार्य होगा। इनसे हरियाणा की तस्वीर बदलेगी और हरियाणा की सड़कें अमेरिका के बराबर होंगी। नितिन गडकरी ने कहा कि 60 सालों में जो कांग्रेस नहीं कर सकी, उससे भी दोगुना काम केवल 10 साल में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने करके दिखाये हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मेरा मानना है कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र सरकार के अगर सबसे अच्छे कामों के बारे में बात की जाए, तो उसमें एक बात यह होगी कि रिक्शा चलाने वाले एक करोड़ लोगों को बड़ी राहत देते हुए हमने उन्हें ई-रिक्शा दिया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, सांसद रमेश कौशिक, विधायक मोहन लाल बड़ौली निर्मल चौधरी, महिपाल ढांडा, कृष्ण मिड्ढा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।